आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
* चंद्रशेखर आजाद जयंती
* गुप्त नवरात्र समाप्त”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 188 | उज्जैन, गुरुवार 23 जुलाई, 2026 | आषाढ़ शुक्ल 9 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### ललित मोदी 16 साल बाद भारत लौटेंगे, ईडी का जुर्माना रद्द

**नई दिल्ली।** आईपीएल के संस्थापक ललित मोदी 16 साल बाद भारत लौटने की तैयारी में हैं। एक अपीलीय ट्रिब्यूनल ने 16 जुलाई को आईपीएल 2009 के दक्षिण अफ्रीका आयोजन से जुड़े फेमा मामले में फैसला सुनाया था। इसमें मोदी को राहत देते हुए ईडी के लगाए गए जुर्माने को रद्द कर दिया था। फैसले के बाद ललित मोदी ने कहा कि अब उनकी भारत वापसी का रास्ता साफ हो गया है और वह इस साल के आखिर या अगले साल की शुरूआत में भारत लौट सकते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी अक्टूबर में बच्चे को जन्म देने वाली है, जिसके बाद वह भारत आने की योजना बना रहे हैं। यह मामला 2009 में आईपीएल को भारत से दक्षिण अफ्रीका ले जाने से जुड़ा है।

### कच्चे तेल ने बढ़ाई दुनिया की चिंता, ब्रेंट क्रूड 92 डॉलर के पार

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में एक बार फिर तेज उछाल देखने को मिला। ब्रेंट क्रूड ऑयल 92 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया, जो जून के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। तेल की कीमतों में इस तेजी के पीछे मध्य पूर्व में बढ़ता भू-राजनीतिक तनाव और तेल अपूर्ति बाधित होने की आशंका प्रमुख वजह मानी जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के कारण दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल परिवहन मार्गों में से एक स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज में जोखिम बढ़ गया है। यदि इस मार्ग से तेल की सप्लाई प्रभावित होती है तो वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की उपलब्धता कम हो सकती है, जिससे कीमतों में और तेजी आ सकती है।

### क्रूड आइल की कीमतों में लगी आग से स्टॉक मार्केट में हाहाकार

**नई दिल्ली।** स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। कच्चे तेल के दाम में तेजी और बैंक शेयरों में बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स 715 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी में 191 अंक की गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 715.06 अंक यानी 0.92 प्रतिशत टूटकर 76,755.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 828.92 अंक लुढ़क कर 76,641.19 अंक पर आ गया था। इसी तरह, पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 191.45 अंक यानी 0.79 प्रतिशत टूटकर 23,996.25 अंक पर बंद हुआ।

### मनोज मुंतशिर ने जंतर-मंतर के प्रदर्शनकारियों को देशद्रोही बताया



**मुंबई।** फिल्म 'आदिपुरुष' के डायलॉग राइटर और गीतकार मनोज मुंतशिर अपने एक बयान के बाद सोशल मीडिया पर लोगों के निशाने पर आ गए हैं। दिल्ली में नीट पेपर लीक और छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में जंतर-मंतर पर चल रहे प्रदर्शन को लेकर मनोज मुंतशिर ने एक इंटरव्यू में प्रदर्शनकारियों को 'देशद्रोही' बता दिया। उन्होंने कहा कि वे पूरी जिम्मेदारी के साथ यह बात कह रहे हैं और वे कभी जंतर-मंतर नहीं जाएंगे। हालांकि, इसी इंटरव्यू में उन्होंने नीट पेपर लीक मामले पर सरकार और प्रशासन की नाकामी पर सवाल उठाते हुए युवाओं का समर्थन भी किया था। जंतर-मंतर के प्रदर्शन पर क्या बोले मनोज मुंतशिर 'टाइम्स नाउ नवभारत' के साथ बातचीत में 50 साल के गीतकार मनोज मुंतशिर ने साफ किया कि वे कभी जंतर-मंतर नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा, मैं जंतर-मंतर इसलिए नहीं जाऊंगा क्योंकि इस वक्त वहां का प्रतिनिधित्व करने वाले लोग ऐसे नहीं हैं, जिनके साथ खड़े होकर मुझे अच्छा लगे। उन्होंने आगे कहा कि वे भाषण सुन रहे हैं और वहां आने वाले लोगों को देख रहे हैं। वहां 'भारत तेरे टुकड़े होंगे' और 'कश्मीर भारत का हिस्सा नहीं है' जैसी बातें करने वाले लोग आ रहे हैं।

### झटपट खबरें

- मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने अनुराग जैन (आईएएस, मध्य प्रदेश कैडर, 1989 बैच) की मुख्य सचिव, नीति आयोग के पद पर नियुक्ति को मंजूरी प्रदान की है।
- संसद के मानसून सत्र में छात्र आंदोलन और नीट पेपर लीक के मुद्दे पर हंगामा। प्रधानमंत्री ने सख्त कार्रवाई की बात दोहराई है।
- राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने छात्र प्रदर्शन के समर्थन में प्रधानमंत्री आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।
- मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों में भारी बारिश का अल र्ट जारी किया है।
- सिक्किम में टन ल हादसे के बाद रेस्क्यू अभियान जारी है।
- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका ने ईरान पर नए हमले किए हैं, जिससे पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ गया है।
- अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा पर नए शुल्क की घोषणा की है, जिससे व्यापारिक तनाव बढ़ा है।
- चीन ने दक्षिण चीन सागर विवाद पर फिलीपींस के राज दूत को तलब किया।
- सिंगापुर में हीरा चोरी के मामले में एक भारतीय नागरिक को जेल हुई है।
- लाल सागर में सुरक्षा चिंताओं के कारण कुछ सऊ दी तेल टैंकरों के मार्ग में बदलाव किया गया है, और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर नजर बनी हुई है।

राहुल गांधी ने दिल्ली के इंदिरा भवन में छात्रों के खिलाफ लाठीचार्ज पर करीब 40 मिनट प्रेस कॉन्फ्रेंस की

# मुझे घसीटा तो मुंह से खून आया, दो-तीन पंच लगे, लेकिन प्रधान को जाना होगा

### पुलिसवालों ने मेरे कान में कहा सरकार को हटाइए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राहुल गांधी ने दिल्ली के इंदिरा भवन में छात्रों के खिलाफ लाठीचार्ज पर करीब 40 मिनट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने सबसे पहले अपने प्रेजेंटेशन में 20 जुलाई को कॉकरोच जनता पार्टी के संसद चलो मार्च में शामिल छात्रों के वीडियो चलाए। राहुल कहा कि सुरक्षाबलों ने छात्रों को बुरी तरह पीटा। ऐसा क्यों किया गया। नीट पेपर लीक से देश के 7.5 करोड़ स्टूडेंट्स और उनके परिवार इस घटना से प्रभावित हुए हैं। नीट मामले में किसी को भी सजा नहीं हुई। राहुल ने कहा- जब पुलिसवाले मुझे हटाने आए तो उन्होंने मेरे कान में कहा सरकार को हटाइए। मुझे घसीटा तो मुंह से खून आया, दो-तीन पंच लगे, लेकिन धर्मेंद्र प्रधान को जाना होगा।



### कॉकरोच जनता पार्टी का इंस्टाग्राम हैंडल बैन, कुछ देर बाद हुआ शुरू



कॉकरोच जनता पार्टी का इंस्टाग्राम हैंडल बैन कर दिया गया है। अभिजीत दीपके ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया है। एक्स पर पोस्ट करते हुए अभिजीत दीपके ने लिखा कि नरेंद्र मोदी ने कॉकरोच जनता पार्टी का इंस्टाग्राम अकाउंट बंद करवा दिया है। हालांकि कुछ देर बाद ही इंस्टाग्राम अकाउंट फिर से शुरू हो गया। फिलहाल सुचारू रूप से काम कर रहा है।

### राहुल ने वीडियो में क्या दिखाया

- **महिलाओं के साथ बर्बरता:** महिलाओं के साथ पुलिस बदसलूकी करते दिख रही है। डीसीपी संदीप लांबा पर लड़की को थप्पड़ मारने के आरोप लग रहे हैं।
- **पैलेट गन का इस्तेमाल:** प्रदर्शनकारियों पर पैलेट गन का इस्तेमाल किया गया। एक छात्र के शरीर पर बंदूक के छर्रे दिखाई दिए। हालांकि, पुलिस ने पैलेट गन के इस्तेमाल के दावे को खारिज किया है।
- **घायल छात्रों की चीख-पुखार:** छात्र शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन पुलिस अचानक उन पर लाठीचार्ज कर देती है। वीडियो में दिखाया गया कि किसी छात्रों के सिर से खून बह रहा तो किसी छात्र को पुलिस घसीट रही है।
- **पेपर लीक में अभी तक कोई सजा नहीं-** राहुल की दूसरी स्लाइड पेपर लीक के आंकड़ों से जुड़ी थी। अब तक 152 से ज्यादा पेपर लीक हुए हैं। जिससे 7.5 करोड़ छात्र प्रभावित हुए लेकिन पेपर लीक करने वालों को कोई सजा नहीं मिली।
- **राहुल की 3 डिमांड, पीएम मोदी छात्रों से माफी मांगे-** राहुल ने प्रेजेंटेशन के दौरान चौथी स्लाइड दिखाई। जिसमें उन्होंने तीन डिमांड रखीं। पहली- शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें। दूसरी- छात्रों को पीटने वालों पर कार्रवाई हो। तीसरा- पीएम मोदी छात्रों से माफी मांगें।

### राज्यसभा में खड़गे बोले- प्रधान इस्तीफा दें, फिर चर्चा करेंगे

#### राहुल समेत कांग्रेस सांसद काले कपड़े पहनकर पहुंचे, हंगामे के बीच दोनों सदन कल तक स्थगित



संसद के मानसून सत्र के दौरान बुधवार को विपक्ष ने कॉकरोच जनता पार्टी के समर्थकों पर पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर हंगामा किया। हंगामे के बीच लोकसभा-राज्यसभा को गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। राज्यसभा में मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि, वे सदन में नीट पेपर लीक मामले में चर्चा तभी चाहते हैं जब शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दे दें। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने लोकसभा में कहा कि सरकार पिछले तीन दिनों से लगातार नीट पेपर लीक के मुद्दे पर चर्चा की पेशकश कर रही है। लेकिन विपक्ष मुद्दे पर राजनीति कर रहा है। राहुल गांधी समेत अन्य विपक्षी सांसद काले कपड़े पहनकर संसद पहुंचे। विपक्षी पार्टियां 20 जुलाई के संसद मार्च के दौरान छात्रों पर पुलिस कार्रवाई, पेपर लीक का विरोध कर रही हैं।

पारस डिफेंस एंड स्पेस टेक्नोलॉजीज प्रदेश में लगाएगी 6,200 करोड़ की सेमीकंडक्टर यूनिट

# 2,500 से ज्यादा युवाओं को मिलेगा रोजगार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में सेमीकंडक्टर उद्योग को बड़ा निवेश मिलने जा रहा है। पारस डिफेंस एंड स्पेस टेक्नोलॉजीज ने राज्य में 6,200 करोड़ रुपये के निवेश और 2,500 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित करने की योजना का ऐलान किया है, जिसके लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

मध्यप्रदेश में सेमीकंडक्टर उद्योग को बड़ा निवेश मिलने जा रहा है। रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र की अग्रणी कंपनी पारस डिफेंस एंड स्पेस टेक्नोलॉजीज लिमिटेड राज्य में करीब 6,200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी की प्रस्तावित परियोजना से 2,500 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। इस संबंध में कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर मंजुल शरद शाह ने मंगलवार को विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवेशकों का स्वागत करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध करा रहा है और सरकार निवेशकों को हरसंभव सहयोग देगी। इस अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग और पारस डिफेंस के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर भी किए गए।



- **सेमीकंडक्टर नीति से प्रभावित हुई कंपनी-** प्रमुख सचिव, औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन राघवेंद्र कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को बताया कि राज्य की नई सेमीकंडक्टर नीति से प्रभावित होकर कंपनी ने मध्यप्रदेश में अपनी यूनिट स्थापित करने का निर्णय लिया है। कंपनी ने परियोजना के लिए भूमि का प्रारंभिक चयन भी कर लिया है और जल्द ही भूमि आवंटन का औपचारिक प्रस्ताव सरकार को सौंपेगी।
- **उज्जैन के डीएमआईसी क्षेत्र में लग सकती है यूनिट-** कंपनी की योजना विश्वस्तरीय ओएसएटी आउटसोर्स सेमीकंडकर असमेंली एंड टेस्ट इकाई स्थापित करने की है। इसके लिए लगभग 50 एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी। एमपीआईडीसी ने कंपनी को डीएमआईसी विक्रम उद्योगपुरी लिमिटेड, उज्जैन (फेज-2) में करीब 40 एकड़ भूमि दिखाई है। कंपनी के अधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण कर इसे परियोजना के लिए उपयुक्त माना है।

### रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र की प्रमुख कंपनी

पारस डिफेंस एंड स्पेस टेक्नोलॉजीज लिमिटेड देश की प्रमुख रक्षा एवं अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कंपनियों में शामिल है। कंपनी रक्षा, अंतरिक्ष और एयरोस्पेस क्षेत्र के लिए अत्याधुनिक तकनीक और उपकरण विकसित करती है। इसके उत्पादों में ऑप्टिक्स एवं ऑप्ट्रॉनिक्स सिस्टम, डिफेंस इलेक्ट्रॉनिक्स, एंटी-ड्रोन सिस्टम, आरएफ एवं माइक्रोवेव सिस्टम, स्पेस टेक्नोलॉजी, क्वांटम टेक्नोलॉजी और हाई-प्रिसिजन इंजीनियरिंग समाधान शामिल हैं। कंपनी के विनिर्माण संयंत्र महाराष्ट्र, कर्नाटक और तेलंगाना में संचालित हैं। यह रक्षा मंत्रालय, डीआरडीओ, इसरो और अन्य राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को तकनीकी समाधान उपलब्ध कराती है। कंपनी भारतीय शेयर बाजार के एनएसई और बीएसई में सूचीबद्ध है और रक्षा क्षेत्र में चार दशक से अधिक का अनुभव रखती है।

काली पट्टी बांधकर विधानसभा पहुंचे कांग्रेस विधायक

## सदन में चर्चा के बाद 3 बिल पास

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन सदन के भीतर और बाहर जबरदस्त सियासी ड्रामा देखने को मिला। दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के साथ हुई मारपीट और कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार समेत कांग्रेस विधायक काली पट्टी बांधकर पहुंचे। स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा न मिलने से नाराज विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी।

### ये हुए बिल पास

- भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) संशोधन विधेयक
- मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय स्थापना एवं संचालन (संशोधन) विधेयक-2026
- मध्य प्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज (संशोधन) विधेयक-2026

**दिल्ली लाठीचार्ज पर घमासान:** नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने जंतर-मंतर की घटना पर चर्चा की मांग की। मंत्री राकेश सिंह ने इसे 'राज्य के बाहर का मुद्दा' बताते हुए खारिज कर दिया।

**केन-बेतवा विस्थापन पर सीएम का आश्वासन:** मुआवजे में गड़बड़ी के आरोपों पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूरे मामले की दोबारा जांच कराने का भरोसा दिया।

**प्राइवेट यूनिवर्सिटी बिल पर तकरार:** 25 एकड़ जमीन और 5 करोड़ एफडी की शर्त हटाने पर कांग्रेस विधायक महेश परमार ने इसे 'काली नीति' बताया। शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि छात्रों के हित पूरी तरह सुरक्षित हैं।

**चंबल सिंचाई प्रोजेक्ट पर तीखे बाण:** कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल ने 167 करोड़ की योजना में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा- 12 हेक्टेयर में भी पानी पहुंचा हो तो इस्तीफा दे दूंगा।

**शिक्षकों की ई-अटेंडेंस पर सफाई:** स्कूल शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने बताया कि 95.9% शिक्षक ऑनलाइन हाजिरी लगा रहे हैं और डेटा सुरक्षा के कड़े इंतजाम हैं।

## राममंदिर ट्रस्ट ने 5 संतों को सौंपा धार्मिक काम

इसके अध्यक्ष होंगे गोविंद देव गिरि, सीईओ की नियुक्ति लटकी

एजेंसी ▸▸ अयोध्या

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक खत्म हो गई। अभी स्थाई महासचिव और सीईओ के चयन पर कोई सहमति नहीं बन पाई है। चंद्रमोहन ही अभी कार्यवाहक महासचिव रहेंगे। अगली बैठक 2 सितंबर को होगी। उसी में नए महासचिव और सीईओ के नामों का ऐलान किया जाएगा।

5 संतों को राम मंदिर का धार्मिक कार्यभार सौंपा गया है। ट्रस्ट कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि को धार्मिक समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। प्रवक्ता और सचिव की भी नियुक्ति होगी। महासचिव पद के लिए अभी विश्व हिंदू परिषद के महासचिव बजरंग लाल बांगड़ा का नाम सबसे आगे है। वे बैठक में भी शामिल हुए। चढ़ावा चोरी के बाद मंगलवार को यह दूसरी बैठक थी, जो दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक चली। यह बैठक ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास की स्वामी मणि राम दास महाराज छावनी में थी। राम मंदिर की व्यवस्थाएं संभालने के लिए नए चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर के चयन की प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है।



## सऊदी अरब पहुंचे एनएसए डोभाल

एजेंसी ▸▸ रियाद

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल सऊदी अरब के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने विदेश मंत्री शहजादे फैसल बिन फरहान से मुलाकात की। इस मुलाकात में उन्होंने ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने और समुद्री मार्गों की सुरक्षा सहित क्षेत्रीय स्थिति पर चर्चा की। डोभाल की यह यात्रा ऐसे समय हुई है जब पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर है। अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य पहले से ही बंद है और अब हूतियों ने सऊदी अरब की नौसैनिक घेराबंदी कर दी है।

अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा में तैनात हेड कॉन्स्टेबल की मौत

# कश्मीर के अनंतनाग में आतंकी हमला

### लश्कर से जुड़े आतंकी संगठन ने जिम्मेदारी ली

एजेंसी ▸▸ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग के लाल चौक इलाके में बुधवार को आतंकियों ने पुलिस पर हमला किया। इसमें हेड कॉन्स्टेबल (35 साल) की मौत हो गई। अधिकारियों के मुताबिक दोपहर करीब 12.30 बजे आतंकियों ने अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों पर अचानक फायरिंग की।



सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद दोनों तरफ से गोलियां चलीं। इस दौरान हेड कॉन्स्टेबल आशिक हुसैन कुरैशी जख्मी हो गए। उन्हें तुरंत सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

हमले के बाद आतंकी भाग गए। लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने हमले की जिम्मेदारी ली है। जिस जगह फायरिंग हुई, वह शहर का मुख्य बाजार है। यहां आम दिनों में भी काफी भीड़ रहती है। घटना के तुरंत बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे लाल चौक और आसपास के इलाके की घेराबंदी कर दी।

## कांगो में इबोला वायरस से मृतकों की संख्या 999 पहुंची

एजेंसी ▸▸ कांगो

कांगो में इबोला वायरस का प्रकोप लगातार गंभीर होता जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस प्रकोप में अब तक कम से कम 999 लोगों की मौत हो चुकी है। इसे पहले ही इतिहास का सबसे तेजी से फैलने वाला इबोला प्रकोप घोषित किया जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक सोमवार तक इस प्रकोप के 2,473 मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें 999 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कम से कम 737 मरीज फिलहाल आइसोलेशन केंद्रों और अस्पतालों में भर्ती हैं।

## पहली तिमाही में बीपीसीएल को 3,962 करोड़ का घाटा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत पेट्रोलियम ने 22 जुलाई को जून तिमाही के नतीजे जारी किए। इस तिमाही में कंपनी को 3,962 करोड़ रु. का घाटा हुआ है। पिछले साल की इसी तिमाही में 6,124 करोड़ रु. का मुनाफा हुआ था। वहीं मार्च तिमाही में 3,191 करोड़ रु. का मुनाफा हुआ था।

बीपीसीएल का रेवेन्यू 1.59 लाख करोड़ रु. रहा। यह पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 23% ज्यादा है। तब कंपनी का 1.29 लाख करोड़ रु. का रेवेन्यू रहा था। तिमाही दर तिमाही आधार पर देखें तो मार्च तिमाही के 1.35 लाख करोड़ रु. के मुकाबले रेवेन्यू में 18% बढ़ा है। 28 फरवरी को शुरू हुई अमेरिकी ईरान जंग की वजह से कच्चे तेल के दाम 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गए थे।

मध्यप्रदेश-राजस्थान समेत 5 राज्यों में बारिश का अलर्ट


# जम्मू-कश्मीर में बाढ़, तीन दिनों में 23 मौतें

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

उत्तर भारत में बारिश का दौर जारी है। 5 राज्यों में सामान्य से भारी बारिश का अलर्ट है। राजस्थान के 4 जिलों में ऑरेंज, बाकी सभी में यलो अलर्ट है। मध्य प्रदेश के कई जिलों में 24 से 48 घंटे में भारी से अतिभारी बारिश का अलर्ट है।

उत्तर प्रदेश में 10 दिन से हो रही बारिश से नदियां उफान पर हैं। शारदा नदी खतरे के निशान के ऊपर बह रही है। किनारों पर बसे गांवों में पानी घुस गया है। हालात ऐसे हैं कि सड़कों और खेतों में मगरमच्छ दौड़ते दिखाई दे रहे हैं। उधर, जम्मू-कश्मीर के पुंछ, राजौरी और डोडा जिलों में 19 जुलाई से बारिश जारी है। इसके चलते नदियां उफान पर हैं। बाढ़ का पानी घरों-दुकानों में घुस गया है। तीन दिनों में 23 लोगों की मौत हो गई है। अमरनाथ, वैष्णो देवी, शिव खोड़ी और माचिल देवी यात्रा 4 दिन से रुकी हुई है।





दैनिक अवन्तिका

www.awantika.com
METROPOLITAN

उज्जैन गुरुवार 23, जुलाई 2026 | 02

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### डेड लाइन बीती

बाबा की सवारी का समय अब नजदीक आ चुका है। एक पखवाड़े से भी पूर्व बाबा का पहला नगर भ्रमण होगा। सवारी के लिए मंदिर की अपनी तैयारी है। थीम तय कर दी गई है। पूरे 6 नगर भ्रमण के दौरान हर बार अलग-अलग थीम पर सवारी निकाली जाना है। सवारी मार्ग पर कामों को गति दी जा रही है लेकिन काम हैं कि पूरे ही नहीं हो पा रहे हैं। निर्माण के कामों को हर स्तर से पूर्ण करने के प्रयास सभी कर रहे हैं, जिन आवासीय के मकानों को चौड़ीकरण के दायरे में तोड़ा गया है वे भी अपने आशियानों को संवारने में लगे हैं तो नगर की संस्था भी चौड़ीकरण मार्गों को जल्द से जल्द आवागमन की स्थिति में लाना चाहती है। रात-दिन काम करवाया जा रहा है। इसके लिए पूर्व में ही डेड लाइन 20 तारीख तय की जा चुकी थी। डेड लाइन तो निकल गई लेकिन काम हैं कि पूरे ही नहीं हुए हैं। कामगार भी काम कर करके परेशान हो गए हैं और बारिश के कारण कामों में भी गति गिरने लगी है। जिममेदारों पर बराबर दबाव बना हुआ है कि बाबा के नगर भ्रमण से पहले ही ऐसी स्थिति मार्गों पर बना दी जाए की भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं को दर्शन में दिक्कत न हो और सुविधाजनक रूप से इसे किया जा सके। इसके चलते आमजन को भी समस्या आने लगी है। आशियानों को संवारने के लिए मटेरियल तो रोड तक ही प्रारंभिक रूप से आता है। ऐसे में रोड पर भी काम जारी है उसका भी निर्माण चल रहा है और आशियानों का निर्माण भी। ऐसे में क्षेत्रीय आवासीय को कई बार दोहरी मजदूरी देकर मटेरियल को सड़क से घर के अंदर करवाना पड़ रहा है। इधर सड़क बनाने वाला ठेकेदार भी काम को गति दे-देकर चक्करघिन्नी होने लगे हैं। खुसूर-फुसूर है कि सवारी मार्गों पर चौड़ीकरण के कामों को प्रारंभिक दौर से ही पूरी गति के साथ अंजाम देना चाहिए था। शुरूआत में इसमें ठंडी गति रही और बाद में इसमें गति बढ़ाई गई उससे काम का बोझ एक दम से आया। खैर फिर भी अभी 13 दिन शेष हैं। अधिकांश कामों को इस स्तर पर कर लिया गया है कि सवारी मार्ग में ऐसा कुछ नहीं बचा है जिससे बाधक की स्थिति बने। नगर की संस्था ने सवारी मार्ग के चौड़ीकरण के भवनों की मजबूती को जांचने का काम भी करने का कहा था उसमें अब तक सामने नहीं आया है कि इसमें क्या प्रगति रही है।

## संक्षिप्त समाचार

- श्रावण में बढ़ेगा ट्रैफिक दबाव, पुलिस ने बनाया विशेष यातायात प्लान, महाकाल दर्शन और कांवड़ यात्रियों की भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात।
- कांग्रेस किस मुंह से छात्रों की बात कर रही, खुद हत्याएं कराकर अब घड़ियाली आंसू बहा रही – सुरेंद्र सांखला।
- नागदा के स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय परीक्षा केंद्र पर बी.कॉम. द्वितीय वर्ष के परिणाम में गड़बड़ी का आरोप, विद्यार्थियों ने प्रदर्शन किया।
- महाकाल सवारी में पूजन करने वाले पुजारियों के पास बनाने की मांग, कलेक्टर, एसपी एवं सीएम हाउस को सौंपा ज्ञापन।
- चैना-कुशला माता के 40वें वार्षिकोत्सव पर लखेरा समाज ने निकली भव्य शोभायात्रा, समाज की एकता एवं युवाओं को परंपरा से जोड़ने का दिया संदेश।
- अब्दलपुर स्थित राधा-कृष्ण मंदिर परिसर में लखेरा समाज द्वारा चैना-कुशला माता के 40वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर भव्य आयोजन।
- मधुकर राव बने एल्डरमैन, वार्ड 49 में विकास कार्यों को मिलेगी गति, एल्डरमैन बनने पर समर्थकों और कार्यकताओं ने स्वागत किया
- साधु-संतों और नियमित दर्शनार्थियों की सूची सार्वजनिक करने की मांग।
- ाहाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में एक रिटायर्ड बैंक कर्मचारी को वीआईपी की तरह जल चढ़ाने की अनुमति देने पर विवाद, मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष को पत्र लिखा।
- बुजुर्गों का एकाकीपन दूर करने लायंस क्लब सुरभि की नई पहल, विद्या नगर में 96 वर्षीय बुजुर्ग के घर पहुंचे सदस्य, सुने संस्मरण और किया सम्मान।
- पेंशन बढ़ाने, रोजगार देने और शहरी मल्टियों में फ्लैट आवंटन की उठी मांग, अफसरों से मुलाकात कर दिव्यांगों की समस्याएं उनके समक्ष रखीं।
- भारतीय विद्यालय में "भारतीय विज्ञान क्लब" का गठन, विद्यार्थियों में विकसित होगी वैज्ञानिक सोच।

## ट्रेंडिंग




अधिकारियों की सवारी मार्ग को लेकर चिंता बढ़ी सांस फूली

# दस दिनों में कैसे होगा काम, अधूरे पड़े सवारी मार्ग के निर्माण

## अस्थायी विकल्प का लिया जाएगा सहारा, कई स्थानों पर नाली, सड़क का अभाव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भगवान श्री महाकालेश्वर की श्रावण-भादौ मास में निकलने वाली सवारी को लेकर अधिकारियों की चिंता बढ़ गई हैं। मार्ग के कई क्षेत्रों में निर्माण कार्य की स्थिति साफ नहीं है ऐसे में यह चिंता बढ़ रही है। निर्माण से जुड़े अधिकारियों की सांस फूली हुई है तो अस्थाई विकल्पों का सहारा लेने पर भी विचार कायम है। अगले दस दिनों में सवारी निकलने का क्रम शुरू होने वाला है ऐसे में अधूरे निर्माण चिंता को बढ़ा रहे हैं।

भगवान श्री महाकालेश्वर की श्रावण-भादौ मास में प्रति सोमवार को निकलने वाली सवारी मार्ग पर निर्माणों के जारी रहने के बावजूद परंपरागत मार्ग से निकालने का निर्णय लिया गया है। सवारी मार्ग के हरसिद्धी की पाल से लेकर रामघाट तक टूटे हुए मकान और हिस्से वर्तमान में कायम हैं। यही नहीं यहां न तो पूरी तरह से नाली का निर्माण ही किया गया है न ही नए विद्युत पोल ही लगाए गए हैं। अभी सड़क निर्माण की स्थिति अस्पष्ट है। इसी मार्ग पर पाटीदार समाज की



धर्मशाला के पर्याप्त हिस्से को नगर निगम अपने अधिग्रहण में ले चुका है उसके बाद भी कुछ हिस्से को तोड़ने पर समाज ने आपत्ति ली है। यहां सिवरेज के पाइप रखकर अस्थायी योजना से नगर निगम के यंत्री काम चलाऊ व्यवस्था वर्तमान में कर सकते हैं। अगले 10 दिनों में यहां नाली, सड़क का निर्माण होना किसी भी सूरत में संभव नजर नहीं आ रहा है।

### 100 मीटर के दायरे में सर्वाधिक परेशानी

सवारी मार्ग के मुख्य क्षेत्र हरसिद्दी पाल से रामघाट जाने मार्ग पर व्यंकटेश मंदिर के सामने वाले तिराहे से रामघाट तक नाली, सड़क ध्वस्त है। यहां नई नाली के लिए खुदाई की गई थी। धर्मशालाओं एवं अन्य अधिग्रहित क्षेत्र के सामने दीवारें बनाई जा रही है। घाट तक का करीब 100 मीटर का यह हिस्सा सवारी मार्ग का प्रमुख हिस्सा है। यहां से सवारी घाट पर जाती है। उसके बाद बाहर भी इसी और से आती है। इस हिस्से में खासी समस्या की स्थिति बनी हुई है।

### पक्षपात का आरोप

पाटीदार समाज धर्मशाला के वरिष्ठ सदस्य दिनेश पाटीदार के अनुसार पूर्व में जितनी जमीन लेना थी वो दी जा चुकी है। उसके बाद एक बार फिर से तीन दिन पहले हमारे क्षेत्र में घुसकर जमीन की खुदाई शुरू कर दी गई। जबकि पास ही की धर्मशाला में जमीन लेने के बाद दिवार खडी कर दी गई। सामने की ओर बंबई वाले की धर्मशाला से जरा सी भी जमीन नहीं ली गई जबकि दोनों ओर से समान रूप से जमीन लेना चाहिए। हमने विरोध किया तो काम रोक दिया गया है सीधे तौर पर पक्षपात की स्थिति सामने आ रही है।

### अधिकारी पहुंचे मार्ग पर, देखा निर्माण

श्रावण-भादौ मास में भगवान श्री महाकालेश्वर की पारंपरिक सवारियों के सफल एवं सुचारु आयोजन की तैयारियों के तहत अध्यक्ष एवं कलेक्टर, श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति रोशन कुमार सिंह तथा श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रशासक एवं अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक ने सवारी मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मार्ग पर चल रहे निर्माण एवं मरम्मत कार्यों के साथ सड़क, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, पेयजल, सुरक्षा तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रावण-भादौ मास की सवारियों से पूर्व सभी आवश्यक कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सवारी मार्ग पर स्वच्छता, विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था, बैरिकेडिंग सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों की गुणवत्ता और समय पर पूरा करने के लिए थर्ड पार्टी क्वालिटी ऑडिट व्यवस्था

# निर्माण की गुणवत्ता का आडिट 'सेल' के हाथों में

## सर्टिफिकेट इंजीनियर्स इंटरनेशनल लिमिटेड थर्ड पार्टी क्वालिटी आडिट एजेंसी नियुक्त -संभागायुक्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों में उच्चतम गुणवत्ता, पारदर्शिता और समय पर काम पूरा करने को सुनिश्चित करने के लिए, सिंहस्थ मेला प्राधिकरण ने 'सर्टिफिकेशन इंजीनियर्स इंटरनेशनल लिमिटेड' सेल को सिंहस्थ प्रोजेक्ट्स के लिए थर्ड पार्टी क्वालिटी ऑडिट एजेंसी के तौर पर नियुक्त किया है। सेल भारत सरकार का एक उपक्रम और 'इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड' की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है।

**ये काम करेगी सेल-** संभागायुक्त एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीषसिंह के अनुसार थर्ड पार्टी क्वालिटी ऑडिट एजेंसी व्यवस्था सिंहस्थ 2028 के लिए विभिन्न विभागों और एजेंसियों द्वारा किए जा रहे स्थायी और अस्थायी इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों की स्वतंत्र गुणवत्ता आश्वासन और चरण-वार तकनीकी जांच प्रदान करेगी। ऑडिट प्रक्रिया में निर्माण की गुणवत्ता, सामग्री, कारीगरी, स्वीकृत स्पेसिफिकेशन्स और मानकों का पालन, समय-समय पर निरीक्षण, सुधारात्मक कार्यों की निगरानी और समय पर निर्णय लेने में मदद के लिए ऑडिट रिपोर्ट जमा करना शामिल होगा।



### सुरक्षा, उच्च गुणवत्ता की प्रतिबद्धता

मेला अधिकारी ने इस बात पर जोर दिया कि राज्य सरकार सिंहस्थ 2028 के दौरान उज्जैन आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सुरक्षित, टिकाऊ और उच्च गुणवत्ता वाला इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। 'थर्ड पार्टी क्वालिटी ऑडिट' की व्यवस्था इस लक्ष्य को हासिल करने में अहम भूमिका निभाएगी और साथ ही सिंहस्थ इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स के क्रियान्वयन में जनता का भरोसा भी मजबूत करेगी।

**विभाग ऑडिट के लिए तैयार रहें-** मेला अधिकारी सिंह निर्देशित किया है कि एजेंसी द्वारा कार्यों का आडिट किया जाना है इसके लिए निर्माण कार्यों से संबंधित विभाग प्रमुखों को काम वाइज प्रगति की फाइल अपडेट रखें।
**महाकाल लोक में भी आडिट किया था-** सिंह ने आगे बताया कि सेल के पास देश भर में प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स के गुणवत्ता ऑडिट और तकनीकी निरीक्षण का व्यापक अनुभव है और उसने पहले उज्जैन में 'श्री महाकाल लोक प्रोजेक्ट' का सफलतापूर्वक थर्ड पार्टी ऑडिट किया था। इसके प्रमाणित अनुभव और तकनीकी विशेषज्ञता को देखते हुए, उएक्छ को इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए चुना गया है।

### 18 हजार 400 करोड के काम शामिल

थर्ड पार्टी क्वालिटी ऑडिट कार्य में 18,400 करोड़ से अधिक अनुमानित मूल्य वाले इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स शामिल होंगे, जिनमें सड़कें, पुल, घाट, सार्वजनिक सुविधाएं, जलापूर्ति, सीवरेज, विद्युत इंफ्रास्ट्रक्चर, आवास सुविधाएं और ।÷संहस्थ 2028 के लिए आवश्यक अस्थायी इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल हैं। ऑडिट जोखिम-आधारित कार्यप्रणाली के माध्यम से किया जाएगा, जिसमें समय-समय पर निरीक्षण, गुणवत्ता सत्यापन और अनुपालन निगरानी शामिल होगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप हों और तय समय-सीमा के भीतर पूरे हों।

## सावन माह में धार्मिक आयोजनो में सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सावन माह में आने वाले लाखो श्रद्धालुओं और उनके द्वारा खाने पीने की चीजों में इस्तमाल होने वाले प्लास्टिक को नगर निगम पूरी तरह खत्म करने जा रहा है। इससे आने वाले श्रद्धालुओं को शहर में प्लास्टिक का कचरा भी नहीं दिखेगा और पर्यावरण को नुकसान नहीं होगा। इसको लेकर बुधवार को निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल ने आईईसी हेड, सुपरवाइजर एवं कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली। श



आगामी माह की कार्ययोजना पर चर्चा की उन्होंने आदेश दिए कि सावन माह में आयोजित होने वाले धार्मिक अनुष्ठानों, भंडारों एवं अन्य आयोजनों को पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त एवं स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से नगर निगम ने व्यापक तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। पटेल ने कहा कि सावन माह के दौरान शहर में योजित होने वाले सभी धार्मिक कार्यक्रम, भंडारे एवं सामुदायिक आयोजन सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त हों तथा आयोजन स्थलों पर स्वच्छता की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही शहर के सभी होटल, भोजनालय एवं अन्य प्रतिष्ठानों को भी प्लास्टिक मुक्त अभियान से जोड़ा जाएगा। जो होटल एवं प्रतिष्ठान उत्कृष्ट स्वच्छता एवं प्लास्टिक मुक्त व्यवस्था अपनाएंगे, उन्हें महापौर एवं निगम अध्यक्ष द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## उज्जैन प्रदेश में खेलों की राजधानी बनेगा



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

खेल एवं युवक कल्याण विभाग के नवागत जिला क्रीड़ा अधिकारी विजेंद्र देवड़ा का स्वस्थ संसार व्यायाम केंद्र में उज्जैन जिला बॉडीबिल्डिंग, पावरलिफ्टिंग, आर्म रैसलिंग, वेटलिफ्टिंग संगठन द्वारा गरिमा मय सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य शरीर सौष्ठव संस्था के प्रादेशिक अध्यक्ष प्रेम सिंह यादव ने की। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी विजयेंद्र देवड़ा ने कहा कि उज्जैन के समस्त खेलों का तकनीकी एवं सर्वांगीण विकास होगा। उज्जैन प्रदेश में खेलों की राजधानी बनेगा। उज्जैन का खेल विकास नवीनतम रूप में आने वाले वर्षों में खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय मार्ग प्रशस्त करेगा। इस अवसर पर विजेंद्र देवड़ा का पगड़ी, माला एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष आनंद सोलंकी, रवि मालवीय, सुजल बामने, आकाश सिंह परिहार, रिटायर्ड टीआई डीएल चौहान ने किया।

सिंहस्थ -28 में फूलों की मांग से धन की आमद होगी, कृषकों को पुष्प खेती से होगा लाभ

# उज्जैन एवं आसपास के जिलों में जमकर होगी फूलों की खेती

## नीबू, पपीता, जामफल, ककड़ी, तरबूज, खरबूज का उत्पादन किसानों को करेगा मालामाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ -28 का आयोजन में जिले के ही नहीं आसपास के कृषकों के लिए धन की वर्षा लेकर आने वाला है। अप्रैल-मई में आयोजित सिंहस्थ से पूर्व अखाड़ों की जमात उज्जैन पहुंच जाएगी। उसके उपरांत नगर में पेशवाई निकलेगी। इस दौरान फूलों की मांग जमकर होगी इस दौरान कृषकों की मेहनत पर जमकर धन वर्षा होगी। इस मांग की पूर्ति के लिए उज्जैन सहित आसपास के जिलों में कृषकों को पुष्पों की खेती के लिए योजना तय की जा रही है।

भरी गर्मी में आयोजित होने वाला सिंहस्थ कृषकों के लिए बेहतर अवसर लेकर आएगा। इस दौरान नीबू, पपीता, जामफल जैसे फलों की मांग भी जमकर रहने वाली है। पानी की पूर्ति करने वाले फलों में ककड़ी, तरबूज की भी मांग भरपूर रहेगी और ये भरी गर्मी में किसानों के लिए धन वर्षा की स्थिति लेकर आएगी।

### अभी भी खासा उत्पादन



वर्तमान में भी उज्जैन में फूलों का जमकर उत्पादन होता है। जिले के उन्हेंल, उज्जैन, खाचरौद तहसीलों में फूलों की खेती अच्छे स्तर पर की जा रही है। प्रति दिन ट्रेनों के माध्यम से टनों फूल उज्जैन से मुंबई, बडोदरा, सूरत, दिल्ली सहित देश के अलग-अलग स्थानों को भेजा जा रहा है। बारिश के दौरान यह स्थिति थोड़ी कमजोर हुई है। वर्तमान में बिजली का फूल जमकर चलन में है। खास यह है कि फूलों को परिवहन की पर्याप्त एवं समयानुकुल स्थिति होने से कृषक इसे बराबर कर रहे हैं।

सिंहस्थ-28 में फूलों को लेकर योजना अमल में लाई जा रही है। इस दौरान फूलों की मांग अपने उच्चतम स्तर पर होगी। गेंदा फसल के लिए जिले के सभी विकासखंडों में 22 क्लस्टरों में 230 ग्रामों में 4200 हेक्टेयर में खेती की जाएगी। इससे जिले के लगभग 3755 कृषक लाभांवित होंगे।

गुलाब के फूलों की फसल के लिए उज्जैन, घट्टिया, महिदपुर एवं खाचरौद विकासखण्डों में 5 क्लस्टरों में 47 ग्रामों में 240 हेक्टेयर में फसल ली जाएगी। जिले के लगभग 270 कृषक लाभांवित होंगे।

# सीवरेज परियोजना के नाम पर पूरा शहर अस्त-व्यस्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में चल रहे सीवरेज लाइन के कार्यों की धीमी गति, अव्यवस्थित कार्यप्रणाली और लापरवाही के कारण आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता ओमप्रकाश रामी ने आरोप लगाया है कि सीवरेज परियोजना के नाम पर पूरे शहर को अस्त-व्यस्त कर दिया गया है, जबकि संबंधित अधिकारी और ठेकेदार जनता की समस्याओं की अनदेखी कर रहे हैं।

ओमप्रकाश रामी ने बताया कि चरक भवन से प्रेम छाया तक सीवरेज लाइन का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। प्रेम छाया के आगे बर्फ वाले चौराहे पर जहां पाइपलाइन डाली जानी थी, वहां करीब डेढ़ माह से कार्य रुका हुआ है। पाइप नहीं डाले जाने के कारण सड़क पर चिकनी मिट्टी और कीचड़ फैल गया है, जिससे आमजन का आवागमन प्रभावित हो रहा है तथा दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है।

इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को कई बार लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। वहीं सीवरेज कार्यों के चलते पेयजल व्यवस्था भी प्रभावित हो गई है। रहवासियों के अनुसार नलों में गंदा पानी आ रहा है और पानी का दबाव इतना कम हो गया है कि केवल 4 से 6 बाल्टी पानी भरने के बाद सप्लाई बंद हो जाती है, जिससे लोगों को दैनिक आवश्यकताओं के लिए भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है।

सीवरेज परियोजना का कार्य कर रही टाटा कंपनी पूरी तरह विफल साबित हुई है। इसके बावजूद कंपनी द्वारा दूसरे नाम से पेटी कॉन्ट्रैक्टरों के माध्यम से वही कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यों में पारदर्शिता का अभाव है और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं पार्षदों को विश्वास में लिए बिना मनमाने तरीके से काम किया जा रहा है। सीवरेज कार्यों की गति इतनी धीमी है कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में महीनों तक सड़कें खुदी पड़ी रहती हैं। इससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर पेचवर्क के नाम पर कार्य 8-8 दिन, 15-15 दिन और कई बार महीनों तक अधूरा छोड़ दिया जाता है।

प्रभावशाली अधिकारियों, नेताओं और रसूखदार लोगों के क्षेत्रों में सीवरेज का कार्य प्राथमिकता के आधार पर तत्काल कराया जा रहा है, जबकि सामान्य नागरिकों के क्षेत्रों में कार्य जानबूझकर लंबित रखा जाता है। उन्होंने कहा कि ठेकेदार और संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय से चुनिंदा स्थानों पर तेजी से काम कर रहे हैं, जबकि आम जनता की समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है। कई स्थानों पर हाल ही में पाइपलाइन डालने के बाद दोबारा उसी स्थान पर सीवरेज के चेंबर बनाने के लिए खुदाई की जा रही है। इससे कार्य की गुणवत्ता, योजना और समन्वय पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं तथा सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका भी व्यक्त की जा रही है। यदि सीवरेज परियोजना का कार्य समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी तरीके से नहीं कराया गया तो आम जनता की परेशानियां और बढ़ेंगी। साथ ही प्रदेश सरकार की छवि भी प्रभावित होगी। उन्होंने नगर निगम एवं संबंधित विभाग से मांग की है कि अधूरे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा कराया जाए, पेयजल समस्या का तत्काल समाधान किया जाए तथा पूरे सीवरेज कार्य की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए।

### चरक भवन से प्रेम छाया मार्ग तक अधूरी सीवरेज लाइन से रहवासी परेशान

प्रेम छाया के आगे बर्फ वाले के चौराहे पर जहां पाइपलाइन डाली जानी थी, वहां अब तक पाइप नहीं डाले गए हैं। इसके कारण सड़क पर खुदाई के बाद चिकनी मिट्टी और कीचड़ जमा हो गया है, जिससे लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस समस्या की जानकारी संबंधित अधिकारियों को कई बार दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। वहीं पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। रहवासियों का आरोप है कि नलों में गंदा पानी आ रहा है और पानी का दबाव भी बहुत कम हो गया है। स्थिति यह है कि केवल 4 से 6 बाल्टी पानी भरने के बाद नल बंद हो जाता है, जिससे दैनिक उपयोग के लिए भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। रहवासियों ने नगर निगम और संबंधित विभाग से मांग की है कि अधूरी सीवरेज लाइन का कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए तथा पेयजल आपूर्ति की समस्या का तत्काल समाधान किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### गाद से भरे अंडरग्राउंड नाले और खुले चेंबर बने हादसों का कारण

शहर में एक ओर सीवरेज परियोजना के अधूरे और धीमी गति से चल रहे कार्यों के कारण आम नागरिक परेशान हैं, वहीं दूसरी ओर बरसात के मौसम में गाद से भरे अंडरग्राउंड नाले और खुले पड़े सीवरेज चेंबर शहरवासियों की जान के लिए खतरा बन गए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता ओमप्रकाश रामी ने आरोप लगाया कि समय रहते जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा नगर निगम आयुक्त को इस गंभीर समस्या से अवगत कराया गया था, लेकिन प्रशासन ने प्रभावी कार्रवाई नहीं की। विनोद मिल से नीचे गुजरने वाला अंडरग्राउंड नाला वर्षों से गाद और कचरे से भरा हुआ है।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका



## न्यूज ब्रीफ

### जिले में 157 पीड़ितों को 2.82 करोड़ की राहत राशि वितरित

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में गत दिवस जनजातीय कार्य विभाग द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति की तृतीय त्रैमासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बताया गया कि जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जनवरी 2026 से जुलाई 2026 की अवधि में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के 157 पीड़ितों को विभिन्न प्रकरणों में राहत योजना के तहत कुल 2 करोड़ 82 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने पुलिस विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत पात्र किसी भी पीड़ित को राहत योजना के लाभ से वंचित नहीं रहने दिया जाए।

### कलेक्टर ने ग्रामीणों को नशा मुक्ति की दिलाई शपथ

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर नागरिकों के राजस्व संबंधी कार्यों के त्वरित निराकरण हेतु राजस्व जनकल्याण शिविर के आयोजन किए जा रहे हैं। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर इंदौर जिले की खुडैल तहसील अंतर्गत ग्राम असरावद बुजुर्ग में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने स्वयं उपस्थित होकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने राजस्व शिविर में नामांतरण के 25 प्रकरण, सीमांकन के 30, बंटवारा के 3, बटांकन के 3 एवं इंद्राज दुरुस्ती का एक प्रकरण सहित कुल 62 राजस्व प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण कराया तथा हितग्राही को तत्काल राजस्व रिकॉर्ड की नकल प्रदान की गई। शिविर में आमजन एवं कृषकों के राजस्व संबंधी प्रकरणों का त्वरित निराकरण करते हुए मौके पर ही विभिन्न राजस्व सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया।

### इंदौर की सभी तहसीलों में लगातार होंगे शिविर

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर नागरिकों के राजस्व संबंधी कार्यों के त्वरित निराकरण हेतु जिले में राजस्व जनकल्याण शिविर के आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निदेर्शानुसार ग्राम निरंजनपुर तहसील जूनी इंदौर स्थित चन्द्रवंशी खाती समाज धर्मशाला में जनकल्याण राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कलेक्टर शिवम वर्मा ने स्वयं उपस्थित होकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। शिविर में आमजन एवं कृषकों के राजस्व संबंधी प्रकरणों का त्वरित निराकरण करते हुए मौके पर ही नामांकन, सीमांकन, बंटवारा, बटांकन एवं इंद्राज दुरूस्ती आदि सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया। कलेक्टर श्री वर्मा ने जनकल्याण राजस्व शिविर में मौके पर प्राप्त कुल 84 राजस्व प्रकरणों में से 34 प्रकरणों का निराकरण किया।

### 9 डेयरी एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण



**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निदेर्शानुसार प्रदेश में खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के विरुद्ध सतत एवं सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आयुक्त, खाद्य सुरक्षा मध्यप्रदेश एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, मध्यप्रदेश द्वारा दूध एवं दुग्ध उत्पादों में मिलावट की रोकथाम हेतु प्रदेशव्यापी विशेष निरीक्षण एवं सैंपलिंग अभियान संचालित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। उक्त निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में इंदौर जिले में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत डेयरी प्रतिष्ठानों, दूध एवं दुग्ध उत्पाद विक्रेताओं तथा मिठाई प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण कर खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता मानकों की जांच की जा रही है। संदिग्ध खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजे जा रहे हैं तथा आवश्यकतानुसार फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स के माध्यम से मौके पर ही प्रारंभिक जांच भी की जा रही है।

### शहीद चंद्रशेखर आजाद जन्मजयंती समारोह का होगा आयोजन

**इंदौर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाए जाने के उपलक्ष्य में प्रदेश के सभी जिलों में बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आलीराजपुर जिले के चंद्रशेखर आजाद नगर में उनकी 120वीं जन्म जयंती के अवसर पर कृषि उपज मंडी में 23 जुलाई 2026 को बलराम कृषि महोत्सव, अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद जन्मजयंती समारोह एवं इंफ्लूएंसर्स संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ.यादव चंद्रशेखर आजाद नगर में अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जन्मस्थली आजाद कुटिया पहुंच कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन करेंगे। मुख्य कार्यक्रम स्थल कृषि मंडी पहुंच कर बलराम कृषि महोत्सव में जिले के प्रगतिशील किसानों से संवाद भी करेंगे।

### नवाचार से राजस्व सेवाएं हुई और अधिक सरल व त्वरित

इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर तहसील देपालपुर के राजस्व वृत्त गौतमपुरा में राजस्व शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कलेक्टर श्री वर्मा ने स्वयं उपस्थित होकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा नामांकन, सीमांकन, बंटवारा, बटांकन एवं इंद्राज दुरूस्ती आदि राजस्व संबंधी प्रकरणों का त्वरित निराकरण मौके पर ही विभिन्न राजस्व सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिविर में 40 नामांतरण, 4 बंटवारा तथा 4 नक्शा तरमीम प्रकरणों में तत्काल आदेश पारित किए गए। इन आदेशों का राजस्व अभिलेखों में तत्काल अमल कर संबंधित कृषकों को आदेश एवं खसरे की प्रमाणित प्रतियां भी मौके पर ही उपलब्ध कराई गईं। इसके अलावा 21 सीमांकन प्रकरणों और एक रास्ता विवाद का भी सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। ग्राम छड़ोदा निवासी रतन सिंह द्वारा कृषि भूमि तक पहुंचने के मार्ग में अवरोध संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया था।


---

श्रावण से शुरू होगा हर भक्त का रिकॉर्ड

## उज्जैन में बनेगा देश का सबसे बड़ा तीर्थ डेटा बेस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बाबा श्री महाकाल की नगरी में इस श्रावण से ही सिंहस्थ-2028 की नींव रख दी जाएगी। अब उज्जैन आने वाला हर श्रद्धालु प्रशासन के रडार पर रहेगा। वह किस शहर से आया, किस साधन से पहुंचा, शहर में कहां-कहां गया और कितनी देर रुका। इसका पूरा डेटा बेस तैयार किया जाएगा। उज्जैन स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि यह सर्वे केवल आंकड़े जुटाने के लिए नहीं, बल्कि सिंहस्थ-2028 की मास्टर प्लानिंग का वैज्ञानिक आधार बनेगा।



बताया जाता है कि सर्वे का मकसद सिर्फ वाहनों की गिनती करना नहीं है। प्रशासन यह जानना चाहता है कि श्रद्धालु किस राज्य-जिले से आ रहे हैं, कौन से मार्ग सबसे ज्यादा इस्तेमाल हो रहे हैं, शहर में पार्किंग की वास्तविक जरूरत क्या है और भीड़ किन स्थानों पर सबसे ज्यादा है। इसी रिपोर्ट के आधार पर आगे ट्रैफिक डायवर्जन, नई पार्किंग, सार्वजनिक परिवहन, सड़क चौड़ीकरण और भीड़ प्रबंधन की योजना बनेगी।

#### तीन दिन में शुरू करना होगा काम

स्मार्ट सिटी द्वारा जारी निविदा के अनुसार चयनित एजेंसी को अनुबंध मिलने के 3 दिन के भीतर सर्वे शुरू करना होगा। काम में देरी पर हर सप्ताह पांच प्रतिशत तक जुमार्ना लगेगा। लगातार लापरवाही पर अनुबंध भी निरस्त किया जा सकेगा। अंतिम भुगतान सभी रिपोर्ट और प्रस्तुतीकरण के बाद ही होगा।

#### आंकड़ों पर एक नजर

9 प्रवेश-निकास मार्गों पर ट्रैफिक अध्ययन, 10 प्रमुख चौराहों पर भीड़ सर्वे, 4 प्रमुख मंदिर, 4 रेलवे स्टेशन, 2 बस स्टैंड और सभी पार्किंग पर श्रद्धालु इंटरव्यू, तैयार रिपोर्ट बनेगी सिंहस्थ-2028 की ट्रैफिक और भीड़ प्रबंधन योजना का आधार

#### चार चरणों में होगा सर्वे

**पहला चरण** - ट्रैफिक सर्वे: शहर के 9 प्रवेश और निकास मार्गों पर वीडियो के जरिए वाहनों की गिनती होगी। 7 प्रमुख मार्गों पर लगातार 7 दिन और 2 मार्गों पर 3 दिन तक सर्वे चलेगा।

**दूसरा चरण** - ओरिजिन डेस्टिनेशन सर्वे: 7 स्थानों पर 48 घंटे तक यह पता किया जाएगा कि वाहन कहां से आए और किस दिशा में गए।

**तीसरा चरण** - चौराहा सर्वे: शहर के 10 प्रमुख चौराहों पर वाहनों और पैदल यात्रियों की आवाजाही का अलग से अध्ययन होगा।

**चौथा चरण** - श्रद्धालु सर्वे: यह सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। महाकाल, हरसिद्धि, कालभैरव, मंगलनाथ मंदिरों के अलावा उज्जैन जंक्शन, विक्रम नगर, पिंगलेश्वर, नायखेड़ी रेलवे स्टेशन और नानाखेड़ा, देवासगेट बस स्टैंड पर टीमें श्रद्धालुओं से सीधे बात कर जानकारी जुटाएंगी।

---

## कोर्ट से लौट रहे किसान को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी, इलाज के दौरान मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के रीगल ब्रिज पर मंगलवार शाम हुए सड़क हादसे में एक किसान की मौत हो गई। वह कोर्ट में पेशी के बाद पैदल बस स्टैंड की ओर जा रहे थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां देर रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। छोटी ग्वालटोली थाना पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान इलियास (48) पुत्र अब्दुल रज्जाक निवासी काजी पलासिया खुडेल के रूप में हुई है। टक्कर के बाद इलियास गंभीर रूप से घायल होकर काफी देर तक सड़क पर पड़े रहे। बाद में राहगीरों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया।

अस्पताल प्रशासन ने उनके परिजनों से संपर्क किया, तब पता चला कि इलियास किसी मामले में कोर्ट में पेशी के लिए इंदौर आए थे। काम पूरा होने के बाद वह पैदल बस स्टैंड की ओर जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया।परिजनों ने बताया कि इलियास किसान थे। उनके परिवार में एक बेटा, छह बेटियां और पांच भाई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है।

---

मन्नत गार्डन से रेलवे लाईन के नीचे से सीधे जमीन के नीचे से उर्दु स्कूल के पास निकलेगी

## सिंहस्थ 2028 में श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण रहेगी महाकाल जाने वाली 630 मीटर लंबी सुरंग

### 20 मीटर चौडी,करीब 7 मीटर जमीन के अंदर रहेगी,श्रद्धालु वाहन के साथ भी जा सकेंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 में भगवान श्री महाकाल के दर्शन के लिए बनाई जा रही 630 मीटर सुरंग (अंडर पास )श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण बनने वाली है। इसमें हवा के लिए बकायदा स्थान दिए रहेंगे। इसमें पैदल ही नहीं वाहन के साथ भी श्रद्धालु जा सकेंगे। मन्नत गार्डन हरी फाटक ब्रिज के पास से यह मंदिर से मात्र 100 मीटर की दूरी उर्दु स्कूल तक रहेगी। वाहनों को पास की ही स्मार्ट पार्किंग में श्रद्धालु पार्क कर सकेंगे।

संभावित 30 करोड श्रद्धालुओं को लेकर की जा रही व्यवस्था में भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन को लेकर और सुविधाजनक स्थितियां बनाई जा रही है। इसके लिए धरातल के करीब 7 मीटर नीचे 630 मीटर की सुरंग का निर्माण हरिफाटक ब्रिज के पास से वर्तमान उर्दु स्कूल तक किया जा रहा है। यह स्थल श्री महाकाल मंदिर से मात्र 100 मीटर की दूरी पर रहेगा। सुरंग के मध्य में रेलवे लाईन के नीचे 50 मीटर का निर्माण रेलवे ही करेगा।

लोकनिर्माण विभाग सिंहस्थ डिविजन के कार्यपालन यंत्री अवनिंद्रसिंह के अनुसार भूअर्जन के साथ रेलवे और हमारे निर्माण में इस कार्य पर 92 करोड के लगभग का खर्च आएगा। अभी 180 मीटर के लगभग इस कार्य का फाउंडेंशन,वाल,रूफींग कार्य अंजाम दे रहे हैं। जून-2027 में इसे पूर्ण किया जाना है। इस पूरे अंडर पास में वेंटीलेशन भी बराबर रहेंगे।

**श्रद्धालुओं ने लिए नया अनुभव**-सिंहस्थ 2028 से पूर्व श्री महाकालेश्वर मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को अंडरपास से मंदिर जाने का अनुभव होने वाला है। जमीन के नीचे 630 मीटर लंबे और 20 मीटर चौडे रास्ते से निकलना श्रद्धालुओं के लिए – एकदम नया अनुभव होगा। इसके साथ ही यह आकर्षण भी रहेगा।

**कुछ ऐसी रहेगी-** चौडाई 20 मीटर, जमीन से गहराई– करीब 7 मीटर, रेलवे क्षेत्र–50 मीटर, कुल लागत–लगभग 92 करोड

---

## गैस पाइपलाइन हादसे में पार्षद बालमुकुंद सहित अब 5 आरोपी

### वार्ड में होने वाले हर काम की नैतिक जिम्मेदारी पार्षद की- नेता प्रतिपक्ष

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

विजय नगर स्थित अवंतिका गैस पाइपलाइन विस्फोट मामले की जांच लगातार आगे बढ़ रही है। मंगलवार को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में हुई सुनवाई के दौरान विजय नगर एसीपी पराग सैनी न्यायालय में उपस्थित हुए और अब तक की जांच की विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत की।

न्यायालय को बताया गया कि इस मामले में अब तक पांच लोगों को आरोपी बनाया जा चुका है। इनमें मैथ्यू, धर्मेंद्र लोधी, कपिल शर्मा, बालमुकुंद सोनी और राजेश चाचरा शामिल हैं। घटना वाले दिन ही पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। विवेचना के दौरान मिले साक्ष्यों और दस्तावेजों के आधार पर पहले तीन आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसके बाद हाल ही में क्षेत्रीय पार्षद बालमुकुंद सोनी और राजेश चाचरा को भी आरोपी बनाया गया। अब इस बहुचर्चित मामले में आरोपियों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है।

#### हाईकोर्ट ने मांगी जांच की पूरी प्रगति

सुनवाई के दौरान एसीपी पराग सैनी ने न्यायालय के समक्ष अब तक की विवेचना, दर्ज प्रकरण, आरोपियों के नाम तथा जांच की वर्तमान स्थिति का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने जांच की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट तलब की थी। मंगलवार को उसी के अनुपालन में पूरी रिपोर्ट न्यायालय के समक्ष पेश की गई। सुनवाई के दौरान अदालत ने हादसे में झुलसे पीड़ितों को अंतरिम मुआवजा देने की प्रक्रिया पर भी राज्य शासन से जवाब मांगा। साथ ही हादसे में प्रयुक्त बोरिंग मशीन और अन्य साक्ष्यों के संबंध में भी जानकारी प्रस्तुत की गई।

**जिम्मेदारी तय करने पर अब राजनीतिक बहस**- पार्षद बालमुकुंद सोनी पर प्रकरण दर्ज होने के बाद इस मामले ने राजनीतिक रंग भी ले लिया है। एक ओर पार्षद स्वयं को निर्दोष बताते हुए प्रशासनिक अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठा रहे हैं, वहीं विपक्ष का कहना है कि वार्ड में होने वाले कार्यों की जानकारी और जवाबदेही से जनप्रतिनिधि अलग नहीं हो सकते। पार्षद बालमुकुंद सोनी ने कहा मैं आज भी यही कह रहा हूं कि जिस दिन यह कार्य होना था, उसके एक दिन पहले अधिकारी टीना सिसोदिया स्वयं मौके पर मौजूद थीं।

---

छत्रपति नगर स्थित आदिनाथ जिनालय, दालाल बाग में होगा वर्षायोग

## चातुर्मास में विराजेंगे राष्ट्रसंत सुधासागर महाराज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

सर सेठ हुकुमचंद जी एवं लोकमाता देवी अहिल्याबाई की धर्म नगरी इंदौर के लिए सौभाग्य का क्षण आया है। वंदनीय, राष्ट्र संत, तीर्थचक्रवर्ती, निर्यापक श्रमण मुनिपुंगव 108 श्री सुधासागर जी महाराज ससंघ* का वर्ष 2026 का पावन वषायोग चातुर्मास तीर्थ स्वरूप आदिनाथ जिनालय, छत्रपति नगर स्थित दालाल बाग, इंदौर (म.प्र.) में होना सुनिश्चित हुआ है।यह जानकारी धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने देते हुए इस घोषणा को इंदौर नगरी के लिए अत्यंत गौरव, श्रद्धा एवं आध्यात्मिक सौभाग्य का अवसर बताया। उन्होंने कहा कि पूज्य गुरुदेव के चातुर्मास से इंदौर की धरा धन्य होगी। यहाँ की हवाओं में धर्म की सुगंध बहेगी और श्रद्धालुओं को आत्मकल्याण का अनुपम मार्गदर्शन प्राप्त होगा। भारत वर्षीय जैन समाज से आह्वान करते हुए दद्दू ने समस्त धर्मप्रेमी समाजजनों से विनम्र अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गुरुदेव के मंगल सान्निध्य, दिव्य प्रवचनों एवं आत्मकल्याणकारी मार्गदर्शन का लाभ अर्जित करें।उन्होंने कहा कि जब ऐसे तपस्वी संत किसी नगरी में विराजते हैं तो वह स्थान स्वयं तीर्थ बन जाता है। गुरुवर के चरण जहाँ पड़ते हैं, वहाँ धर्म की गंगा प्रवाहित होती है।

### दुकान में तोड़फोड़, कर्मचारी से मारपीट

**रतलाम।** शराब दुकान से फ्री में शराब देने के लिए दुकान के कर्मचारियों के साथ तीन लोगों ने मारपीट की। दुकान के अंदर तोड़फोड़ कर सामान बिखेर दिया। मारपीट का सीसीटीवी भी सामने आया है। गांव के ही तीन लोग शराब दुकान पर शाम 7 बजे थे। क्षेत्र में दुकान चलाने के नाम पर हर माह रुपए देने की मांग की।

## आत्मविश्वास है सफलता का मूल मंत्र

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आत्मविश्वास पूर्णता से भी अधिक महत्वपूर्ण है। जीवन में आने वाली असफलताओं और चुनौतियों का निडर होकर सामना करते हुए मेहनत व लगन से काम करते रहना ही सफलता का असली मूल मंत्र है। यह प्रेरक संदेश पद्मश्री डॉ. शुभा अयंगर ने सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में आयोजित तृतीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एवं संकाय विकास कार्यक्रम के भव्य उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में दिया। डॉ. अयंगर ने अपने शोध कार्यों के साथ-साथ भारत की पहली स्वदेशी 'रनवे दृश्यता मापक प्रणाली (दृष्टि)' के विकास की यात्रा को विद्यार्थियों और युवा शोधार्थियों के साथ साझा किया। शिक्षा रटने तक सीमित न रहे, समस्या-समाधान का केंद्र बन : कुलगुरु कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उच्च शिक्षा में नवाचार, व्यावहारिक अनुभव और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की अनिवार्यता पर जोर दिया।

### न्यायालयीन प्रकरणों निराकरण में इंदौर आगे

**इंदौर।** संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में संभागायुक्त कार्यालय में अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के अंतर्गत राहत योजना को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। संभागायुक्त द्वारा न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा के दौरान पाया कि इंदौर झोन का दोषसिद्धी 69 प्रतिशत है।

## विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर एवं पूर्व विधायक मुरली मोरवाल जी के निदेर्शानुसार, बड़नगर के ऐतिहासिक गांधी चौक पर कांग्रेस सेवादल, किसान कांग्रेस, युवा कांग्रेस तथा समस्त कांग्रेस संगठन द्वारा एकदिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया, साथ जी गांधी चौक से सराफा बाजार, नकली चौराहा, सिकंदर मार्केट से पैदल मार्च निकाल कर धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर पूर्व युवा कांग्रेस जिला ग्रामीण अध्यक्ष करण मोरवाल ने उपस्थित जनसमुदाय एवं कार्यकताओं को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की दमनकारी नीतियों की उग्र निंदा की और अपने ओजस्वी उद्बोधन में स्पष्ट कहा कि जंतर-मंतर पर उठी जन-आवाज को दबाने की कोशिश से कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता डरने वाला नहीं है, तथा राहुल गांधी जी जिस निडरता एवं निष्ठा से जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं, बड़नगर का समस्त कांग्रेस परिवार उस संघर्ष में उनके साथ बड़नगर से लेकर दिल्ली तक कंधे से कंधा मिलाकर पूरी मजबूती से खड़ा रहेगा।

इस अवसर पर ब्लॉक सेवादल अध्यक्ष निलेश शर्मा, शहर सेवादल अध्यक्ष वानिश राज कटारिया, बार एसोसिएशन अध्यक्ष करण राठौड़, किसान कांग्रेस शहर अध्यक्ष दिनेश पटेल, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गजेन्द्र यादव, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामलाल माली, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण बिलाला, पार्षद पति फकीर मोहम्मद, कोमी एकता प्रदेश सचिव उमाशंकर मेहता, राजकुमार नाहर, पूर्व शहर सेवादल अध्यक्ष वासिफ काजी, अमित जाट, मंडलम अध्यक्ष राकेश संघवी, पूर्व पार्षद शकील अहमद, राजू सोलंकी, सैफुद्दीन बादशाह, प्रमोद गादिया, रितेश गुजराती, मुकेश देवड़ा, पवन प्रजापत, सकलेन शेख, सर्फूद्दीन, संतोष सोनी, राहुल मालवीय, आदि उपस्थित हुए उक्त जानकारी शहर सेवादल अध्यक्ष वानिश राज कटारिया ने दी।



## न्यूज कालम



## विवाद नहीं, संवाद" से मिलता है सुलभ और त्वरित न्याय: न्यायाधीश

**सनावद।** मानवीय रिश्तों को मजबूत करने और लंबी अदालती प्रक्रियाओं से बचने के उद्देश्य से सोमवार को सनावद न्यायालय परिसर में "मध्यस्थता" विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंडलेश्वर के आदेश एवं तहसील विधिक सेवा समिति, सनावद के निर्देशानुसार आयोजित शिविर में न्यायाधीश मो. असलम दहलवी, न्यायाधीश योगेश चालीसा और न्यायाधीश सुश्री आकांक्षा गर्ग ने आमजन को मध्यस्थता के लाभ बताए। न्यायाधीशगण ने कहा कि क्वमानवीय रिश्तों को मजबूत करने और लंबी अदालती प्रक्रियाओं से बचने का सबसे अच्छा विकल्प मध्यस्थता है। इसमें छोटे-मोटे विवादों का निपटारा बिना अदालत गए हो जाता है।क्वउन्होंने बताया कि क्वमध्यस्थता केंद्र की पहली प्राथमिकता सामुदायिक स्तर पर विवाद सुलझाना और आपसी विश्वास को बढ़ावा देना है। मध्यस्थता का मुख्य उद्देश्य "विवाद नहीं, संवाद" के माध्यम से अदालतों का बोझ कम करना और पक्षकारों को आपसी सहमति से त्वरित न्याय दिलाना है।

## सकल हिंदू समाज ने किया नगर पालिका सीएमओ के घर का घेराव





**सनावद।** कृषि भूमि पर अवैध रूप से बनाए गए टर्फ और ऑफिस को ध्वस्त करने पहुंची प्रशासन की टीम को व्हाट्सएप पर हाईकोर्ट का स्टे दिखाने के बाद वापस लौटना पड़ा। इससे नाराज सकल हिंदू समाज ने नगर पालिका पहुंचकर सीएमओ के घर का घेराव कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए बड़वाह ब्लॉक के प्रशासनिक अधिकारी तुरंत नगर पालिका पहुंचे। अधिकारियों ने आंदोलनकारियों से बातचीत कर मामले को सुलझाने की कोशिश की। इस दौरान प्रशासन ने वकीलों से भी सलाह-मशविरा किया। आंदोलनकारियों का आरोप है कि "क्या अब मोबाइल और सोशल मीडिया के माध्यम से आए हुए आदेशों का पालन प्रशासनिक अधिकारी करने लगे हैं? उल्लेखनीय है कि लव जिहाद और लैंड जिहाद के भू माफिया जुनैद अहमद की कृषि भूमि पर बने अवैध निर्माण को तोड़ने गई टीम को स्टे दिखाने के बाद वापस लौटना पड़ा था। जिसके बाद स्ष्ठरू सत्यनारायण ने कहा था कि स्टे क्लियर होने के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।

## माँ रेवा घाट निर्माण हेतु ग्राम वायल में 6 लाख 11 हजार का दान संग्रह



**मनावर।** माँ रेवा घाट निर्माण के लिए चलाए जा रहे जनसहयोग अभियान के अंतर्गत 20 एवं 21 जुलाई को समिति के सक्रिय कार्यकताओं एवं दान संग्रहण सदस्यों द्वारा ग्राम वायल में घर-घर संपर्क कर दान संग्रह किया गया। ग्रामवासियों ने इस पुनीत कार्य में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 6 लाख 11 हजार की दान राशि की घोषणा एवं सहयोग प्रदान किया। दान संग्रह के दौरान पाटीदार समाज के 93 परिवारों द्वारा 5,46,800 का सहयोग प्राप्त हुआ। वहीं धनगर समाज, भिलाला समाज, सेन समाज, ब्राह्मण समाज, हरिजन समाज एवं मानकर समाज के नागरिकों ने मिलकर 64,200 का योगदान दिया। इस प्रकार कुल 6 लाख 11 हजार की दान राशि दानदाताओं से संपर्क कर एकत्रित की गई। इस अवसर पर ग्राम वायल के कैलाश पटेल (स्व. मोतीलाल जी पटेल) ने 51 हजार की दान राशि फोनपे के माध्यम से भेंट कर ग्राम वायल एवं पटेल परिवार का गौरव बढ़ाया।

## मछली बाजार में 36,88 लाख से बनेगा डोम एवं प्लेटफार्म



**खरगोन।** नगर के वार्ड 17 स्थित मछली बाजार में 36.88 लाख रूपए की लागत से डोम एवं प्लेटफार्म निर्माण कार्य का बुधवार को समारोहपूर्वक भूमिपूजन किया गया। नगरपालिका अध्यक्ष छाया जोशी ने गैती चलाकर निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री कमला कोल, स्वास्थ्य अधिकारी प्रकाश चित्ते, लोक निर्माण सभापति धीरेंद्रसिंह चौहान, पार्षद संतोष वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, नगरपालिका के अधिकारी व कर्मचारी के साथ ही क्षेत्रवासी उपस्थित थे। इस दौरान अध्यक्ष श्रीमती जोशी ने कहा कि नगरपालिका द्वारा लगातार शहर में विकास कार्य किए जा रहे हैं। आगे भी विकास कार्य जारी रहेंगे। हमारी परिषद द्वारा लगातार हर क्षेत्र में सड़क निर्माण, नाली निर्माण आदि कार्य स्वीकृत किए गए है, जो जल्द ही शुरू होंगे। इस दौरान जगन्नाथ सांवले, महेश वर्मा, एल्डरमेन अनिल गुप्ता, पुरूषोत्तम कुमावत, दीपक कराले एवं पार्षद प्रतिनिधि अरविंद पाटीदार, सुमित चंदेल, मंडल अध्यक्ष रवि वर्मा आदि उपस्थित थे।

# विभिन्न विकास कार्यों का कलेक्टर ने किया मैदानी निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



कलेक्टर हर्ष सिंह ने मंगलवार को जिले में मैदानी स्तर पर निरीक्षण कर विभिन्न विकास कार्यों और शासकीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, निर्माण और दस्तक अभियान से जुड़े स्थलों का भ्रमण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में सुविधाओं की समीक्षा**

निरीक्षण की शुरूआत शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय से हुई। कलेक्टर ने विद्यालय परिसर, सभागार और कक्षों का अवलोकन किया। विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा विभाग को सुविधाओं में सुधार के कार्य प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए।

**पुनर्वास दुकानों और सड़क चौड़ीकरण कार्य का अवलोकन**

इसके बाद नगर निगम द्वारा निर्मित की जा रही पुनर्वास दुकानों का निरीक्षण किया। निर्माण की प्रगति और गुणवत्ता पर जानकारी लेते हुए कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

शनवारा से गणपति नाका तक चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य का भी जायजा लिया। अधिकारियों से कार्य-योजना की जानकारी लेकर विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि मार्ग में आने वाले विद्युत पोलों को शीघ्र व्यवस्थित कर बाधाएं दूर की जाएं।

दस्तक अभियान के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत परखने के लिए कलेक्टर गुरुनानक वार्ड क्रमांक-40 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचे। उन्होंने बच्चों के टीकाकरण की स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र बच्चे का समय पर टीकाकरण सुनिश्चित कर उसकी जानकारी नियमित रूप से पोर्टल पर दर्ज की जाए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ एवं अपर कलेक्टर सृजन वर्मा, डिप्टी कलेक्टर राजेश पाटीदार, नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, नगर निगम, पुलिस और अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 70 आवेदकों की समस्याएं

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

प्रति मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय बडवानी में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमति जयति सिंह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 70 आवेदकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना एवं प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं का निराकरण समय सीमा में और प्रभावी ढंग करने के निर्देश दिए ताकि आम जनता को अपने शिकायत एवं समस्या का निराकरण प्राप्त हो सके। जनसुनवाई में ग्राम तलून खुर्द निवासी श्री सुरसिंग पिता फेरांग्या ने आवेदन देकर बताया कि उनका पुत्र मोरवी गुजरात में मजदूरी करने गया था, जहां पर 3 जुलाई 2025 को तालाब में डूबने से उसकी मृत्यु हो गई है। अतः शासन के नियमानुसार मिलने वाली आर्थिक सहायता राशि दिलवाई जाये। इस पर जनसुनवाई कर रही कलेक्टर ने आवेदन में तहसीलदार बड़वानी को जांच एवं प्रतिवेदन बनाने हेतु निर्देश दिये। अनुग्रह सहायता राशि दी जाये जनसुनवाई में श्रीमती बसंतीबाई बड़ोले ने आवेदन देकर बताया कि उनके पति श्री अमरसिंह बड़ोले नगर परिषद अंजड़ में भृत्य के पद पर



## नशामुक्ति अभियान: एसपी, मानव अधिकार आयोग ने पोस्टर जारी किए

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मंगलवार को नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत नशे से दूरी है जरूरी.. नारों वाले पोस्टर का विमोचन किया गया। एसपी रविन्द्र वर्मा के साथ मानव अधिकार आयोग के जिला संयोजक आशीष मेहता और खरगोन बीसा नीमा समाज के अध्यक्ष नवनीत भंडारी लिम्बु सेठ ने पोस्टर जारी करते हुए आमजन से नशा न करने का आह्वान किया। यह पहल नशे के दुष्परिणामों के प्रति समाज को जागरूक करने और युवाओं को नशे से दूर रखने के उद्देश्य से की गई है। पोस्टर विमोचन के दौरान पुलिस अधीक्षक रविन्द्र वर्मा ने कहा कि पुलिस द्वारा लगातार चलाए जा रहे नशा विरोधी अभियान को जन-जन तक पहुंचाना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस अभियान में समाज के हर वर्ग की भागीदारी पर जोर दिया, ताकि नशे के जाल में फंसने से पहले ही लोगों को बचाया जा सके। मानव अधिकार आयोग के जिला संयोजक आशीष मेहता ने बताया कि नशे की बढ़ती प्रवृत्ति समाज के लिए एक गंभीर चुनौती है और इससे निपटने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने इस तरह के जागरूकता अभियानों को निरंतर जारी रखने का आह्वान किया।

## रोजगार मेले में 197 युवाओं ने कराया पंजीयन

**बड़वानी ।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़वानी के स्वामी विवेकानंद सभागृह में जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय द्वारा युवा संगम (रोजगार मेले) का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में जिले के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न निजी अस्पतालों एवं संस्थानों में उपलब्ध रोजगार के अवसरों की जानकारी प्राप्त करते हुए साक्षात्कार प्रक्रिया में सहभागिता की। कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक सप्ताह आयोजित किए जा रहे रोजगार मेलों में लगातार नवाचार किए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को उनकी योग्यता के अनुरूप रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकें। उन्होंने बताया कि इस बार रोजगार मेले का आयोजन मेडिकल सेक्टर पर केंद्रित किया।



## लायंस क्लब ने लिया 5001 पौधों के रोपण एवं संरक्षण का संकल्प लिया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए लायंस क्लब सनावद स्नेह ने सत्र 2026-27 में एक पौधा माँ के नाम अभियान के अंतर्गत 5001 पौधों के रोपण एवं उनके संरक्षण का संकल्प लिया है।

पौधरोपण अभियान का शुभारंभ इंटरनेशनल डायरेक्टर एंडोर्सी ला. कुलभूषण मित्तल, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला. जयप्रकाश त्रिपाठी ने प्रथम पौधा रोप कर किया।मित्तल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है तथा प्रत्येक व्यक्ति को पौधे लगाने के साथ-साथ उनके वृक्ष बनने तक संरक्षण का भी संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने लायंस क्लब सनावद स्नेह द्वारा चलाए जा रहे पर्यावरण संरक्षण एवं हरीतिमा संवर्द्धन अभियान की सराहना करते सभी के लिए अनुकरणीय बताया।

इस अवसर पर ला. सपना कुलभूषण मित्तल,द्वितीय वॉइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला.राजेंद्र सोडाणी,डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर जीएमटी अनिता भागचंद जैन, रीजन चेयरपर्सन ला. संजना खत्री, निमाड़ कोऑर्डिनेटर ला. प्रियंका गुजराती, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन ला.गुरमीतसिंह उबेजा,ला.अखिलेश गुप्ता,ला. जयप्रकाश चौहान, ला.वसीम कुरैशी, लायंस क्लब सनावद स्नेह के अध्यक्ष ला. भागचंद जैन,सचिव ला.अनिल अरझरे, कोषाध्यक्ष ला. हेमंत दातार सहित क्लब के सभी वरिष्ठ लायंस एवं सम्मानित सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी सदस्यों ने पौधारोपण किया।

## जिले में स्वतंत्रता दिवस उत्साह से मनाया जायेगा

**बड़वानी ।** जिले में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस परम्परागत तरीके से मनाया जायेगा । जिला मुख्यालय पर होने वाले मुख्य समारोह में प्रातः 9 बजे ध्वजा रोहण कर परेड की सलामी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारा ली जायेगी। मुख्य समारोह प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक, शासकीय स्नातकोत्तर महा विद्यालय बड़वानी के मैदान पर होगा । स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियो एवं व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्टर श्रीमति जयति सिंह के निर्देशन में अपर कलेक्टर श्रीमति हेमलता सोलंकी सहित समस्त विभागो के जिला अधिकारियो की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि मुख्य समारोह के पूर्व सभी शैक्षणिक संस्थाओं में झण्डा वंदन हो जाये। स्थानीय विजय स्तम्भ पर सामूहिक रूप से शहीदो की स्मृति में पुष्प अर्पण कार्यक्रम नगरपालिका द्वारा प्रातः 7 बजे किया जायेगा।

## बुरहानपुर विधानसभा को 29.40 करोड़ की दो सड़क परियोजनाओं की सौगात

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस के सतत प्रयासों से बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र की दो महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़क परियोजनाओं को प्रदेश सरकार के अनुपूरक बजट में शामिल कर कुल 29.40 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। मुख्यमंत्री मोहन यादव के बुरहानपुर प्रवास के दौरान की गई घोषणाओं के क्रम में यह स्वीकृति मिली है। इससे क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा लाभ किसानों को होगा। कृषि उपज को मंडियों तक पहुंचाने में आसानी होगी, परिवहन लागत घटेगी और समय की बचत होगी। इससे कृषि आधारित गतिविधियों को गति मिलेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था, व्यापार व रोजगार को भी नया विस्तार मिलेगा। चिटनिस ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा तथा लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के प्रति आभार जताया। इन परियोजनाओं को बजट में स्थान मिलने की खबर से क्षेत्र के ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों में खुशी है। ग्रामीणों ने इसे बुरहानपुर विधानसभा के विकास की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताई।

## वृद्धजनों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण चिन्हांकन व वितरण शिविर का आयोजन

**बड़वानी ।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के निर्देशानुसार सामाजिक न्याय विभाग एवं एलिम्को उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में एडीप योजना के अंतर्गत निवाली में दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण चिन्हांकन व वितरण शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में पात्र हितग्राहियों के लिए ऑन-द-स्पॉट हाथ-पैर, कैलीपर्स, कृत्रिम अंग एवं अन्य सहायक उपकरणों के चिन्हांकन की सुविधा प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री छतर सिंह पटेल एवं उपाध्यक्ष श्री पठान किराड़े द्वारा 13 पात्र हितग्राहियों को कैलीपर्स वितरित किए गए। शिविर में कुल 171 लोगों ने पंजीयन कराया, जिनमें से 25 दिव्यांगजनों एवं 19 वृद्धजनों का चिन्हांकन सहायक उपकरणों हेतु किया गया। साथ ही मौके पर 22 मेडिकल सर्टिफिकेट जारी किए गए एवं 51 लाभान्वितों के यूडीआईडी कार्ड बनाए गए। इस अवसर पर सामाजिक न्याय विभाग के उपसंचालक श्री रोनक सोलंकी, जनपद व नगर परिषद का अमला तथा जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र की टीम विशेष रूप से उपस्थित रही।

## लक्ष्य अनुरूप कार्य नहीं करने वाले अधिकारियों को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

**उज्जैन.** अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत उज्जैन शहर में आगामी 2 माह में 10 लाख से अधिक की संख्या में पौधारोपण किया जाना है जुलाई माह तक साढे तीन लाख से अधिक पौधों को रोपित करते हुए उन्हें जिओ टेक करें और मेरी लाइफ पोर्टल पर दर्ज करें उक्त निर्देश बुधवार को उद्यान विभाग के अपर आयुक्त श्री योगेंद्र सिंह पटेल द्वारा पौधारोपण कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए साथ ही निर्देशित किया कि उक्त कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को नोटिस जारी करें।

अपर आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि शहर में लगातार विभिन्न स्थानों पर नगर निगम द्वारा सामाजिक संस्थाओं, पर्यावरण प्रेमी संस्थाओं, वृक्ष मित्र सेवा समिति, एनजीओ के साथ मिलकर लगातार सघन रूप से वृक्षारोपण किया जाए साथ ही पौधों की मैपिंग करते हुए उन्हें पोर्टल पर भी चढ़ाया जाए उक्त अभियान को गंभीरता से लें साथ ही जिन स्थलों पर भी पौधारोपण किया जा रहे हैं वहां पर महापौर, निगम अध्यक्ष, क्षेत्रीय पार्षद एवं जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करते हुए पौधारोपण कार्यक्रम संचालित किये जाए।

## नवनियुक्ति भाजयुमो जिलाध्यक्ष का किया भव्य स्वागत




'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष पद पर अंकुश जायसवाल के नियुक्ति घोषणा की गई है। अध्यक्ष नियुक्ति के बाद बुधवार को जायसवाल का प्रथम नगर आगमन हुआ।

जायसवाल के शहर पहुंचने पर युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को रैली के रूप में भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे। इस दौरान रास्तेभर स्वागत सत्कार हुआ। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया। पुष्पवर्षा कर उन्हें फूल-मालाओं से लादा गया। कार्यकर्ताओ ने संकल्प लिया कि श्री जायसवाल के नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती के साथ आगे बढ़ाएंगे। भाजपा कार्यालय पहुंचने पर जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे और जिला कार्यकारिणी पदाधिकारियों ने भाजपा का दुपट्टा पहनाने के बाद पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी। कार्यालय पर आयोजित स्वागत सम्मान में जिलाध्यक्ष ब्राह्मणे ने कहा, भाजपा महिला मोर्चा और भाजपा युवा मोर्चा, भाजपा संगठन की ताकत है।

## 37 वी एथलेटिक्स प्रतियोगिता संपन्न

**खंडवा।** विद्या भारती मालवा प्रांत के मार्गदर्शन में प्रांतीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता उज्जैन में सम्पन्न हुई जिसमें प्रांतभर से भैया बहिनों ने बढ़चढकर सहभागिता की इस प्रतियोगिता में लंबी कूद, दौड़,पैदल चाल,ऊंची कूद, हैंडल्स आदि प्रतियोगिता संपन्न करवायी गई। इस एथलेटिक्स प्रतियोगिता में स. शि. म. कल्याणगंज खण्डवा विद्यालय के भैया बहिनों का दबदबा रहा।

# श्री जगन्नाथ उत्सव में श्वेता जोशी के भक्ति संगीत ने किया भावविभोर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन,

अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन), मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग, श्रीकृष्ण पाथेय न्यास एवं महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के संयुक्त तत्वावधान में महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ परिसर में आयोजित सप्त दिवसीय श्री जगन्नाथ उत्सव के अंतर्गत सोमवार को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया।इस अवसर पर प्रसिद्ध शास्त्रीय एवं भक्ति गायिका श्वेता जोशी (धार) ने अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने भगवान श्रीजगन्नाथ, श्रीकृष्ण एवं राधा रानी की भक्ति से ओतप्रोत भजनों की प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। उनके मधुर स्वर, भावपूर्ण गायन एवं संगीत की सरसता ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति रस में डुबो दिया।कार्यक्रम के दौरान पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।देवास में जन्मी एवं पली-बढ़ी श्वेता जोशी बहुआयामी प्रतिभा की धनी कलाकार हैं। उन्होंने बाल्यावस्था से ही संगीत शिक्षा प्रारंभ की और शास्त्रीय, भक्ति एवं लोक संगीत में विशेष दक्षता प्राप्त की। वे आकाशवाणी एवं दूरदर्शन की स्वीकृत कलाकार हैं तथा देश के अनेक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सांस्कृतिक मंचों पर अपनी प्रस्तुतियां दे चुकी हैं। उन्हें वर्ष 2021 में निर्मला पाठक अवॉर्ड तथा विक्रम महोत्सव-2025 में नारी शक्ति गौरव सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।सांस्कृतिक संध्या में श्वेता जोशी के साथ हारमोनियम पर राकेश महाराज, तबले पर जयेंद्र रावल, ढोलक पर ब्रजेश अंजना आदि उपस्थित थे।

## बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन 27 जुलाई को

**खण्डवा।** वर्ष 2026 को च्च्कृषक कल्याण वर्षज्ज के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन जिला स्तर पर किया जा रहा है। खंडवा में आगामी 27 जुलाई को नई कृषि उपज मंडी परिसर में प्रातः 11 बजे से बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअली संबोधित करेंगे तथा जिले के किसानों से संवाद करेंगे। कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंप दिए हैं। बलराम कृषि महोत्सव में किसानों को खेती की आधुनिक तकनीक, उन्नत बीजों, नवीन कृषि यंत्रों, प्राकृतिक एवं जैविक खेती, फसल विविधीकरण, जल संरक्षण तथा शासन की किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी, इस महोत्सव में कृषि विभाग के साथ साथ उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, सहकारिता, कृषि अभियांत्रिकी तथा अन्य संबंधित विभागों द्वारा आकर्षक प्रदर्शनी

## कन्या विद्यालय के सामने शौचालय निर्माण पर बढ़ा विवाद

**सनावद।** जवाहर मार्ग स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं रेवा गुर्जर महाविद्यालय के सामने नाले पर निमार्णाधीन सार्वजनिक शौचालय को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। सोमवार को नागरिक अधिकार मंच ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर निर्माण स्थल बदलने की मांग की। मंच का कहना है कि वह सार्वजनिक शौचालय जैसी आवश्यक नागरिक सुविधा का विरोध नहीं कर रहा, बल्कि उसके लिए चुने गए स्थान पर पुनर्विचार चाहता है।ज्ञापन में कहा गया है कि प्रस्तावित निर्माण स्थल दो प्रमुख शिक्षण संस्थानों के मुख्य प्रवेश मार्ग के सामने स्थित है। ऐसे में छात्राओं की सुरक्षा, निजता तथा शैक्षणिक वातावरण प्रभावित होने की आशंका है। मंच ने यह भी सवाल उठाया कि निर्माण एक सक्रिय जल निकासी नाले पर किया जा रहा है।

**भारत सरकार**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय**
**युवा कार्यक्रम विभाग**
**जी. पी.ओ.ए. - 3, नेताजी नगर, नई दिल्ली**
**आई-12011/2/2026-एन.पी.वाई.ए.डी.**
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय साहसिक गतिविधियों के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियाँ प्राप्त करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने हेतु तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहस पुरस्कार-2025 के लिए नामांकन आमंत्रित करता है।
आवेदन 21 जुलाई, 2026 से 20 अगस्त, 2026 तक आमंत्रित किए जाएंगे।
आवेदन करने के लिए http://awards.gov.in पर जाएँ।
अधिक जानकारी के लिए मंत्रालय की वेबसाइट https://yas.gov.in के ''Latest News" अवलोकन करें
**अवर सचिव**
**युवा कार्यक्रम विभाग**
CBC 47107/11/0006/2627

## न्यूज -कॉलम

### गिरफ्त में नहीं आ सके ड्रग्स उपलब्ध कराने वाले

**उज्जैन।** रविवार रात चैकिंग के दौरान चिमनगंज थाना पुलिस ने कानीपुरा मार्ग से पंजाब पासिंग कार में सवार अयाज पिता एजाज अंसारी 24 साल निवासी विराटनगर को गिरफ्तार किया था। उसके पास से 61 ग्राम एमडी ड्रग्स मिलने पर एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर 3 दिनों की रिमांड पर लिया गया था। पूछताछ के दौरान उसने तराना वेयर हाऊस के पास 2 युवकों से ड्रग्स लाना कबूल किया था। एसआई सुरेन्द्र मंडलोई ने बताया कि ड्रग्स उपलब्ध कराने वालों की तलाश में एक टीम तराना पहुंची थी, लेकिन दोनों का सुराग नहीं मिल पाया। बुधवार को अयाज का रिमांड खत्म होने पर उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### एडीजी ने एएसआई के कंधो पर लगा पदन्नोति का सितारा



**उज्जैन।** पुलिस विभाग में पदन्नोति का क्रम जारी है। बुधवार को महाकाल थाना एएसआई चंद्रभानसिंह चौहान को एसआई के पद पर पदोन्नत किया गया। उन्हे एडीजी राकेश गुप्ता द्वारा कंधे पर दूसरा सितारा लगाया। सबसे खास बात यह रही कि एसआई बने चंद्रभानसिंह को पुलिस विभाग में तीसरी बार पदोन्नति मिली। तीनों बार एडीजी राकेश गुप्ता ने उनके कंधों पर पदोन्नति की फीती से लेकर स्टार लगाया। चंद्रभानसिंह जब प्रधान आरक्षक बने थे उस दौरान राकेश गुप्ता शहर में पुलिस अधीक्षक थे। दूसरी बार एएसआई बनने पर राकेश गुप्ता डीआईजी के रूप में उज्जैन की कामन संभाल रहे थे, अब तीसरी बार चंद्रभानसिंह को एसआई के पद पर पदोन्नत किया गया तो राकेश गुप्ता उज्जैन जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) के रूप में अपनी सेवा बाबा महाकाल की नगरी में दे रहे है। एसआई बने चौहान पुलिस विभाग में अपनी कार्यशैली और ईमानदारी को लेकर विभागीय स्तर से लेकर राष्टपति सराहनीय सेवा पदक, केन्द्रीय गृह मंत्री अति उत्कृष्ट पदक से पुरूस्कृत हो चुके है। पिछले तीन सालों से वह धार्मिक नगरी में देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं को परिवार से बिर्छडने पर मिलवाने का काम कर रहे है। अब तक वह 400 से अधिक लोगों को परिवार से मिलवाने में अपनी भूमिका निभा चुके है।

### रेलवे स्टेशन माल गोदाम के पास मिली अर्द्धनग्न लाश



**उज्जैन।** रेलवे स्टेशन माल गोदाम के पास बुधवार शाम रिमझिम बारिश के बीच एक व्यक्ति की अर्द्धनग्न लाश मिलना सामने आया है। शव पड़ा होने की खबर मिलने पर देवासगेट और जीआरपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची थी। मामला जीआरपी सीमा का होने पर जीआरपी द्वारा शव को चरक अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि मृतक हुलिये से भिक्षुक दिखाई दे रहा है। वह कुछ दिनों से क्षेत्र में घूम रहा था। उसकी हरकते विक्षिप्त जैसी थी। जीआरपी के अनुसार मामले में मर्ग कायम किया गया है। उसकी पहचान के प्रयास किये जा रहे है। शिनाख्त नहीं होने पर 24 घंटे बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर दफनाने की प्रक्रिया की जायेगी।

### कार ने बाइक को मारी टक्कर, 2 महिला घायल

**उज्जैन।** माकडोन थाना क्षेत्र के ग्राम रूपाखेडी स्थित नांदेड मोड पर तेजगति से दौडती कार क्रमांक एमपी 13 सीबी 4411 ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। बाइक अम्बाराम पिता नाथु वर्मा निवासी पिपल्या बाजार माकडोन चला रहा था। बाइक पर उसकी रिश्तेदार राजूबाई और सीताबाई बैठी थी। पीछे से हुई टक्कर में दोनों महिला घायल हो गई। अम्बाराम मामूली रूप से घायल हुआ है। माकडोन पुलिस ने कार चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया है। घायल महिलाओं को उपचार के लिये उज्जैन भेजा गया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 700-7 | 260-8 |
| मेन बाजार | 368-7 | 100-1 |
| कल्याण नाइट | 378-8 | 178-6 |
| मिलन डे | 113-5 | 349-6 |
| मिलन नाइट | 270-9 | 299-0 |
| मधुर डे | 559-9 | 570-2 |
| मधुर नाइट | 469-9 | 880-6 |
| शुभांक | 3 5 | 7 |

# दबंग हिंदू सेना की आड़ में रचा था हनीट्रेप का जाल

## हिरासत में गिरोह के 10 सदस्य्, 5 लाख और कार बरामद, युवती की तलाश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इंस्टाग्राम पर दोस्ती, काम की तलाश और अपहरण के बाद 50 लाख की फिरौती मांगने के मामले का 2 दिन में पुलिस ने खुलासा कर दिया। गिरोह के 10 सदस्यों को हिरासत में लिया गया है। पूरी साजिश दबंग हिंदू सेना की आड में रची गई थी। गिरोह से 5 लाख रूपये नगद और कार बरामद की गई है।

नानाखेडा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि ग्राम नरवर के रहने वाले हैदर पिता कमाल पटेल की शिकायत पर 20 जुलाई को इंस्टाग्राम पर युवती से दोस्ती होने और नौकरी के बहाने संपर्क कर हनीट्रेप के जाल में फंसाकर 50 लाख की फिरौती मांगने का प्रकरण धारा 140(3), 308(6), 61(2), 115(2), 351(3), 3(5) भारतीय न्याय संहिता में दर्ज कर जांच में लिया गया था। 2 दिनों की तलाश के बाद संगठित रूप से अपहरण, ब्लैकमेलिंग, फिरौती मांगने वाले गिरोह के मुख्य आरोपी लोकेश पिता राजेश शर्मा 30 साल निवासी मक्सी रोड पंवासा के साथ राजपाल पिता जालमसिंह राठौड 22 साल ग्राम जहांगीरपुर इंगोरिया, पंकज पिता गजानंद बमोरिया 35 साल निवासी अवंतिपुरा, यशवंत पिता जगदीश देवडा 23 साल, आर्यन पिता मुकेश राठौर 20 साल निवासी तिरुपति धाम, लखन पिता नारायणसिंह पंवार 22 साल निवासी ग्राम पिपलिया डाबी उन्हेल, इदरीश पिता दिलीप पटेल, निवासी नरवर, इमरान उर्फ राजा पिता खाजू पटेल, जयसिंह पिता अजबसिंह चौहान निवासी बदरखां और आयुष पिता दिनेश जाटवा निवासी भैरूनाला उज्जैन को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्त में आये संगठित गिरोह से फिरौती के रूप में वसूले गये 10 लाख रूपये में से 5 लाख रूपये नगद बरामद कर लिये गये है। वहीं फरियादी की कार भी जप्त की गई है। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में अंजली ठाकुर निवासी भोपाल और एक अन्य साथी दीपक राजपूत, निवासी पंवासा फरार है। अंजली की तलाश में एक टीम रवाना की गई है। फिलहाल गिरोह से पूछताछ जारी है, गुरूवार दोपहर कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जायेगा। संभावना है कि गिरोह की साजिश का शिकार कुछ ओर लोग सामने आ सकते है। गिरोह का सरगना लोकेश शर्मा दबंग हिन्दू सेना नाम से संगठन चलता है। जिसके माध्यम से उसने गिरोह तैयार किया था।



साजिश में शामिल रिश्तेदार बताई आईडी

हिरासत में आये आरोपियों से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि पूरी साजिश को नियोजित षडयंत्र के रूप में अंजाम दिया गया था। गिरोह में फरियादी हैदर का रिश्तेदार इदरिश पटेल और उसका दोस्त इमरान शामिल था। दोनों ने लोकेश शर्मा और राजपाल को उसकी इंस्टग्राम आईडी की जानकारी, परिवार की आर्थिक स्थिति और मकान बेचने पर मिले रूपयों की जानकारी दी थी। जानकारी मिलने पर लोकेश में युवती के माध्यम से इंस्टाग्राम पर हैदर से दोस्ती कराई और सप्ताहभर में पूरी साजिश को अंजाम दिया गया।

### हिन्दू युवती के साथ होने का दिखाया डर

देश में लव जिहाद के मामले लगातार सामने आ रहे है। इसी का फायदा उठाकर गिरोह ने हैदर को जाल में फंसाया था। इंस्टा पर दोस्ती के बाद 18 जुलाई को युवती अंजली उज्जैन से आई थी उसने खुद को सिहोर का रहने वाला बताया था और काम की तलाश की बात कही थी। हैदर उसे काम दिलाने दोस्त की होटल पर ले गया था। जहां से लौटते समय गिरोह ने हिन्दू युवती के साथ होने का डर दिखाकर उसका अपहरण कर लिया था, उसके अश्लील फोटो बनाये थे और 50 लाख की फिरौती मांग 26 लाख में सौदा तय कर 10 लाख लिये थे। 16 लाख वसूलने के लिये हैदर की कार, चैन और घडी अपने पास रख ली थी।

### आज आरोपियों को रिमांड पर लेगी पुलिस

थाना प्रभारी यादव ने बताया कि गुरूवार को आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जायेगा। गिरोह से फिरौती की शेष राशि बरामद करने के साथ एक दिन तक बंधक बनाकर रखने के स्थान का पता लगाया जायेगा। इस बात की जानकारी भी जुटाई जायेगी कि पूर्व में किसी के साथ साजिश रचकर ब्लैकमेल तो नहीं किया है। गिरोह का अपराधिक रिकार्ड भी खंगाला जा रहा है।

# 5 हजार स्वयंसेवकों को बनाया जायेगा सिंहस्थ सारथी, प्रथम चरण में 18 सौ शामिल

**उज्जैन।** सिंहस्थ 2028 में सुरक्षा और व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिये सिंहस्थ सारथी कार्यक्रम की शुरूआत पुलिस सामुदायिक भवन में की गई। सारथी योजना में 5 हजार स्वयंसेवक को प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रथम चरण में 18 सौ स्वयंसेवक शामिल हुये।

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि आगामी सिंहस्थ 2028 के सफल, सुरक्षित आयोजन के लिये सिंहस्थ सारथी प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत पुलिस सामुदायिक भवन में की गई है। जिसमें पुलिस और प्रशासन के सहयोगी के रूप में 5 हजार वॉलिंटिसर्य को तैयार किया जायेगा। प्रथम चरण में 1800 स्वयंसेवकों और एनआरएस सदस्यों को आवश्यक व्यवहारिक, तकनीकी एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने संबंधी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शेष वॉलिंटियर्स को चरणबद्ध रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि सिंहस्थ महापर्व के दौरान वह श्रद्धालुओं की सहायता, मार्गदर्शन, भीड प्रबंधन एवं पुलिस-प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में मेघा जेठवानी द्वारा सॉफ्ट स्किल्स, प्रभावी संवाद, जनसंपर्क, श्रद्धालुओं से सकारात्मक व्यवहार और सेवा भाव विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। इसके उपरांत देविका खरे द्वारा स्वयंसेवकों की भूमिका, दायित्व, सिंहस्थ के दौरान कार्यप्रणाली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। स्वयंसेवकों को होमगार्ड और चिकित्सक दल द्वारा सीपीआर, प्राथमिक उपचार, आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित सहायता संबंधी व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया।




दोपहर बाद सत्र में थाना यातायात निरीक्षक निवेश मालवीय द्वारा स्वयंसेवकों को भीड़ प्रबंधन, समन्वय, अनुशासन, संचार कौशल एवं आपदा की स्थिति में प्रभावी सहयोग संबंधी जानकारी दी गई। समापन पर प्रशिक्षण प्राप्त प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर पूर्व श्री आलोक शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक श्री भरत सिंह यादव, प्रशिक्षण समन्वयक सूबेदार स्वाति कामले सहित संबंधित अधिकारी एवं प्रशिक्षकगण उपस्थित रहे।

## देवासरोड पर सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

**उज्जैन।** देवासरोड पर बुधवार दोपहर सड़क हादसे में बाइक सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। दस्तावेजों से पहचान होने पर परिजन अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने हादसे में शामिल बाइक चालक की तलाश शुरू की है।

नागझिरी थाना एएसआई द्वारिका प्रसाद ने बताया कि देवासरोड अभिलाषा कालोनी के आगे स्कोडा शोरूम के सामने सुबह 11.30 बजे के लगभग सडक हादसे में बाइक पर सवार नारायणदास पिता ओमप्रकाश टेकवानी 64 साल निवासी प्रेम एवेन्यू आगररोड गंभीर घायल हो गये थे। उन्हे उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाया गया, जहां कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। उनके पास मिले दस्तावेजों से पहचान होने पर परिजनों को सूचना दी गई थी। परिजनों ने बताया कि नारायणदास बिल्डिंग मेटेरियल सप्लाय का काम करते थे और देवासरोड स्थित साइड पर जा रहे थे। एएसआई के अनुसार मामले में परिजनों की शिकायत पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया। दुर्घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे देखने पर दुर्घटना का मामला सामने आया। नारायणदास क्रासिंग पर सडक पार करने के लिये काफी देर तक ठहरे थे, मार्ग साफ होने पर उन्होने अपनी बाइक आगे बढ़ाई थी, उसी दौरान तेजगति से आये बाइक चालक ने उन्हे टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला बाइक चालक भाग निकला था। उसकी तलाश कैमरों के माध्यम से की जा रही है।

### अगस्त को निकलेगी समर्पण कांव? यात्रा

**उज्जैन।** आगामी 4 अगस्त को निकलने वाली समर्पण कांवड़ यात्रा को सफल बनाने के लिए बुधवार को समर्पण सेवा समिति की एक वृहद बैठक संपन्न हुई। बैठक में यात्रा संयोजक नारायण यादव ने जयघोष करते हुए सभी लोगों से यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संरक्षण में निकलने वाली यह यात्रा इस वर्ष स्व. ओम अमरनाथ खत्री को समर्पित रहेगी।

बैठक में उपस्थित अतिथियों ने कांवड़ यात्रा को भव्य और सफल बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ओम जैन, समिति के वरिष्ठ तपन भौमिक, अध्यक्ष विजय जायसवाल और सचिव राम भागवत प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। समिति सचिव राम भागवत ने बताया कि यात्रा के स्वागत के लिए पूरे शहर में 5000 भगवा ध्वज लगाए जा चुके हैं। बैठक में भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, महामंत्री कमल बैरवा, उज्जैन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष मुकेश यादव, पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष सोभाग सिंह के साथ उज्जैन दक्षिण के सभी मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र आंजना, सतीश सिंदल, मुकेश पोरवाल, परेश कुलकर्णी, गजेंद्र खत्री और हरीश सोलंकी ने सहभागिता की। इनके अलावा तुषार पंवार, प्रकाश शर्मा, गिरीश जायसवाल, दिनेश जादौन, रमण जायसवाल, जमना यादव और मोहन गुरु सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नगर उपाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने किया और आभार सचिव राम भागवत ने माना।

## बदमाश ने चिंतामण में लूटा था चांदी का कंदौरा

**उज्जैन।** नीलगंगा क्षेत्र में चाकू की नोंक पर लूट करने के साथ अलखधाम नगर में मोबाइल और शास्त्रीनगर में चेन स्नेचिंग की वारदात में शामिल भोपाल के बदमाश ने चिंतामण थाना क्षेत्र में महिला से कंदौर लूटने की वारदात को अंजाम दिया था। चिंतामण थाना पुलिस ने बदमाश का प्रोटेक्शर रिमांड प्राप्त करने का पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

सुभाषनगर में 14 जुलाई की रात घर के बाहर टहल रहे ओम रेसीडेंसी में रहने वाले किशनानी परिवार के 2 भाईयों और उनकी मां के साथ चाकू की नोंक पर स्कूटी सवार 3 बदमाशों ने चेन, घडी लूटने की वारदात की थी। तीनों बदमाशों ने उससे पहले शास्त्रीनगर में चेन और अलखधाम नगर में मोबाइल स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया था। नीलगंगा थाना पुलिस ने 24 घंटे में भोपाल के बैरागढ़ में रहने वाले बदमाश कुणाल कटारिया और उसके 2 नाबालिग साथियों को गिरफ्तार कर लिया था। लूट में प्रयुक्त स्कूटी नानाखेडा से चोरी की गई थी। भोपाल के बदमाश ने रिमांड पर चार से पांच वारदात कबूली थी। जिसमें 2 माह पहले चिंतामण थाना क्षेत्र में महिला को धमकाकर चांदी का कंदौरा झपटने की वारदात शामिल थी।

नीलगंगा पुलिस ने 3 से 4 थानों की वारदातों का खुलासा होने के बाद बदमाश को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। चिंतामण थाना प्रभारी हेमराज यादव ने बताया कि उनके थाना क्षेत्र में हुई वारदात का भोपाल के बदमाश से खुलासा होने पर उससे पूछताछ के लिये न्यायालय से प्रोटेक्श रिमांड मांगा गया है। रिमांड मिलते ही उसे जेल से थाने लाया जायेगा। विदित हो कि भोपाल का बदमाश उज्जैन में अपने रिश्तेदार के यहां रहकर शहर में वारदात को अंजाम दे रहा था।

### बेटियों ने जीता सिल्वर मेडल

**उज्जैन।** इंदौर के एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल में संपन्न हुई 29वीं राज्य स्तरीय एयर राइफल पिस्टल शूटिंग चैंपियनशिप में उज्जैन के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। स्पर्धा में उज्जैन की वेदिका राजावत, भामिनी बंसल और माही की टीम ने 10 मीटर एयर पिस्टल जूनियर वुमन वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर शहर का नाम रोशन किया है। मध्य प्रदेश राइफल एसोसिएशन के तत्वावधान में 14 से 20 जुलाई तक आयोजित ।

# दक्षिणी- पश्चिमी हवा से बदला मौसम का मिजाज, बारिश से फैला कीचड़

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बंगाल की खाडी और अरब सागर में कम दबाव का क्षेत्र बनने और हवा का रूख दक्षिणी-पश्चिमी होने पर मानसून लौट आया है। 2 दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है, रिमझिम बारिश का दौर जारी है। बुधवार को तापमान में 3.9 डिग्री का अंतर रह गया था। मौसम वैज्ञानिकों ने बारिश का अलर्ट जारी किया है।

जून माह में हुई बारिश के बाद मानसून ने मुंह मोड लिया था। जिसके चलते तापमान में तेजी आने लगी थी और मार्च-अप्रैल की गर्मी महसूस हो रही थी। लेकिन पिछले 2 दिनों से मौसम का मिजाज फिर से बदल गया है। रिमझिम और रूक-रूककर बारिश का दौर जारी है। जिससे मौसम में ठंडक आई और तापमान गिर रहा है। बुधवार को अधिकतम तापमान 27.7 डिग्री दर्ज किया गया। इससे पहले मंगलवार-बुधवार रात न्यूनतम 23.8 डिग्री रहा था। जिसके चलते तापमान में 3.9 डिग्री का अंतर रह गया था। अरब सागर और बंगाल की खाडी से आ रही नमी की वजह से सुबह की आर्द्रता का 88 और शाम की 92 प्रतिशत हो गई है। स्थानीय वेधशाला अधीक्षक आरपी गुप्ता के अनुसार 3 से 4 दिन मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहने का अनुमान है। इस बीच तेज बारिश हो सकती है। बुधवार को दिनभर आसमान में बादल छाये रहे और सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुये। रिमझिम बारिश से ठंडक महसूस हो रही थी लेकिन बारिश थमने पर हल्की उमस बनी हुई थी।





शहर में बारिश का औसतन आंकडा 36 इंच का है, वर्षाकाल की शुरूआत होने के बाद से अब तक 22 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पूरे प्रदेश में मानसून प्राणाली का प्रभाव बना हुआ है। अगले 24 से 48 घंटे में अति भारी वर्षा की संभावना है। जिसके चलते तापमान में ओर गिरावट आ सकती है।

### सड़कों तक चलना मुश्किल

शहर में 2 दिनों से हो रही रिमझिम बारिश से लोगों के लिये मुश्किल खडी हो गई है। सिंहस्थ विकास कार्यो के साथ सीवरेज लाइन की खुदाई का काम गलियों से लेकर सडकों तक चल रहा है। सीवरेज लाइन के काम ने लोगों के लिये सबसे बडी परेशानी खडी कर दी है। रिमझिम बारिश अधिकांश गलियों और सडकों पर कीचड फैल चुका है, सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल जाने वालों बच्चों का हो रही है। उनके घरों के आसपास तो खुदा है, वहीं स्कूल मार्गो पर भी खुदाई से आना-जाना मुश्किल हो रहा है। कई रास्ते भी बंद पड है। स्कूली बच्चों को जाम में फंसकर गुजरना पड रहा है।



## साधना का उद्देश्य भ्रम का आवरण हटाकर सत्य को प्रकट करना

क्या कभी आपने सोचा है- आत्मज्ञान और आध्यात्मिक ज्ञान क्या है? भारतीय आध्यात्मिक दर्शन के अनुसार, जीव और परमात्मा में जो भेद दिखाई देता है, वह वास्तविक नहीं, बल्कि उपाधि और बाहरी पहचान के कारण है। इसे समझाने के लिए अक्सर एक सरल उदाहरण दिया जाता है। यदि कोई व्यक्ति राजमुकुट, राजदंड और अन्य राजचिह्न धारण कर ले, तो लोग उसे राजा कहेंगे। वही व्यक्ति यदि हाथ में गदा या मुगदर लेकर अखाड़े में उतर जाए, तो उसे पहलवान कहा जाएगा, लेकिन न तो राजचिह्न उसे नया व्यक्ति बना पाते हैं और न ही गदा उसे किसी अलग व्यक्ति में बदल पाती है। राजा और पहलवान केवल उसकी भूमिकाएं हैं, जबकि व्यक्ति वह वही रहता है, जो वह है।

इसी प्रकार, जीव और परमात्मा के बीच दिखाई देने वाला अंतर भी केवल उपाधियों का है। शरीर, मन, अहंकार, इच्छाएं और कर्म जीव की पहचान बन जाते हैं, जबकि परमात्मा इन सीमाओं से परे है। जब साधना के माध्यम से ये सभी उपाधियां हट जाती हैं, तब जीव अपने वास्तविक स्वरूप को पहचान पाता है और ब्रह्म में एकाकार हो जाता है। वास्तव में, जीव कभी ब्रह्म से अलग था ही नहीं, केवल अज्ञान के कारण वह अलगाव का अनुभव करता था।

जहां किसी प्रकार का भेद या विभाजन नहीं रहता, वहीं सत्य का अनुभव होता है। साधना का उद्देश्य कोई नई वस्तु प्राप्त करना नहीं, बल्कि असत्य और भ्रम के आवरणों को हटाकर सत्य को प्रकट करना है। इसलिए लोक, कोश और अन्य सभी अवस्थाएं अंतिम सत्य नहीं हैं। वे चेतना के विभिन्न स्तर अवश्य हैं, पर परिवर्तनशील होने के कारण परम सत्य नहीं कहे जा सकते। आध्यात्मिक दर्शन में सत्य (सत) की सबसे बड़ी विशेषता उसकी अपरिवर्तनशीलता है। जो वस्तु समय के साथ बदल जाए, वह सत्य नहीं हो सकती। सत्य तो वही है, जो अतीत, वर्तमान और भविष्य- तीनों कालों में समान बना रहे। उसमें न वृद्धि होती है, न कमी और न ही किसी प्रकार का परिवर्तन। इसीलिए सत्य को कालातीत कहा गया है।

सत्य समय से ही नहीं, देश अर्थात स्थान की सीमा से भी परे है। वह किसी विशेष स्थान में सीमित नहीं होता। इसी प्रकार उसका कोई निश्चित आकार नहीं है। इसलिए कहा जाता है कि सत्य काल, देश और रूप- तीनों सीमाओं से परे है। वह सर्वव्यापक और निराकार है। ब्रह्म या सत्य में किसी प्रकार का विभाजन नहीं होता। उसमें न तो भीतर कोई भिन्नता है और न बाहर। उसके किसी एक भाग और दूसरे में अंतर नहीं है। इसलिए ब्रह्म को ऐसी सत्ता माना गया है, जिसके बाहर कुछ भी अस्तित्व नहीं रखता। जो कुछ भी है, वह उसी के भीतर समाहित है।



**सम्पादकीय**

# सिक्किम का हादसा

सिक्किम के नामची जिले में एक जल-विद्युत परियोजना की निर्माणाधीन सुरंग में दस से भी अधिक मजदूरों की मौत की खबर बेहद मर्मांतक है। चिंताजनक बात यह है कि इस सुरंग में अब भी अनेक मजदूर फंसे हुए हैं। राहत और बचाव का कार्य शुरू हो चुका है। संतोष की बात यह भी है कि स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दुर्घटना का संज्ञान लिया है और राज्य के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग को हर मुमकिन मदद का भरोसा दिया है। इस दुर्घटना के शिकार लोगों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये के मुआवजे का भी एलान किया गया है। जिस समय सिक्किम में यह दुर्घटना घटी, लगभग उसी समय जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में बादल फटने से एक पूरा परिवार जमींदोज हो गया। इस हादसे में सात लोगों के मारे जाने की सूचना है। पिछले दो दिनों से राजौरी और पुंछ में भारी बारिश व बादल फटने के कारण भू-स्खलन की घटनाओं में जान-माल का काफी नुकसान हुआ है। दो दिनों में 25 से अधिक लोगों की जान चली गई है। इस संख्या से ही घाटी के हालात की गंभीरता के संकेत मिल जाते हैं। चिंता की बात यह भी है कि मौसम विभाग ने आगे भी भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। ऐसे में, प्रशासन ने उचित ही लोगों को भू-स्खलन वाली जगहों पर न जाने की चेतावनी दी है।

कुदरती आपदा से सिर्फ जम्मू-कश्मीर त्रस्त नहीं है, असम में भी बाढ़ ने एक दर्जन से अधिक जिलों के लाखों लोगों के जीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। करीब दस हजार हेक्टेयर में फसलें तबाह हो गई हैं और पटरियों पर पानी आने के कारण रेलगाड़ियों का परिचालन स्थगित करना पड़ा है या फिर उनके मार्ग बदलने पड़े हैं। असम में भी बाढ़ ने कई लोगों से उनकी जिंदगी छीन ली है। कुदरती आपदा पर तो मनुष्य का वश नहीं है, लेकिन विकास कार्यों में मानवीय चूक पूरी तरह रोकी जा सकती है। इस बात की गंभीरता से जांच होनी चाहिए कि एनएचपीसी तीस्ता स्टेज श्क जल-विद्युत परियोजना में कहां गलती हुई थी? इस मौसम में वहां कार्य जारी रखने का क्या समुचित आकलन किया गया था? ऐसे हादसे बताते हैं कि हमें अधिक संवेदनशील कार्य-संस्कृति की कितनी जरूरत है? सिक्किम जैसी घटनाओं में जान गंवाने वाले ज्यादातर लोग मजदूर श्रेणी के होते हैं, जो अपने परिवार के आर्थिक संबल होते हैं, इसलिए उन्हें राज्य के साथ की कहीं अधिक मदद की दरकार है।

### चंद्रशेखर आजाद – भारत का वह पुत्र, जिसने सिर झुकना सीखा ही नहीं

# स्वतंत्रता का सबसे निर्भीक हस्ताक्षर – चंद्रशेखर आजाद

कभी-कभी इतिहास राजाओं के मुकुट से नहीं, एक साधारण युवक की भींची हुई मुट्ठी से बदलता है। साम्राज्य हमेशा तोपों से नहीं टूटते, वे अडिग संकल्प के सामने भी ढह जाते हैं। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में ऐसा ही एक संकल्प जन्मा था– चंद्रशेखर आजाद। उन्होंने केवल अंग्रेजी सत्ता को चुनौती नहीं दी, बल्कि भारतीयों के मन में जड़ जमा चुके भय और मानसिक गुलामी पर भी प्रहार किया। वे जानते थे कि जिस दिन भारतीय का भय टूट जाएगा, उसी दिन साम्राज्यवाद की नींव भी हिल जाएगी। इसलिए उनका संघर्ष केवल हथियारों का नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, स्वाभिमान और राष्ट्रीय चेतना के जागरण का था।



कृति आरके जैन, (दैनिक अवन्तिका)



23 जुलाई 1906 को तत्कालीन अलिराजपुर रियासत (वर्तमान मध्यप्रदेश) के भाबरा गांव में जन्मा वह बालक किसी राजमहल का वारिस नहीं था। न उसके पास धन था, न सत्ता, न सेना; पर उसके भीतर ऐसा स्वाभिमान था, जो किसी भी साम्राज्य से विशाल था। इतिहास साक्षी है कि जब किसी राष्ट्र की मिट्टी ऐसे सपूतों को जन्म देती है, तब गुलामी की उम्र सिमटने लगती है। जलियांवाला बाग का रक्तपात केवल निदोर्षों की हत्या नहीं था, वह एक पूरी पीढ़ी के हृदय में प्रतिकार की ज्वाला बनकर धधक उठा। उसी ज्वाला ने चंद्रशेखर के मन में ऐसा अटूट संकल्प जगाया, जिसे कोई शक्ति डिगा न सकी। उन्होंने समझ लिया था कि अन्याय अपने आप समाप्त नहीं होता; उसे साहस, त्याग और मृत्यु से भी बड़े संकल्प से परास्त करना पड़ता है।

किशोर अवस्था में 1921 में जब उन्हें अंग्रेजी अदालत में पेश किया गया और नाम पूछा गया, तो उन्होंने कहा – 'आजाद'। पिता का नाम 'स्वतंत्रता' और गांव का नाम 'जेल' बताया। यह उत्तर केवल परिचय नहीं, बल्कि दासता के चेहरे पर करारा प्रहार और पूरे राष्ट्र के स्वाभिमान की उद्घोषणा था। अदालत में खड़ा वह किशोर अभियुक्त नहीं, स्वतंत्र भारत के आत्मविश्वास का प्रतीक था। उनका जीवन सिद्ध करता है कि क्रांति केवल हथियार उठाने से नहीं, भय को पराजित करने से जन्म लेती है। जिस मनुष्य के भीतर भय समाप्त हो जाए, उसे संसार की कोई शक्ति झुका नहीं सकती। यही कारण था कि अंग्रेजी शासन उनके शरीर को तो घेर सका, पर उनके अदम्य आत्मबल को कभी बंदी नहीं बना सका।

चंद्रशेखर आजाद ने अपने साथियों को केवल संगठन नहीं, अटूट विश्वास दिया। उन्होंने सिखाया कि राष्ट्र का निर्माण नारों से नहीं, त्याग और समर्पण से होता है। उन्होंने अपने लिए कभी घर नहीं बसाया, क्योंकि पूरा भारत ही उनका घर था। उन्होंने अपने भविष्य से अधिक राष्ट्र के भविष्य को चुना। उनका सबसे बड़ा शस्त्र उनका चरित्र था। वे जानते थे कि अनुशासन के बिना संघर्ष सफल नहीं होता, नैतिकता के बिना क्रांति टिकती नहीं और संगठन के बिना बलिदान इतिहास नहीं रचता। इसलिए उनका जीवन अनुशासन, त्याग और राष्ट्रसमर्पण का पर्याय बन गया। उनका प्रत्येक क्षण राष्ट्र की अमानत था।

आज जब हम स्वतंत्र भारत में साँस लेते हैं, तब यह प्रश्न हमें स्वयं से पूछना चाहिए–क्या हम वास्तव में उतने ही स्वतंत्र हैं, जितना हमारे पूर्वज हमें बनाना चाहते थे? यदि समाज भ्रष्टाचार से समझौता कर ले, यदि युवा सुविधा को संघर्ष से बड़ा मानने लगे, यदि राष्ट्रहित से पहले स्वार्थ खड़ा हो जाए, तो क्या केवल राजनीतिक स्वतंत्रता पर्याप्त है? चंद्रशेखर आजाद आज भी इसी प्रश्न का उत्तर बनकर हमारे सामने खड़े हैं। उनका जीवन कहता है कि पराधीनता केवल विदेशी शासन नहीं होती। जब चरित्र बिकने लगे, जब सत्य डरने लगे, जब अन्याय देखकर भी समाज मौन रहे, तब समझ लेना चाहिए कि स्वतंत्रता का वास्तविक अर्थ अभी अधूरा है।

आज के युवाओं को चंद्रशेखर आजाद से हथियार नहीं, साहस; विद्रोह नहीं, अनुशासन; और अन्याय के सामने अडिग रहने का चरित्र सीखना चाहिए। राष्ट्र केवल सीमाओं की रक्षा से नहीं, बल्कि कर्तव्यनिष्ठ नागरिकों से महान बनता है। 27 फरवरी 1931 को इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क (अब आजाद पार्क) में चारों ओर से घिर जाने पर भी उन्होंने आत्मसमर्पण नहीं किया। यह केवल एक क्रांतिकारी का अंतिम निर्णय नहीं, बल्कि उनकी प्रतिज्ञा का अंतिम निर्वाह था। उन्होंने प्राण त्याग दिए, पर विदेशी सत्ता के सामने कभी नहीं झुके। उनका शरीर गिरा, पर उनका स्वाभिमान और संकल्प अमर हो गया। चंद्रशेखर आजाद आज भी भारतीय आत्मसम्मान, अदम्य साहस और स्वतंत्रता-चेतना के शाश्वत प्रतीक हैं।

आज आवश्यकता इस बात की नहीं कि हम केवल उनकी प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाएँ। आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने भीतर बैठे भय, स्वार्थ, भ्रष्टाचार, कायरता और उदासीनता के विरुद्ध क्रांति करें। यदि प्रत्येक नागरिक अपने जीवन में सत्य, ईमानदारी और राष्ट्रधर्म को सर्वोच्च स्थान दे दे, तो यही चंद्रशेखर आजाद के प्रति सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी। 23 जुलाई हर वर्ष कैलेंडर पर आती है, लेकिन उसका वास्तविक महत्व तभी है जब वह हमारे भीतर सोई हुई चेतना को जगा सके। यह दिन हमें याद दिलाता है कि राष्ट्र केवल सीमाओं से नहीं, बल्कि स्वाभिमानी नागरिकों से जीवित रहता है। स्वतंत्रता केवल संविधान में नहीं बसती, वह प्रत्येक भारतीय के चरित्र में दिखाई देनी चाहिए।

चंद्रशेखर आजाद आज इतिहास की पुस्तक का एक अध्याय भर नहीं हैं। वे उस प्रश्न का उत्तर हैं, जो हर पीढ़ी से पूछा जाएगा–जब अन्याय सामने था, तब तुमने क्या किया? वे उस साहस का नाम हैं, जो परिस्थितियों का दास नहीं बनता। वे उस स्वाभिमान का नाम हैं, जो मृत्यु स्वीकार कर सकता है, पर पराधीनता नहीं। जब तक भारत की मिट्टी में आत्मसम्मान जीवित रहेगा, जब तक कोई युवा अन्याय के सामने सिर झुकाने से इंकार करेगा, जब तक राष्ट्र के लिए त्याग करने वाले लोग जन्म लेते रहेंगे–तब तक चंद्रशेखर आजाद जीवित रहेंगे। क्योंकि कुछ लोग जीवन जीकर नहीं, अपने विचारों से अमर होते हैं; और आजाद उन्हीं अमर विचारों का सबसे तेजस्वी नाम हैं।

## ऐसा कभी सोचा न था

शाम के साढ़े सात बज रहे थे। चाय की दुकान पर केतली से उठती भाप ने दुकान के मालिक, मंगत राम के चेहरे को धुंधला कर दिया था। लेकिन नौ साल के छोटू के लिए दुनिया कभी धुंधली नहीं थी। वह इतनी साफ थी कि उसकी नंगी आंखों में सीधे चुभती थी। जहां जिंदगी चाय के कुल्हड़ में तैरती मलाई जैसी होती है, दिखने में तो अच्छी, पर गटक जाओ तो स्वाद गायब, छोटू की कहानी भी कुछ ऐसी ही थी।

छोटू का असली नाम क्या था, यह बात सरकारी कागजों के उस ढेर में दफन थी जिसे दीमकें कब का अपना लंच बना चुकी थीं। अनाथालय की दीवारें वैसी ही थीं जैसी हमारे देश की व्यवस्था। ऊपर से पुती हुई, अंदर से सीलन से भरी। वह अक्सर अपने फटे हुए कुर्ते की आस्तीन से नाक पोंछते हुए सोचता कि अनाथ होना भी एक टैलेंट है साहब, कम से कम आपको यह चिंता नहीं होती कि पापा पैरेंट-टीचर मीटिंग में आकर बेइज्जती कराएंगे। दर्द अगर सीधा दिल पर लगता, तो नौ साल का यह ढांचा कब का भरभरा कर ढह गया होता। लोग कहते हैं बच्चे भगवान का रूप होते हैं, लेकिन छोटू को देखकर लगता था कि भगवान ने यह रूप बनाकर उसका एड्रेस लिखना भूल गए हैं।

सर्दियों की वह रात कसाई की छुरी जैसी पैनी थी। हवाएं ऐसे चल रही थीं जैसे किसी ने मुहावरों की किताब से 'खून जमा देने वाली ठंड' को हकीकत में बदल दिया हो। छोटू एक बंद दुकान के शटर के नीचे दुबका था। उसका पेट ऐसे सुर लगा रहा था जैसे कोई नौसिखिया उस्ताद टूटी हुई सारंगी बजा रहा हो। तभी शहर के सभ्य बाबूजी वहां से गुजरे। शॉल में लिपटे, मफलर से कान बांधे। छोटू को देखकर थिटके और बोले, ₹बेटा, तुम्हारे माता-पिता कहां हैं?₹ मानो कोई क्विज कॉन्टेस्ट चल रहा हो। छोटू ने मुस्कुरा कर देखा। उसकी आंखों में दर्द का एक समंदर था, लेकिन होंठों पर तीखा तंज तैर गया, ₹बाबूजी, वो जरा भगवान जी के यहां वीआईपी गेस्ट बनकर गए हैं। लौटते में शायद थोड़ा लेट हो जाएंगे।



## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 23 जुलाई 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 05:58 सूर्यास्त 19:09
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - नवमी 07:04 उपरांत दसमी
नक्षत्र - विशाखा 25:43 उपरांत अनुराधा
योग - शुभ 19:20 उपरांत शुक्ल
करण - कौलव
चन्द्रमा - तुला में है। 19:01 पर वृश्चिक में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास-सावान मास 08 तारिख

**मेष-** व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। लाभ के मौके बार-बार प्राप्त होंगे। विवेक का प्रयोग करें।

**वृषभ-** बेकार बातों में समय नष्ट न करें। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में तरक्की के योग हैं। व्यापार की गति बढ़ेगी।

**मिथुन-** लाभ में वृद्धि होगी। प्रमाद न करें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**कर्क-** जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें।

**सिंह-** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। ऐसा कोई कार्य न करें जिससे बाद में पछताना पड़े। जोखिम न लें।

**कन्या-** बोलचाल में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। प्रतिद्वंद्विता कम होगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे।

**तुला-** विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। व्यापार मनोनुकूल रहेगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी।

**वृश्चिक-** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। प्रमाद न करें।

**धनु-** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा लाभदायक रहेगी।

**मकर-** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है।

**कुंभ-** कारोबार में मनोनुकूल लाभ होगा। प्रमाद न करें। किसी भी निर्णय को लेने में जल्दबाजी न करें।

**मीन-** भ्रम की स्थिति बन सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। थकान व कमजोरी महसूस होगी।

### 23 जुलाई-जन्मदिवस पर विशेष

# आधुनिक भारत के निर्माता बाल गंगाधर तिलक

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक महान भारतीय राष्ट्रवादी शिक्षक, समाज सुधारक, विख्यात वकील और स्वतंत्रता सेनानी के साथ ही त्याग की मूर्ति, ओजस्वी वक्ता, निर्भीक लेखक एवं संपादक तथा इतिहासकार बाल गंगाधर तिलक का जन्म 23 जुलाई 1856 को रत्नागिरी के मराठीशाला गांव में हुआ था। आपका जन्म अतिसाधारण परिवार में हुआ। तिलक की प्रारंभिक शिक्षा घर पर ही हुई, उनके पिता श्रीगंगाधरपंत एक परिश्रमी शिक्षक थे। जब बाल 10 वर्ष के थे तब उनके पिता का तबादला पुणे हो गया एवं कुछ समय बाद ही उनकी मां उनके बाल्यकाल में ही स्वर्ग सिधार गई।



डॉ. बी.आर. नलवाया, (दैनिक अवन्तिका)

बाल अत्यंत मेधावी थे, उनका स्वभाव धीर, गंभीर और निडर था। उनका बचपन बेहद कष्टमय व्यतीत हुआ। वे गणित के कठिन प्रश्नों को मौखिक ही हल कर लेते थे। अपनी तिष्ण बुद्धि द्वारा मात्र 10 वर्ष की आयु में ही उन्होंने संस्कृत के श्लोकों की रचना करना सीख ली थी। कॉलेज में पढ़ने के दौरान उनका शरीर काफी दुर्बल था। 20 वर्ष की आयु में उन्होंने बी. ए.एवं उसके बाद एलएलबी की परीक्षा उत्तीर्ण की।

एक बार का प्रसंग है की स्कूल में अध्यापक ने उनकी शरारत पर उन्हें ₹सिरफिरे छोकरे₹ कहकर संबोधित किया। गलत बातो के विरोध में उन्हें उल्टे जवाब देने में महारथ हासिल थी। जब अध्यापक ने उन्हें कहा कि तुम्हे मैं अभी दंड देता हूं,उसी समय तत्काल वे अपनी पुस्तकें उठाकर कक्षा से बाहर चले गए। उन्होंने कहा कि मैं अन्याय के आगे झुकने वाला नहीं हूं, ऐसे सच्चे, निडर और स्वाभिमानी बालक थे बाल गंगाधर तिलक । एक बार तिलक ने इंग्लैंड की महारानी की तस्वीर जमीन पर गीराकर पैरों तले रौंद डाली, और कहा कि हम सब अपनी आपसी फूट के कारण गुलाम बने हैं। अब हमें चाहिए कि हम सब एकजुट होकर अंग्रेजों को रौंद डालें। ब्रिटिश सरकार ने उन दिनों भारतीय कपड़ों पर टैक्स अत्यधिक बढ़ा दिया ताकि स्वदेशी कपड़ो की तुलना में ब्रिटेन से आने वाला कपड़ा अधिक मात्रा में बिके। लेकिन ऐसे अन्याय के विरुद्ध बाल चुप रहने वाले नहीं थे, उन्होंने ऐलान किया कि अगर हम स्वदेशी कपड़ा नहीं खरीदेंगे तो इसे और कौन खरीदेगा? हम सभी का व्यापार कैसे चलेगा। अगर तुम्हें अपना देश, अपने लोग प्यारे हैं तो थोड़ा ज्यादा पैसा देकर भी विदेशी कपड़ों का बहिष्कार करो और स्वदेशी को अपनाओ।

बाल गंगाधर तिलक ने भारतीय स्वतंत्रता के लिए नए-नए विचार रखे और अनेकों प्रयत्न भी किए। अंग्रेज उन्हें भारतीय अशांति के पिता कहकर संबोधित करते थे। वे स्वराज्य के सबसे पहले और मजबूत अधिवक्ताओं में से एक थे। उनका मराठी नारा हिंदी में इस प्रकार प्रसिद्ध हुआ कि ₹स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है, और मैं इसे लेकर ही रहूंगा₹। उनका यह नारा बहुत ही प्रसिद्ध हुआ और इसके बाद तिलक को लोकमान्य की उपाधि प्राप्त हुई एवं लोगों द्वारा सम्मान प्राप्त होता गया। तिलक ने स्वामी विवेकानंद को अपना राजनीतिक गुरु बनाया एवं स्वामी विवेकानंद ने उन्हें अपने शिष्य के रूप में स्वीकार किया।


उन्होंने हिंदी, अंग्रेजी, मराठी और संस्कृत भाषा में अनेकों लेख लिखें, साथ ही अनेकों महत्वपूर्ण पुस्तकें भी लिखी। राजनीतिक जागरण के लिए उन्होंने केसरी (मराठी भाषा) और मराठा (अंग्रेजी भाषा) दो समाचारपत्र प्रकाशित किए। इन समाचार पत्रों के द्वारा उन्होंने अंग्रेजी शासन की तीखी आलोचना की। राष्ट्रीयता की शिक्षा, विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग पर उन्होंने बहुत जोर दिया। सरकार की तीखी आलोचना के कारण उन्हें 18 माह का सश्रम कारावास का दंड मिला, इस दंड के विरोध में उनके समर्थन में अनेकों स्थानों पर जनसभाएं हुई लेकिन इन सभाओं का सरकार पर कोई प्रभाव नहीं हुआ।

# पुरुषों में क्यों होता है यूरिन इंफेक्शन? जानें कारण

यूरीनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन यानी एक आम बीमारी है जो ज्यादातर महिलाओं में देखी जाती है। यह बीमारी तब होती है जब रोगाणु मूत्र प्रणाली को संक्रमित कर देते हैं। इसका असर किडनी ब्लैडर और इन्हें जोड़ने वाली नलिकाओं पर भी पड़ता है। वैसे तो यूटीआई बीमारी आम है लेकिन ध्यान ना दिया जाए तो इसका इंफेक्शन किडनी में भी फैल सकता है और किसी गंभीर बीमारी का कारण बन सकता है।

**यूटीआई के लक्षण-** ज्यादातर यूटीआई की वजह से ब्लैडर इंफेक्शन हो जाता है। इसकी वजह से पेशाब करने में जलन, बार-बार पेशाब लगना, पेट के निचले हिस्से में दर्द होना और पेशाब से दुर्गंध आती है। अगर ये बीमारी किडनी तक पहुंच जाए तो पीठ के निचले हिस्से में तेज दर्द महसूस होता है। कई बार इसकी वजह से बुखार, ठंड लगना या उल्टी भी महसूस हो सकती है।

**यूटीआई से होने वाली दिक्कतें-** अगर यूटीआई का सही समय पर इलाज ना किया जाए तो ये ब्लैडर से एक या दोनों किडनी में फैल सकता है। किडनी में पहुंच कर बैक्टीरिया इसकी कार्यक्षमता को नुकसान पहुंचाता है। जिन लोगों को पहले से ही किडनी की दिक्कत है, इसकी वजह से उनमें किडनी फेल होने का खतरा बढ़ जाता है। इस बात की भी संभावना है कि यूटीआई खून के जरिए शरीर के दूसरे अंगों में फैल जाए।



**यूटीआई इंफेक्शन कैसे होता है-** यूटीआई मुख्य रूप से ई-कोलाई बैक्टीरिया से होता है। ये बैक्टीरिया मूत्रमार्ग से होते हुए ब्लैडर तक पहुंच जाता है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं में ये समस्या ज्यादा पाई जाती है।

**इन लोगों में यूटीआई इंफेक्शन का खतरा ज्यादा-** सेक्सुअली एक्टिव महिलाओं में इस इंफेक्शन की संभावना ज्यादा होती है। इसके अलावा कम पानी पीने वालों, एक दिन में कई बार नहाने वालों, बहुत देर तक पेशाब को रोक कर रखने वालों और किडनी स्टोन वालों में भी ये इंफेक्शन जल्दी होता है। यूरीन टेस्ट के जरिए यूटीआई के बारे में पता लगाया जा सकता है।

**यूटीआई का इलाज-** कुछ यूटीआई बिना दवाइयों के अपने आप ठीक हो जाते हैं जबकि कुछ गंभीर इंफेक्शन का इलाज एंटीबायोटिक दवाओं के जरिए किया जाता है। इसके अलावा डॉक्टर आपको खूब सारा तरल पदार्थ लेने और ब्लैडर से बैक्टीरिया बाहर निकालने के लिए जल्दी-जल्दी बाथरूम जाने की सलाह दे सकते हैं। किडनी इंफेक्शन का इलाज भी एंटीबायोटिक दवाओं से हो सकता है लेकिन गंभीर होने पर अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत भी पड़ सकती है।

**यूटीआई और डायबिटीज-** डायबिटीज के मरीजों में यूटीआई का खतरा ज्यादा होता है। इसकी कई वजहें हैं जैसे कि डायबिटीज के मरीजों का इम्यून सिस्टम कमजोर होता है। इसके अलावा हाई ब्लड शुगर यूरीन में फैलकर बैक्टीरिया को बढ़ाने का काम करता है। डायबिटीज के मरीजों का ब्लैडर पूरी तरह खाली नहीं होता है जिससे यूटीआई की संभावना बनी रहती है। डायबिटीज के मरीजों को इसका पहला लक्षण दिखते ही डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

**ऐसे करें बचाव-** यूटीआई इंफेक्शन से बचने के लिए खूब सारा पानी पिएं। सेक्स से पहले और बाद में टॉयलेट जरूर जाएं। प्राइवेट पार्ट की अच्छे से सफाई करें। किसी भी तरह के हाइजीन स्प्रे का कम इस्तेमाल करें। नहाने के लिए बाथ टब के इस्तेमाल से बचना चाहिए। इसके अलावा पेशाब को देर तक नहीं रोकना चाहिए। गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और डायबिटीज के मरीजों को यूटीआई के लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

### [प्रसंगवश 23 जुलाई : चंद्रशेखर आजाद जयंती

# मैं आजाद हूं : चंद्रशेखर

आजाद एक ऐसा शब्द है जो महान स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद के साथ जुड़ा है। इन्होंने अपनी पूरी जिंदगी को आजाद रखने का वचन लिया था और उसे आखिरी सांस तक निभाया भी। ऐसे मैं हूं आजाद! आजाद थे! आजाद ही रहे! आजादी के महानायक, मां भारती के सच्चे उपासक जगदानी देवी-पंडित सीताराम तिवारी के सपूत चंद्रशेखर आजाद का अवतरण 23 जुलाई, 1906 को मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले के भाबरा नामक स्थान पर हुआ था। चंद्रशेखर का बचपन आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में स्थित भाबरा गांव में बीता था। यहां पर चंद्रशेखर ने भील बालकों के साथ खूब धनुष बाण चलाए थे। जिसके कारण उन्होंने निशानेबाजी बचपन में ही सीख ली थी।



हेमेन्द्र क्षीरसागर, (दैनिक अवन्तिका)

स्तुत्य, जलियांवाला बाग कांड के समय चन्द्रशेखर बनारस में पढ़ाई कर रहे थे। जब गांधीजी ने सन्‌ 1921 में असहयोग आन्दोलन शुरू किया तो वे अपनी पढ़ाई छोड़कर सड़क पर उतर आए। इन्होंने अपना पूरा जीवन देश की आजादी की लड़ाई के लिए कुर्बान कर दिया। चंद्रशेखर बेहद कम्र उम्र में देश की आजादी की लड़ाई का हिस्सा बने थे। जब सन 1922 में चौरी चौरा की घटना के बाद गांधीजी ने अपना आंदोलन वापस ले लिया तो चंद्रशेखर का कांग्रेस से मोहभंग हो गया। इसके बाद वे पण्डित राम प्रसाद बिस्मिल और शचीन्द्रनाथ सान्याल, योगेश चन्द्र चटर्जी द्वारा 1924 में गठित हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन से जुड़ गए। इस एसोसिएशन के साथ जुड़ने के बाद चंद्रशेखर ने रामप्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में काकोरी कांड 1925 में पहली बार सक्रिय रूप से भाग लिया।

कालजयी, आजाद, भगत सिंह और राजगुरु ने मिलकर 17 दिसंबर, 1928 की शाम को लाहौर में पुलिस अधीक्षक जेपी सांडर्स को मार दिया। जब सांडर्स के अंगरक्षक ने उनका पीछा किया, तो चंद्रशेखर ने अपनी गोली से उसे भी समाप्त कर दिया। इस हत्याकांड के बाद लाहौर में जगह-जगह परचे चिपका दिए गए, जिन पर लिखा था- लाला लाजपतराय की मृत्यु का बदला ले लिया गया है। चंद्रशेखर ने भगत सिंह, सुखदेव तथा राजगुरु की फांसी रुकवाने के लिए दुर्गा भाभी को गांधीजी के पास भेजा था, लेकिन वहां से उन्हें कोरा जवाब मिल गया था। चंद्रशेखर ने इन तीनों की सजा कम कराने का काफी प्रयास किया था। वे पण्डित नेहरू से भी आग्रह किए थे कि तीनों की फांसी को उम्रकैद में बदलवा दिया जाए, लेकिन सफलता नहीं मिली।

मंत्रमुग्ध, चंद्रशेखर को आजाद नाम एक खास वजह से मिला। चंद्रशेखर जब 15 साल के थे तब उन्हें किसी केस में एक जज के सामने पेश किया गया। वहां पर जब जज ने उनका नाम पूछा तो उन्होंने ने कहा, मेरा नाम आजाद है, मेरे पिता का नाम स्वतंत्रता और मेरा घर जेल है। जज ये सुनने के बाद भड़क गए और चंद्रशेखर को 15 कोड़ों की सजा सुनाई, यही से उनका नाम आजाद पड़ गया। चंद्रशेखर पूरी जिंदगी अपने आप को आजाद रखना चाहते थे। अभिभूत चंद्रशेखर आजाद का कहना था, देश की स्वतंत्रता के लिए विपत्तियों से युद्ध करना, देश आजादी ही मेरा राष्ट्रधर्म है।

अविनाशी, अंग्रेजों से लड़ाई करने के लिए चंद्रशेखर आजाद इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में सुखदेव और अपने एक अन्य साथियों के साथ बैठकर आगामी योजना बना रहे थे। इस बात की जानकारी अंग्रेजों को पहले से ही मिल गई थी। जिसके कारण अचानक अंग्रेज पुलिस ने उन पर हमला कर दिया। चंद्रशेखर आजाद ने अपने साथियों को वहां से भगा दिया और अकेले अंग्रेजों से लोहा लगने लगे। इस लड़ाई में पुलिस की गोलियों से आजाद बुरी तरह घायल हो गए थे। वे सैकड़ों पुलिस वालों के सामने 20 मिनट तक लड़ते रहे थे। उन्होंने संकल्प लिया था कि वे न कभी पकड़े जाएंगे और न ब्रिटिश सरकार उन्हें फांसी दे सकेगी। इसीलिए अपने संकल्प को पूरा करने के लिए अपनी पिस्तौल की आखिरी गोली खुद को मार ली और मातृभूमि के लिए महज 24 बरस की अल्पायु में 27 फरवरी 1931 को प्राणों की आहुति दे दी। इतिहास के अमर पन्नों में दर्ज यह वीरगाथा सदा-सर्वदा प्रेरणापुंज रहेगी। वंदेमातरम्‌!

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6300 से 6350 विशाल 6050 से 6150 मसूर 6000 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9500 से 9900 उड़द गर्मी 8800 से 9500 ग्रेविटी क्लीन 10000 से 10200 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7200 से 8500 काबुली रशियन 5800 बिटकी 5200 से 5300 सरसों निमाड़ी 7800 से 8100 रायडा 7000 से 7100 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7700 से तुअर दाल 7400 से 7600 मूंग दाल 8800 से 8900 बेस्ट 9000 से 9100 मूंग मोगर 10900 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द दाल 10800 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द मोगर 12000 से 12300 बेस्ट 12400 से 12700 मसूर दाल 7950 से 8050 बेस्ट 8150 से 8250 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली- 5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर- 5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,42,300 रवा- 1,42,200 चांदी- टंच- 2,25,500 पाट- 2,24,500।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## 14 दिन बाद बरसे बदरा रिमझिम व मध्यम बारिश से सोयाबीन को संजीवनी

**शुजालपुर में अब तक लगभग 10 इंच बारिश हुई**

**शुजालपुर।** करीब 14 दिनों के लंबे इंतजार के बाद मंगलवार को क्षेत्र में मानसून फि र मेहरबान हुआ। मध्य रात्रि के बाद शुरू हुआ बारिश का दौर सुबह लगभग 10 बजे तक जारी रहा। इस दरमियान रिमझिम और मध्यम बारिश हुई। इस बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी लौट आई और सूखे की मार झेल रही सोयाबीन की फसल को बड़ी राहत मिली। हालांकि इतनी लम्बी खेच के कारण सोयाबीन के पौधों की बढ़त पर असर हुआ है और इसका प्रभाव उत्पादन पर भी दिखाई दे सकता है। पिछले दो सप्ताह से बारिश नहीं होने के कारण किसान चिंतित थे। खेतों में नमी समाप्त होने लगी थी और सोयाबीन के पौधे पीले पड़ने लगे थे। कई स्थानों पर फसल की बढ़वार रुक गई थी, जिससे उत्पादन प्रभावित होने की आशंका बढ़ी है, ऐसे में मंगलवार की बारिश किसानों के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं रही। किसानों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में भी नियमित बारिश होती रही तो फ सल फि र से अच्छी स्थिति में आ सकती है। भू संसाधन प्रबंधन कार्यालय के अनुसार 1 जून से 21 जुलाई तक शुजालपुर में 261 एमएम, कालापीपल में 243, गुलाना में 278, पोलायकलां में 310, अवंतिपुर बडोदिया में 276, शाजापुर में 285 तथा मोहन बडोदिया तहसील क्षेत्र में 289 एमएम बारिश दर्ज हुई है। वर्ष भर का सामान्य बारिश का आंकडा 988 एमएम माना जाता है।

## जीरकॉन इथेनॉल प्लांट के बाहर ग्रामीणों का कानड़ मार्ग पर चक्काजाम

**आगर मालवा।** आगर-मालवा जिले के कानड़ मार्ग स्थित जीरकॉन कंपनी के इथेनॉल प्लांट के बाहर मंगलवार दोपहर ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। सड़क पर अव्यवस्थित खड़े भारी वाहनों से लग रहे ट्रैफिक जाम और प्लांट से निकल रहे दूषित पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। चक्काजाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात ठप हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि प्लांट के बाहर रोजाना भारी वाहन बेतरतीब ढंग से खड़े रहते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। इसके अलावा प्लांट का गंदा पानी नालों के जरिए खेतों और जलाशयों में मिल रहा है, जिससे पेयजल स्त्रोत दूषित हो रहे हैं। एक दिन पहले ही सेमली और कुण्डला खेड़ा के ग्रामीणों ने इस संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा था। चक्काजाम की सूचना मिलते ही यातायात सूबेदार जगदीश यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर कंपनी प्रबंधन को सड़क से वाहन हटाने और यातायात सुचारु रखने के निर्देश दिए। अधिकारियों द्वारा स्थायी समाधान का आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीणों ने प्रदर्शन समाप्त कर दिया और मार्ग पर आवागमन बहाल हो सका।

## सगे भाई ने ही घर से चुराई चांदी, शराब की लत ने बनाया चोर, सुंदरसी पुलिस ने पकड़ा

**अकोदिया।** अकोदिया क्षेत्र की सुंदरसी पुलिस ने ग्राम घटियाखुर्द में हुई चोरी की वारदात का चार दिनों में खुलासा कर दिया है। चोरी करने वाला कोई बाहरी व्यक्ति नहीं, बल्कि शराब की लत का शिकार फरियादी का सगा भाई ही निकला। आरोपी ने पैसों की जरूरत और शराब के नशे में इस वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की गई 95 हजार रुपये मूल्य की पूरी चांदी बरामद कर ली है। जानकारी के अनुसार, घटियाखुर्द निवासी कैलाश पिता बोंदूलाल चौहान ने 17 जुलाई को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके घर से करीब 500 ग्राम चांदी (कीमत लगभग 95 हजार रुपये) चोरी हो गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी मनीषा शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की गई।

## महिला से छेड़छाड़, जान से मारने की धमकी के आरोपियों को 2 साल का सश्रम कारावास

**शाजापुर।** जिले के जाईहेड़ा गांव में महिला से छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने के मामले में अदालत ने दो आरोपियों को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने आरोपी मुलायम और शुभम को आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत 2-2 साल के सश्रम कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी प्रतीक श्रीवास्तव के अनुसार, घटना 21 फरवरी 2022 की है। पीड़िता अपनी बहन के साथ खेत से गुजर रही थी, तभी रास्ते में खड़े वाहन को हटाने पर आरोपियों ने विवाद शुरू कर दिया। इस दौरान मुलायम और शुभम ने महिला का हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की और बीच-बचाव करने पहुंची बुआ को जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामला अदालत में पेश किया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर न्यायालय ने दोनों आरोपियों को दोषी करार दिया। मामले में अभियोजन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी ममता पाराशर ने पैरवी की।

## राहुल गांधी की गिरफ्तारी पर कांग्रेस का प्रदर्शन, केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

**शाजापुर।** शाजापुर में जिला कांग्रेस के कार्यकताओं ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में बस स्टैंड स्थित पार्टी कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। रात 8:30 बजे से 10 बजे तक चले इस प्रदर्शन में कार्यकताओं ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी बस स्टैंड से निकलकर शहरी हाईवे स्थित ट्रैफिक प्वाइंट पहुंचे, जहां उन्होंने सड़क पर बैठकर विरोध जताया और चक्काजाम करने की कोशिश की। कुछ कार्यकर्ताओं ने सड़क पर दंडवत होकर आंदोलनरत छात्रों पर लाठीचार्ज न करने और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के तुरंत इस्तीफे की मांग की विरोध प्रदर्शन की सूचना मिलते ही एसडीएम, तहसीलदार और भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन समाप्त किया।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

झारडा, बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ, रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**मौका न चूकें, अंतिम अवसर 31 जुलाई**

सम्पर्क करें

**दैनिक अवन्तिका कार्यालय**
**2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन**
**0734-4041777, मोबा. 9977755777**

राहुल गांधी की गिरफ्तारी का विरोध

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट के सामने दिया धरना, भाजपा लोकतंत्र कमजोर करने की कोशिश कर रही

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा



आगर-मालवा में जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने करीब डेढ़ घंटे तक धरना देकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। प्रदर्शनकारियों ने गिरफ्तारी को लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत बताते हुए विरोध दर्ज कराया।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। उनका कहना था कि जनहित के मुद्दों को उठाने पर विपक्षी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, लेकिन कांग्रेस लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए अपना संघर्ष जारी रखेगी।

कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता गुड्डू लाला ने कहा कि राहुल गांधी सहित विपक्षी नेताओं के खिलाफ की जा रही कार्रवाई लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास है। वहीं शहर कांग्रेस अध्यक्ष रईस शेख ने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया।

कांग्रेस नेताओं ने बताया कि नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी सहित कई नेताओं को हिरासत में लिया गया था। इसी के विरोध में देशभर के जिला मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन आयोजित किए जा रहे हैं। प्रदर्शन में एनएसयूआई के राष्ट्रीय महासचिव अंकुश भटनागर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रईस शेख सहित कांग्रेस और एनएसयूआई के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए।

### देवास में भी प्रदर्शन

देवास में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंगलवार रात नीट पेपर लीक मामले को लेकर दिल्ली में राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेताओं की हिरासत के विरोध में प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और पोस्टर जलाए। प्रदर्शन रात करीब 9:30 बजे शहर के मंडूक पुष्कर तालाब क्षेत्र से शुरू हुआ। यहां बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता जुटे और धरना-प्रदर्शन किया। इसके बाद उन्होंने रैली निकाली, जो सयाजी द्वार पहुंची। सयाजी द्वार पर कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के नेताओं के पोस्टर जलाकर विरोध जताया। इस दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। प्रदर्शन में शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम सहित कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गौरक्षा सेना ने कसी कमर, बारिश में गोवंश की सुरक्षा के लिए वीरेंद्रसिंह और धर्मेंद्र बना बने संरक्षक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



बारिश के मौसम में अक्सर बेसहारा गोवंश सड़क दुर्घटनाओं और मौसमी बीमारियों का शिकार हो जाते हैं। इस गंभीर समस्या को देखते हुए शाजापुर में गौरक्षा सेना ने गोवंश की रक्षा और उनके त्वरित उपचार के लिए एक व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। संगठन ने पूरे जिले में अपना विस्तार करने और आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए एक मजबूत नेटवर्क बनाने की शुरूआत कर दी है।

इसी कड़ी में गौउपचार केंद्र कांजी हाउस में संगठन की एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसका विधिवत शुभारंभ गौमाता की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए गौरक्षा सेना के सचिव प्रतीक सक्सेना ने बताया कि मॉनसून के दौरान घायल होने वाले गोवंश को बिना किसी देरी के चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए क्षेत्रवार टीमों का गठन कर दिया गया है। नई व्यवस्था के तहत धोबी चौराहा से मझानिया जोड़ तक अर्जुन राजपूत के नेतृत्व में टीम रेस्क्यू अभियान संभालेगी। गिरवर एवं पतोली बायपास क्षेत्र में अशोक खींची, लोकेश दरिया और नरेंद्र बना पतोली को उपचार व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार, शाजापुर नगर क्षेत्र का जिम्मा हर्षित परमार, अक्षय गुर्जर, शिवम बिरथरे, सुमित गोस्वामी, चिंटू परमार और चंद्रशेखर सहित अन्य गौसेवकों के पास रहेगा, जबकि बेरछा रोड एवं सांपखेड़ा क्षेत्र में सुनील गुर्जर व अन्य गौसेवक रेस्क्यू का कार्य देखेंगे। संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से बैठक में महत्वपूर्ण नियुक्तियां भी की गईं। गौरक्षा सेना के अध्यक्ष अशोक खींची द्वारा रखे गए प्रस्ताव पर सभी पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति जताते हुए वीरेंद्र सिंह टेवा एवं धर्मेंद्र सिंह सिसोदिया (धर्मेंद्र बना) को संगठन का संरक्षक नियुक्त किया।

## चिकित्सालय में गाय की रोटी योजना शुरू, बचा भोजन पहुंचेगा गोशाला

**आगर मालवा।** जिला चिकित्सालय आगर मालवा में रोगी कल्याण समिति की पहल पर मंगलवार को गाय की रोटी योजना का शुभारंभ किया गया। योजना का उद्देश्य भोजन की बर्बादी रोकना, अन्न का सम्मान करना और बचे हुए खाद्य पदार्थों का सदुपयोग सुनिश्चित करना है। यह पहल जिला कलेक्टर एवं रोगी कल्याण समिति की अध्यक्ष प्रीति यादव के निर्देश पर की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि एवं रोगी कल्याण समिति सदस्य पारस जैन ने की। इस मौके पर सिविल सर्जन एवं मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. मनीष कुरील विशेष रूप से उपस्थित थे। इसमें जिला चिकित्सालय परिसर के 10 प्रमुख स्थानों पर बड़ी बाल्टियां रखी गई हैं। इनमें मरीजों के परिजनों द्वारा बचा हुआ भोजन और फलों के छिलके एकत्र किए जाएंगे, जिन्हें नियमित रूप से गोशाला तक पहुंचाया जाएगा। पारस जैन ने कहा कि अन्न जीवन का सबसे मूल्यवान धन है और उसका अपमान नहीं होना चाहिए। बचा हुआ भोजन इधर-उधर फेंकने के बजाय उसका सदुपयोग करना सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में डॉ. शशांक सक्सेना, डॉ. गोपाल कृष्णा, डॉ. सरदार इस्की, डॉ. विशाल अग्रवाल, डॉ. संदीप नहाटा, डॉ. आलोक सक्सेना, डॉ. राहुल गौड सहित अस्पताल का चिकित्सा एवं कार्यालयीन स्टाफ मौजूद रहा।

शाजापुर में होटल संचालक से 95 हजार की ठगी

## रिश्तेदार बनकर फोन पर खातों में पैसे ट्रांसफर करवाए, शिकायत दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर


शाजापुर शहर के करेड़ी नाका क्षेत्र में एक होटल संचालक साइबर ठगी का शिकार हो गया। आरोपी ने रिश्तेदार बनकर होटल संचालक से 95 हजार रुपए अपने खातों में ट्रांसफर करवा लिए। पीड़ित को ठगी का पता तब चला जब उसने अपना बैंक खाता चेक किया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, फरियादी सोनारसिंह पिता पर्वतसिंह राजपूत (36) शाजापुर के बरगुंडा मोहल्ला गिरवर निवासी हैं और करेड़ी नाका पर होटल का संचालन करते हैं। 12 जुलाई की शाम करीब 7 बजे सोनारसिंह अपनी दुकान पर थे, तभी उनके जीजाजी भंवरसिंह राजपूत का फोन आया। भंवरसिंह ने बताया कि उनके खाते में रुपए ट्रांसफर नहीं हो पा रहे हैं, इसलिए सोनारसिंह अपने खाते में रुपए डलवा लें। कुछ देर बाद एक अज्ञात व्यक्ति ने सोनारसिंह को फोन किया और खुद को भंवरसिंह का जीजाजी बताया। आरोपी ने पहले सोनारसिंह के खाते में 10 रुपए भेजे, जिससे पीड़ित को उस पर भरोसा हो गया। इसके बाद आरोपी ने 35 हजार रुपए भेजने का मैसेज दिखाकर सोनारसिंह से एक नंबर पर 15-15 हजार रुपए लिए। बाद में, आरोपी ने खुद के अस्पताल में होने की बात कहते हुए 60 हजार रुपए भेजने का झांसा दिया। इस बार उसने सोनारसिंह से 30 हजार और 35 हजार रुपए एक अन्य नंबर पर ट्रांसफर करवा लिए। इस तरह कुल मिलाकर पीड़ित ने 95 हजार रुपए आरोपी के बताए खातों में भेज दिए।

## समान नागरिक संहिता बिल ऐतिहासिक और युगांतरकारी कदम- शहर काजी

सभी नागरिकों में समानता की भावना मजबूत होगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



आल इंडिया दारुल कजा एवं इफ्ता कमेटी के अध्यक्ष तथा शहर काजी शुजालपुर प्रोफेसर डॉ. काजी एस रहमान ने मध्य प्रदेश विधानसभा में समान नागरिक संहिता यूसीसी विधेयक पारित होने का स्वागत करते हुए इसे प्रदेश सरकार का ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम बताया है।

जारी बयान में डॉ. रहमान ने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू होने से प्रदेश के सभी नागरिकों में समानता की भावना मजबूत होगी और महिलाओं के अधिकारों को संरक्षण मिलेगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार केंद्र सरकार द्वारा तीन तलाक पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद मुस्लिम महिलाओं की स्थिति में सुधार देखने को मिला, उसी प्रकार समान नागरिक संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन से भविष्य में महिलाओं, विशेषकर मुस्लिम महिलाओं को भी व्यापक लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस कानून से महिलाओं को संपत्ति में समान अधिकार मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा, बहुविवाह जैसी प्रथाओं पर नियंत्रण लगेगा तथा पारिवारिक मामलों में एकरूपता आएगी।

साथ ही विभिन्न धर्मों के लोगों के लिए गोद लेने संबंधी समान कानूनी व्यवस्था भी सुनिश्चित हो सकेगी। डॉ. रहमान ने कहा कि समान नागरिक संहिता सामाजिक समरसता और न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के भ्रम या बहकावे में न आएं तथा कानून के प्रावधानों को समझकर उनका ईमानदारी से पालन करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह कानून प्रदेश में सामाजिक सुधार और लैंगिक समानता को नई दिशा प्रदान करेगा।

## सारंगपुर में तीसरे दिन भी बारिश जारी, उमस से राहत, अगले चार दिन रुक-रुककर बारिश की संभावना

**सारंगपुर।** सारंगपुर शहर और ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्ना हिस्सों में बुधवार को लगातार तीसरे दिन रुक-रुककर बारिश हुई। कहीं तेज तो कहीं हल्की वर्षा दर्ज की गई। बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली, वहीं किसानों को खरीफ फसलों के लिए पर्याप्त नमी मिलने की उम्मीद बढी है।

सारंगपुर तहसील से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र में बीते 24 घंटे में दर्ज हुई 41.2 एमएम बारिशके साथ अब तक एक जून से 22 जुलाई तक 52 दिनों में 15.21 इंच औसत वर्षा दर्ज हो चुकी है। जो कुल औसत वर्षा का 42 फीसदी है। जबकि 26.39 इंच यानि 57 फीसदी की और जरूरत है। बुधवार सुबह से ही तहसील के अलग-अलग क्षेत्रों में रुक-रुककर बारिश का दौर जारी रहा। लगातार हो रही बारिश से मौसम सुहावना हो गया।

## कन्नौद : संपत्ति विवाद में बेटे ने पिता की उस्तरे से गला रेतकर की हत्या



**देवास।** कन्नौद थाना क्षेत्र के ग्राम चपलासा में मंगलवार को संपत्ति विवाद के चलते एक बेटे ने पिता की हत्या कर दी। घटना की सूचना डायल 112 पर मिलने के बाद पुलिस पहुंची और आरोपी को हिरासत लिया। फरियादी आशीष गोस्वामी ने बताया कि उसके दादाजी माधवपुरी गोस्वामी ने करीब आठ वर्ष पहले अपनी संपत्ति तीनों पुत्रों में बराबर बांट दी थी। उसके पिता और छोटे चाचा का पहले ही निधन हो चुका है, जबकि बीच वाले चाचा जगदीशपुरी गोस्वामी अपने पिता के साथ रहते थे। परिजन के अनुसार जगदीशपुरी शराब का आदी है और कोई काम-धंधा नहीं करता। आशीष ने पुलिस को बताया कि जगदीशपुरी के पुत्र पवनपुरी ने उसे सूचना दी कि उसके पिता और दादाजी के बीच विवाद हो रहा है। इस पर वह पत्नी अर्चना के साथ मौके पर पहुंचा। वहां देखा कि जगदीशपुरी अपने पिता पर चाकू-उस्तरे जैसे धारदार हथियार से हमला कर रहा था। दोनों को आता देख आरोपी हथियार लेकर मौके से भाग गया। जब आशीष और उसकी पत्नी घर के अंदर पहुंचे तो माधवपुरी गोस्वामी खाट पर पड़े थे। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## पुलिसकर्मी के बेटे पर 14.50 लाख की धोखाधड़ी का आरोप

**देवास।** देवास में एक महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी है। महिला ने आरोप लगाया है कि एक पुलिसकर्मी के बेटे ने उससे और उसके बेटे से कुल 14.50 लाख रुपए की धोखाधड़ी की है। महिला का कहना है कि पैसे मांगने पर पुलिसकर्मी पिता ने उन्हें धमकाया और झूठे मामले में फंसाने की चेतावनी दी। बिहारीगंज निवासी शिकायतकर्ता शारदा मौर्य ने अपने आवेदन में बताया कि आरोपी युवक उनके बेटे का मित्र था और वर्षों से उनके परिवार के सदस्य की तरह घर आता-जाता था। विश्वास में लेकर उसने विभिन्न बहानों से पैसे उधार लिए। इनमें पिता के इलाज, रजिस्ट्री छुड़ाने और कपड़े की दुकान में माल भरने जैसे कारण शामिल थे। शारदा मौर्य के अनुसार, उन्होंने स्वयं लगभग 13 लाख रुपए दिए, जबकि उनके बेटे ने दो किश्तों में 1.50 लाख रुपए दिए। इस प्रकार कुल 14.50 लाख रुपए की राशि नकद और ऑनलाइन माध्यम से दी गई। महिला का दावा है कि पांच महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी यह राशि वापस नहीं की गई है। इस संबंध में डीएसपी बबीता बामनिया ने बताया कि आवेदन प्राप्त हो गया है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अकोदिया में मामूली बात पर हुई कहासुनी, सिर और हाथ-पैर में चोट

**अकोदिया।** शाजापुर जिले के सलसलाई थाना क्षेत्र के ग्राम मुडलाय में मंगलवार देर रात दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस दौरान लाठी-डंडे चले, जिसमें ग्राम सरपंच रमेशचंद्र सहित दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल सरपंच को शाजापुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, विवाद की शुरुआत ग्राम सरपंच रमेशचंद्र के पुत्र पप्पू और दूसरे पक्ष के सतीश पिता केसर सिंह के बीच किसी बात को लेकर हुई कहासुनी से हुई। देखते ही देखते यह कहासुनी बढ़ गई और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। दूसरे पक्ष से सतीश पिता केसर सिंह और भगवतीबाई पति केसर सिंह भी घायल हुए हैं।

### जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेता-श्री मंजूर खान पिता श्री सत्तार खान, निवासी-17, लाला लाजपतराय मार्ग, गली नंबर-3 उज्जैन (म.प्र.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक फ्रिहोल्ड राईट्स का भूखण्ड/भवन क्रमांक-17, लाला लाजपतराय मार्ग, गली नंबर-3, उज्जैन (म.प्र.) में स्थित होकर कुल क्षेत्रफल 504.00 वर्गफीट हैं। उक्त भवन के मूल स्वामी श्री मंजूर खान पिता श्री सत्तार खान का स्वर्गवास हो जाने के पश्चात उनके वैध उत्तराधिकारियों को विधिवत उत्तराधिकार में प्राप्त हुआ एवं वर्तमान में सभी वैध उत्तराधिकारी उक्त भवन के वैध वारिसान ही इस भवन को विक्रय कर रहें हैं। उक्त भूखण्ड के तल-मंजिल तक भवन निर्मित होकर आवासीय क्षेत्र में स्थित होकर आवासीय उपयोग का है। उक्त भूखण्ड/भवन को भारमुक्त क्रय करने हेतु विक्रेतागण के कहे अनुसार बयाना राशि का भुगतान विक्रेतागण के हित में कर के विक्रय अनुबंध पत्र संपादित करवा लिया हैं। उक्त भूखण्ड/भवन पर किसी भी व्यक्तियों, संस्था, बैंक, वित्तिय संस्था या किसी भी अन्य प्रकार से किसी का कोई भी हित, हक, ऋण भार, चार्ज आपत्ति हो तो इस प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के अंदर लेखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में मिलें एवं संपर्क करें अन्यथा बाद मियाद विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लिया जावेगा व किसी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार व उपरोक्त संपत्ति के विक्रय पर बंधनकारक नही रहेगी व आपत्ति शून्य मानी जावेगी। सूचित हो। इति दिनांक-22/07/2026

**एडवोकेट मो. शाकिर शेख**
**A-5/5, महाकाल वाणिज्यिक केन्द्र, नानाखेडा, उज्जैन, म.प्र. मोबा. नं. 7049885353**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आई.सी.आई.सी.आई. बैंक लिमिटेड, उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, भूखण्ड/भवन क्रमांक 63, शिवांश पैराडाईस एक्सटेंशन, ग्राम सुरासा, तहसील घटिटया जिला उज्जैन में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 83.69 वर्गमीटर हैं जिसके पूर्व में कालोनी रोड, पश्चिम में - प्लाट नम्बर 46, उत्तर में प्लाट नम्बर 64, दक्षिण में प्लाट नम्बर 62, स्थित है। उक्त संपत्ति तुषारकांत देव पिता वासु देव निवासी- उज्जैन ने श्रीमती सुनंदा खोबरागढे पति वासुदेव खोबरागढे निवासी- उज्जैन से रजिस्टर्ड दान पत्र क्रमांक MP17IGR18842026A100455323 दिनांक 15/04/2026 को विधिवत रूप से प्राप्त की थी। वर्तमान में उक्त संपत्ति के वैधानिक स्वामी एवं आधिपत्यधारी है तथा इनके द्वारा वर्णित संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु आई.सी.आई.सी.आई. बैंक लिमिटेड, उज्जैन में आवेदन किया है तथा बैंक द्वारा उक्त संपत्ति को बंधक किया जा रहा है। उपरोक्त संपत्ति के पूर्व के लिंक पंजीकृत दस्तावेज क्रमांक 1244 Dt. 29/03/2015, MP432022018A1215071 Dt. 29/03/2018 कही गुम हो गये है जिसके एवज में सत्यापित प्रतिलिपि के साथ संपूर्ण दस्तावेज लिये जा रहे है। अतः सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, शासन या अन्य कोई ऋण, भार, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज, आयद हो या किसी प्रकार का टैक्स, कर, प्रभार बकाया हो या उक्त संपत्ति में किसी का स्वत्व, हित, क्लेम, कब्जे के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात दिवस में सप्रमाण मुझे लिखित आपत्ति पेश करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा बाद अवधि आई.सी.आई.सी.आई. 'बैंक लिमिटेड, उज्जैन द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी तथा ऋण स्वीकृत किये जाने की दशा में उक्त सपंत्ति पर प्रथम ऋण भार आई.सी.आई.सी.आई. बैंक लिमिटेड, उज्जैन का रहेगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति शून्य व अमान्य मानी जावेगी। अतः सूचित हो। इति दिनांक 22/07/2026

**नीरज सक्सेना, एडवोकेट**
**सी-8 भरतपुरी शापिंग काम्पलेक्स, उज्जैन**
**मो. 9713096363, 9713015515**

### कार्यालय नगर परिषद पोलायकलॉ, जिला-शाजापुर (म.प्र.)

क्रमांक/ई-टेण्डर/2026/1349-1351 | पोलायकलॉ, दिनांक 21.07.2026

## ई-निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।
निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

| क्र. | ई-टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लगात | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_523148_1 21.07.2026 | वार्ड क्रमांक 03 में श्री गणपतसिंह के मकान से श्री गौरीशंकर के मकान तक सीसी रोड निर्माण | 1. 3 माह (वर्षा ऋतु सहित) 2. 16,36,122 | 1. 2,000 2. 12,271 | 20-08-26 |
| 2 | 2026_UAD_523149_1 21.07.2026 | वार्ड क्रमांक 12 में श्री रमेश पत्रकार के मकान से नाले तक आरसीसी नाली निर्माण | 1. 3 माह (वर्षा ऋतु सहित) 2. 7,61,231 | 1. 2,000 2. 7,612 | 05-08-26 |
| 3 | 2026_UAD_523151_1 21.07.2026 | वार्ड क्रमांक 07 में श्री राधेश्याम के मकान से श्री निलेश के मकान तक सीसी रोड निर्माण | 1. 3 माह (वर्षा ऋतु सहित) 2. 5,05,350 | 1. 2,000 2. 5,054 | 05-08-26 |

1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशननहीं किया जावेगा।
2. निकाय के पास राशि की उपलब्धता होने पर ही भुगतान किया जावेगा।

(पवन राजकुमार)
अध्यक्ष
नगर परिषद पोलायकलॉ

(भगवानसिंह भिलाला)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद पोलायकलॉ

## 31 अगस्त को खत्म हो रहा एमपी के मुख्य सचिव का कार्यकाल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के निवर्तमान मुख्य सचिव अनुराग जैन को नीति आयोग का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। अपॉइंटमेंट कमेटी ऑफ द कैबिनेट ने बुधवार शाम इसका आदेश जारी किया। इसके अनुसार, 1989 बैच के मध्य प्रदेश कैडर के अधिकारी अनुराग जैन, नीति आयोग में पदभार ग्रहण करने की तारीख से दो वर्ष तक इस पोस्ट पर रहेंगे।अनुराग जैन को 3 अक्टूबर 2024 को मध्य प्रदेश का मुख्य सचिव बनाया गया था। 2025 में रिटायरमेंट के बाद उन्हें एक वर्ष का सेवा विस्तार दिया गया था। उनका कार्यकाल 31 अगस्त 2026 को समाप्त हो रहा है। मध्य प्रदेश सरकार को 1 अक्टूबर से नए मुख्य सचिव की नियुक्ति करनी थी, लेकिन अब चयन प्रक्रिया जुलाई में ही पूरी किए जाने की संभावना है।

## इंटरनेशनल स्पोर्टस कॉम्पलेक्स में अब 5 गेट बनेंगे

**भोपाल।** भोपाल के बरखेड़ा नाथू में निर्माणाधीन इंटरनेशनल स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में अब 3 की बजाय 5 बडे गेट रहेंगे। दो नए एंट्री गेट जुडेंगे। वहीं, सडक के चौडीकरण, फायर सेफ्टी, साइनेज और आधुनिक सुविधाएं भी बडेंगी। बुधवार को खेल मंत्री विश्वास सारंग ने इसे लेकर अफसरों की मीटिंग भी ली। टीटी नगर स्टेडियम में हुई बैठक में मंत्री सारंग ने कहा कि यह खेल परिसर मध्य प्रदेश की खेल प्रतिभाओं के लिए विश्वस्तरीय प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं का प्रमुख केंद्र बनने जा रहा है। इसलिए निर्माण के प्रत्येक कार्य में गुणवत्ता, पारदर्शिता और तकनीकी मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। बैठक में मंत्री सारंग के निर्देशानुसार खेल परिसर में प्रवेश एवं निकास व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए दो नए प्रवेश द्वार जोड़े जाने की जानकारी दी गई। पहले परिसर में तीन गेट थे, जिन्हें बढ़ाकर अब कुल पांच प्रवेश द्वार विकसित किए जा रहे हैं।

## सिंघार बोले- युवाओं की बात नहीं सुनना चाहती सरकार

**भोपाल।** नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार बुधवार को मुख्यमंत्री निवास के सामने स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर अनुसूचित जाति छात्रावास पहुंचे और वहां रह रहे छात्रों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार पर युवाओं और छात्रों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने वर्ष 2026 को युवा वर्ष तो घोषित कर दिया, लेकिन युवाओं से जुड़े मुद्दों पर विधानसभा से लेकर जमीन तक चर्चा करने से बच रही है।सिंघार ने कहा कि प्रदेश में भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी, पेपर लीक, बेरोजगारी, छात्रवृत्ति, छात्रावासों की बदहाली और शिक्षा व्यवस्था जैसे गंभीर मुद्दों पर सरकार जवाब देने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार केवल अपनी बात सुनाना चाहती है, जबकि छात्रों और युवाओं की समस्याओं पर संवाद करने से कतरा रही है।शिक्षा के निजीकरण को बढ़ावा देने का आरोप नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार योजनाबद्ध तरीके से शिक्षा के निजीकरण को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि निजी विश्वविद्यालयों के लिए पहले बैंक गारंटी की अनिवार्यता थी, लेकिन अब उसमें भी ढील दी जा रही है।

## कलेक्टर बोले- मेहरिया मर्द हो गई, उनकी गाली आप सुनते हो

**रीवा** रीवा कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी ने ये बात आरटीओ कार्यालय के एक निजी कर्मचारी को फटकार लगाते हुए कही। इसका वीडियो भी सामने आया है। कलेक्टर ने कहा- ज्यादा हीरो बनना है तो फिल्मों में चले जाओ़ कड़ी कार्रवाई करूंगा। सोमवार को कलेक्टर आरटीओ में निजी और महिला कर्मचारी के बीच विवाद की शिकायत पर निरीक्षण करने पहुंचे थे। इसी दौरान एक प्राइवेट कर्मचारी ने महिला कर्मचारी की शिकायत की थी।जानकारी के मुताबिक मामला महिला कर्मचारी (बाबू) दर्शना वाकड़े और निजी कर्मचारी शैलू गुप्ता के बीच हुए विवाद का है। दर्शना ने शैलू गुप्ता पर अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया था। इसकी शिकायत के बाद कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी बिना सूचना के आरटीओ कार्यालय पहुंचे थे।

## पुराने नोटों के बदले 62 लाख की ठगी

**ग्वालियर** इंस्टाग्राम पर रील देखकर ठग के झांसे में आए पीएचई विभाग के ड्राइवर ने 79 हजार रुपए गंवा दिए। ठग ने तीन बार में यह राशि अपने खाते में जमा करा ली। उसने जब साइबर क्राइम टीम द्वारा पकडे जाने का झांसा दिया तथा और पैसे की मांग की, तब ड्राइवर को ठगे जाने का अहसास हुआ और उसने साइबर हेल्पलाइन पर धोखाधडी का मामला दर्ज कराया।ठगी का शिकार हुए लोकेन्द्र सिंह किरार (32) 11 जुलाई को इंस्टाग्राम देख रहे थे। तभी नितिन कुमार सिंह की प्रोफाइल पर एक वीडियो दिखाई दिया। जिसमें ट्रैक्टर छपे पांच के पुराने नोट और सिक्का छपे एक के पुराने नोट के बदले बडी रकम देने का वादा किया जा रहा था। लोकेंद्र झांसे में आ गए और स्क्रीन पर दिखाई दे रहे नंबर पर फोन लगा लिया।

## अस्पताल में गूंजी तालिया, केट काटकर मनाया जश्न

**सतना** सतना के सरदार वल्लभभाई पटेल जिला चिकित्सालय में एक ऐसा दृश्य देखने को मिला, जहां कुछ दिन पहले जिंदगी बचाने की जंग चल रही थी, वहीं सोमवार को खुशियों का जश्न मनाया गया। सर्पदंश के बाद 12 दिनों तक मौत से संघर्ष करने वाले चचेरे भाई-बहन पूरी तरह स्वस्थ होकर घर लौटे तो डॉक्टरों और अस्पताल स्टाफ ने केक काटकर उनकी विदाई की। रैगांव विधानसभा क्षेत्र के करसरा गांव निवासी 11 वर्षीय आंचल और उसके 8 वर्षीय चचेरे भाई अनुराग को घर में सोते समय जहरीले सांप ने डस लिया था।

# धुरंधर एक्ट्रेस आयशा खान को पुलिस ने पकड़ा

### पुलिसकर्मियों ने खींचकर वैन में बिठाया; बोलीं- न नारेबाजी की, न भीड़ का हिस्सा थी, फिर क्यों पकड़ा?

नईदिल्ली। फिल्म धुरंधर की एक्ट्रेस आयशा खान को मुंबई पुलिस ने हिरासत में ले लिया। आयशा का दावा है कि वे सड़क पर शांति से खड़ी थीं और उन्होंने कोई प्रदर्शन नहीं किया था। इंस्टाग्राम स्टोरी पर कई वीडियो शेयर कर आयशा ने बताया कि वे पुलिस वैन में हैं और उनके हाथ कांप रहे हैं।

आयशा के मुताबिक, पुलिस ने पहले उनके भाई और दोस्तों को हिरासत में लिया था, जिसके बाद वे सड़क पर खड़ी थीं। मुंबई पुलिस की ओर से इस पूरे मामले पर फिलहाल कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

आयशा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कई वीडियो शेयर कर पूरी घटना की जानकारी दी। एक वीडियो में उन्होंने कहा, इस वक्त मेरे हाथ कांप रहे हैं। मुझे सिर्फ सड़क पर शांति से खड़े रहने की वजह से पुलिस वैन में बिठा लिया गया। मैंने तो कोई प्रोटेस्ट शुरू भी नहीं किया था। मेरे भाई और दोस्तों को पुलिस ने हिरासत में लिया था, इसलिए मैं सिर्फ सड़क पर खड़ी थी। आयशा ने सवाल उठाया कि जब उन्होंने कोई हंगामा या बातचीत भी नहीं की, तो उन्हें किस आधार पर पकड़ा गया। महिला पुलिसकर्मियों ने खींचकर वैन में बिठाया

आयशा ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन पर ट्रैफिक बाधित करने का आरोप भी नहीं लग सकता, क्योंकि वे पांच लोगों के ग्रुप का हिस्सा भी नहीं थीं। उन्होंने एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें चार महिला पुलिसकर्मी उन्हें खींचकर वैन के अंदर ले





जाती दिख रही हैं।

इस वीडियो के कैप्शन में आयशा ने लिखा, मुझे अंदर खींचने के लिए चार महिला पुलिसकर्मियों को लगना पड़ा। लेकिन मेरा सवाल वही है कि आखिर क्यों? आयशा ने बताया कि जब उन्होंने पुलिस अधिकारियों से पूछा कि उन्हें कहां ले जाया जा रहा है, तो कोई जवाब नहीं दिया गया।

**वैन में मौजूद छात्र बोले- प्रैक्टिकल एग्जाम छूट जाएगा-** आयशा की ओर से शेयर किए गए वीडियो में पुलिस वैन में बैठे कुछ अन्य छात्र भी नजर आ रहे हैं। वैन में मौजूद एक छात्र ने कहा कि उसे बिना किसी वजह के पकड़ा गया है। छात्र ने चिंता जताते हुए कहा कि उसका मैथ्स का प्रैक्टिकल एग्जाम है और अगर वह छूट गया तो उसके लिए बड़ी समस्या खड़ी हो जाएगी। आयशा ने इन वीडियो के जरिए छात्रों के साथ हुई इस कार्रवाई पर भी सवाल उठाए। **धुरंधरफिल्म से मिली पहचान -** आयशा खान हाल ही में रिलीज हुई फिल्म धुरंधर में नजर आई थीं। इससे पहले वे टीवी रियलिटी शोज और कुछ म्यूजिक वीडियोज में भी काम कर चुकी हैं। इस पूरी घटना के बाद सोशल मीडिया पर उनके फैंस और यूजर्स लगातार मुंबई पुलिस से जवाब मांग रहे हैं। हालांकि, आयशा खान के आरोपों और उन्हें हिरासत में लिए जाने की वजह को लेकर मुंबई पुलिस ने अब तक कोई प्रतिक्रिया जारी नहीं की है।

## सांदीपनि विद्यालय फतेहगढ़ में कैरियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित

**फतेहगढ़/गुना।** शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, फतेहगढ़ (गुना) में विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों और संस्कारों के बीजारोपण हेतु 15 जुलाई से 29 जुलाई 2026 तक आयोजित किए जा रहे 15-दिवसीय गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा कार्यक्रम- 2026 के अंतर्गत आज कैरियर मार्गदर्शन एवं प्रेरक व्याख्यान सत्र का सफल आयोजन किया गया।

सत्र के दौरान विषय-विशेषज्ञों, अनुभवी शिक्षकों एवं विद्यालय के पूर्व मेधावी विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 9वीं से 12वीं तक के वरिष्ठ छात्र-छात्राओं को भविष्य में सही कैरियर चयन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, उच्च शिक्षा के अवसरों तथा लक्ष्य निर्धारण के संबंध में विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया गया।



**कार्यक्रम की मुख्य बातें -** कैरियर काउंसलिंग विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को पारंपरिक एवं आधुनिक क्षेत्रों में उपलब्ध विभिन्न रोजगारपरक अवसरों की जानकारी दी गई।

प्रेरक संवाद पूर्व विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए समय प्रबंधन, कठिन परिश्रम और निरंतरता को सफलता की कुंजी बताया। इस दौरान जिज्ञासा समाधान के तहत छात्रों के प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों ने अपनी रुचि एवं संशयों से जुड़े सवाल पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा संतोषजनक समाधान किया गया।

**आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा-** विद्यालय प्रशासन ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के तहत आगामी दिनों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा- 24 जुलाई (शुक्रवार) एक गुरु-एक वृक्ष वृक्षारोपण अभियान एवं गुरु सम्मान संदेश। वहीं 25 जुलाई (शनिवार) पालक-शिक्षक संगोष्ठी एवं उत्कृष्ट अभिभावक सम्मान। 27 जुलाई (सोमवार) स्वच्छता अभियान एवं जनजागरूकता रैली। 28 जुलाई (मंगलवार) गुरु-शिष्य प्रेरणा संवाद कार्यक्रम। 29 जुलाई (बुधवार) 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों का जिला/विद्यालय स्तर पर सम्मान एवं भव्य समापन व पुरस्कार वितरण समारोह। विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शैक्षणिक स्टाफ ने सभी विद्यार्थियों व अभिभावकों से इन आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है।

## सड़क हादसे में मृतक के परिजनों को 23.85 लाख, घायल को 1.14 लाख का मुआवजा

**शुजालपुर।** सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत और दूसरे के घायल होने के मामले में मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण शुजालपुर ने मृतक के आश्रितों एवं घायल को करीब 25 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने आवेदन प्रस्तुत किए जाने की तिथि से 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देने के भी निर्देश दिए हैं।

प्रकरण के अनुसार 14 अप्रैल 2024 की रात करीब 8 बजे ढाबला घोसी निवासी युवराज सिंह बारोड़ अपने साथी नरबत सिंह के साथ बाइक से शुजालपुर से गांव लौट रहे थे। आष्टा-शुजालपुर मार्ग पर देहण्डी जोड़ स्थित पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रही एक बाइक के चालक ने कथित रूप से तेज गति एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान युवराज सिंह की मृत्यु हो गई। मृतक की पत्नी रीनाबाई सहित अन्य वारिसानों की ओर से तथा घायल नरबत सिंह की ओर से अधिवक्ता महाजन सिंह परमार एवं राजपाल सिंह राजपूत ने मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण शुजालपुर में क्षतिपूर्ति दावा प्रस्तुत किया। मामले की सुनवाई के बाद सदस्य मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण अभिलाष जैन ने मृतक के आश्रितों को 23 लाख 85 हजार 500 रुपए तथा घायल नरबत सिंह को 1 लाख 14 हजार 200 रुपए कुल 24 लाख 99 हजार 700 रुपए का मुआवजा बीमा कंपनी से दिलाने का आदेश पारित किया। साथ ही दावा प्रस्तुत करने की तिथि से 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज का भुगतान करने के निर्देश भी दिए।

## नाबालिक से शादी का दबाव, विरोध पर छेड़छाड़ व जान से मारने की धमकी

**शुजालपुर।** शुजालपुर मंडी थाना क्षेत्र के एक गांव में 16 वर्षीय किशोरी से शादी का दबाव बनाने, छेड़छाड़ करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने संजय उर्फ संजू सैनी निवासी ग्राम बिजौरी तहसील नरसिंहगढ़ के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 20 जुलाई की दोपहर किशोरी घर पर अकेली थी। इसी दौरान आरोपी घर में घुस आया और उससे शादी करने का दबाव बनाया। मना करने पर उसने किशोरी का हाथ पकड़ लिया तथा शादी नहीं करने पर उसे और उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने अशोभनीय हरकत करने का भी प्रयास किया। किशोरी के शोर मचाकर घर से बाहर निकलने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी परिजनों को देने के बाद पीड़िता अपने बड़े भाई के साथ थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी संजय उर्फ संजू सैनी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अवैध मॉडिफाइड साइलेंसरों पर चला रोड रोलर, 80 साइलेंसर किए गए नष्ट

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल मार्गदर्शन में बुधवार को दोपहर 12 बजे हनुमान चौराहा- जिला न्यायालय मार्ग पर यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक अजय प्रताप सिंह, आरआई हर्ष यादव, आरआई अविनाश उमरैया, सूबेदार यशवंत रघुवंशी सहित यातायात पुलिस की टीम द्वारा जब्त किए गए लगभग 80 अवैध मॉडिफाइड साइलेंसरों का सार्वजनिक रूप से रोड रोलर चलाकर विधिवत नष्टीकरण किया गया।



इस अवसर पर डीएसपी यातायात मुकेश कुमार दीक्षित ने बताया कि विगत 1-2 माह से उन बुलेट एवं अन्य मोटरसाइकिलों के विरुद्ध लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिनमें कंपनी द्वारा लगाए गए मूल साइलेंसर हटाकर अवैध रूप से मॉडिफाइड साइलेंसर लगाए गए हैं। ऐसे साइलेंसरों से अत्यधिक तेज एवं कर्कश ध्वनि उत्पन्न होती है, जिससे आमजन, अन्य वाहन चालक, महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग, विद्यार्थी तथा अस्पतालों के मरीजों को गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ता है। यह ध्वनि प्रदूषण न केवल लोगों की शांति भंग करता है, बल्कि सड़क पर वाहन चलाने वालों का ध्यान भी भटकाता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। अभियान के दौरान अब तक ऐसे वाहनों पर कार्रवाई करते हुए लगभग 1,25,000 का जुर्माना वसूल किया गया है तथा 80 अवैध मॉडिफाइड साइलेंसर जब्त कर हटवाए गए। इन साइलेंसरों का आज सार्वजनिक रूप से रोड रोलर से नष्टीकरण किया गया, ताकि भविष्य में इनका किसी भी प्रकार से पुन: उपयोग न किया जा सके।

## खड़ी कार को पीछे से टक्कर

**शुजालपुर।** शुजालपुर सिटी थाना क्षेत्र में खड़ी कार को पीछे से टक्कर मारने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम ताजपुर उकाला निवासी सुरेंद्र सिंह राजपूत ने शिकायर्त दर्ज कराई कि बुधवार दोपहर करीब 3.30 बजे वह अपनी बलेनो कार से गांव लौट रहे थे। काली माता चौराहे पर उन्होंने कार सड़क किनारे खड़ी की थी। इसी दौरान पीछे से तेज गति और लापरवाही से आई टाटा नेक्सॉन कार ने उनकी कार के ड्राइवर साइड के अगले बंपर में टक्कर मार दी। हादसे में कार का बंपर क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे करीब 21 हजार रुपए का नुकसान हुआ। शिकायतकर्ता ने टक्कर मारने वाले वाहन का नंबर नोट कर पुलिस को उपलब्ध कराया।

## प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री का किया अभिनंदन




**शुजालपुर।** मध्य प्रदेश प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने शाजापुर विधायक अरुण भीमावद के नेतृत्व में भोपाल स्थित विधानसभा भवन पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का अभिनंदन किया। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के पेंशनरों के हित में लिए गए निर्णयों पर मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

एसोसिएशन के प्रांतीय महामंत्री रघुवीर सिंह पवार ने बताया कि राज्य शासन ने पेंशनरों को महंगाई राहत डीआर देने की प्रक्रिया को सरल बनाते हुए मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के बीच सहमति की अनिवार्यता समाप्त कर दी है। अब दोनों राज्य अपने स्तर पर स्वतंत्र रूप से महंगाई राहत की घोषणा कर सकेंगे और इसके लिए कार्यकारी आदेश जारी करने में किसी दूसरे राज्य की सहमति का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वर्षों से चली आ रही यह प्रक्रिया पेंशनरों के लिए राहत मिलने में देरी का कारण बनती थी। यादव ने पेंशनरों की समस्या को ध्यान में रखते हुए इसे सरल और त्वरित बनाया है, जिससे प्रदेशभर के पेंशनरों में खुशी का माहौल है।, यादव


### जाहीर सुचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मैरे पक्षकार ने भूमि श्रीमती शंकुतलाबाई पति गणेशलाल जाति सुतार निवासी ग्राम रामगढ़ की से उनके निजी आधिपत्य एवं स्वामित्व की कृषि भूमि जिसका सर्वे नम्बर 371/1 रकबा 1.0000 हैक्टर में से रकबा 0.10 हैक्टेयर भूमि स्थित ग्राम रामगढ़ प.ह.न. 74 तहसील घटिटया जिला उज्जैन म0प्र0 में स्थित है। उक्त भूमि का विक्रय टोकन / सौदा चिठठी/अनुबंध पत्र संपादित करवाकर बयाना राशि भी मैरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है। यह कि उक्त भुमि विक्रय में यदि उक्त अनुबंधित कृषि भुमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त भूमि/संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति संस्था, बैंक, निकाय शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋष्ठ भार, बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयिन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मैरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारी नही होगी। सुचित हो ।

इति दिनांक-22-07-2026

**ज्योतिष शर्मा**
**(दस्तावेज लेखक/सर्विस प्रोवाईडर)**
**कार्यालय पता उन्हैल चौराहा भैरवगढ़ उज्जैन म0प्र0**
**मो. 96300-65216**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने जावेद खा पिता नन्ने खा निवासी 23. वीर दुर्गादास मार्ग, उज्जैन से उनके द्वारा मूल स्वामी ताहेर तैय्यब अत्तरवाला पिता स्व. तैय्यबभाई अत्तरवाला, निवासी शंकला प्रेसीडेन्सी सीएचएस लिमिटेड, ए-विंग, फोर्थ फ्लोर, ए-403, 19-डी, के. मार्ग, रानीबाग बाईकुला, ईस्ट मुम्बई से क्रय अनुबंधीत किया हुआ भूखण्ड जिसका पुराना क्रमांक 4/2032 गृह क्रमांक 38 जिसका वर्तमान म्यु. क्रमांक 49 स्थित रामप्रसाद भार्गव मार्ग, उज्जैन में है। उक्त भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 154.77 वर्गमीटर अर्थात 1665.94 वर्गफीट है। जिसकी लम्बाई - पूर्व पश्चिम बतरफ उत्तर 65 फीट 7 इंच अर्थात 20.03 मीटर, बतरफ दक्षिण 65 फीट अर्थात 19.81 वर्गमीटर चौड़ाई उत्तर दक्षिण बतरफ पूर्व 25 फीट अर्थात 7.62 मीटर बतरफ पश्चिम 26 फीट अर्थात 7.92 मीटर है। जिसके पूर्व में मकान गोया वकील साहब का, पश्चिम में रामप्रसाद भार्गव मार्ग गली नंबर 2, उत्तर में गली सरकारी व दक्षिण में बाड़ा व मकान हाफिज मोहम्मद का मिला है को क्रय करने का सौदा किया है और इसके सम्बन्ध में टोकन राशि प्राप्त कर सौदा चिट्ठी मेरे पक्षकार के हित में निष्पादित किया है। उक्त सौदा चिट्ठी के पालन में मेरे पक्षकार उक्त भूखण्ड के अनुबंध पत्र/ विक्रय-पत्र का निष्पादन व पंजीयन शीघ्र ही अपने पक्ष में कराने वाले है, यदि उक्त भूखण्ड में अन्य किसी व्यक्ति को कोई स्वत्व, हित, अधिकार प्राप्त हो या उक्त विक्रय व्यवहार के सम्बन्ध मे अन्य किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भूखण्ड पर किसी व्यक्ति, फर्म, बैंक, संस्था एवं कम्पनी का किसी किस्म का कोई भार हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मुझे सूचित करें और लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें ताकि ऐसी आपत्ति का समुचित निराकरण किया जा सके अन्यथा अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूखण्ड का विक्रय-पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करा लिया जावेगा और इसके पश्चात की जाने वाली कोई भी आपत्ति शुन्य होकर मेरे पक्षकार पर बन्धनकारी नही होगी। दिनांक 22/07/2026

**अखिलेश बाफना, एडवोकेट**
**कार्यालय-111, प्रथम तल, हर्शदीप टॉवर,**
**नानाखेडा पेट्रोल पम्प के पास, उज्जैन**
**मो.न. 9826266570**

## न्यूज-कॉलम

### जादौन बने आरबीयूएस के जिला अध्यक्ष



**मन्दसौर।** राष्ट्रीय भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति (आर बी यूएस) ने मंदसौर जिले में अपनी सांगठनिक गतिविधियों को मजबूती देने और भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान को गति देने के लिए रविन्द्र सिंह जादौन को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दुर्गेश सिंह सेंगर के निर्देशानुसार और प्रदेश नेतृत्व की सहमति से की गई है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने संगठन के प्रति पूरी निष्ठा और समर्पण से काम करने का संकल्प व्यक्त किया है।

### युवा संगम रोजगार व स्वरोजगार मेला कल मंदसौर में

**मन्दसौर।** कल 24 जुलाई, शुक्रवार को प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक नयाखेड़ा स्थित शासकीय आईटीआई परिसर मंदसौर में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देश और प्रदेश की लगभग 12 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए भाग लेंगी, जिनमें चयनित युवाओं को 8 से 23 हजार रु. तक का मासिक वेतन मिलेगा। मेले में 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई, स्नातक, स्नातकोत्तर और डिप्लोमा धारी अभ्यर्थी अपने आवश्यक शैक्षणिक दस्तावेजों, बायोडाटा, आईडी प्रमाणों और फोटो के साथ शामिल हो सकते हैं, जहाँ स्पॉट रजिस्ट्रेशन, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और साक्षात्कार के बाद सीधे ऑफर लेटर दिए जाएंगे।

### पीजी कॉलेज के 11 विद्यार्थियों का माध्यमिक शिक्षक पद पर चयन

**मन्दसौर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, मंदसौर के गणित विभाग के 11 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों विजय आर्य, राहुल अरोड़ा, गोपाल सिंह भाटी, अदिति गोंड, प्रज्ञा परसाई, नेहा बघेरिया, राहुल दाहना, अश्विनी राठौड़, ऋतु राजन, सूरजमल रारोतिया और संगीता धाकड़ का चयन माध्यमिक शिक्षक (गणित विषय) के पद पर हुआ है। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे और विभागाध्यक्ष प्रो. तुषारकांत झाला सहित पूरे महाविद्यालय परिवार ने चयनित विद्यार्थियों और उनके परिजनों को बधाई दी है तथा इसे संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का परिणाम बताया है।

### 23 जुलाई को मल्हारगढ़ में कांग्रेस का पैदल मार्च

**मल्हारगढ़।** माननीय विपक्ष के नेता श्री राहुल गांधी जी, श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा जी एवं कांग्रेस सांसदों की गिरफ्तारी, साथ ही दिल्ली में अपने अधिकारों की मांग कर रहे छात्र-छात्राओं पर हुए बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी, मंदसौर के निर्देशानुसार 23 जुलाई को प्रातः 11.30 बजे गाडगिल चौराहा, मल्हारगढ़ से "लोकतंत्र बचाओ, युवा सम्मान बचाओ" पैदल मार्च निकाला जाएगा। इसके पश्चात एसडीएम कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मल्हारगढ़ के अध्यक्ष श्री विजेश मालेचा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार लोकतंत्र की आवाज को कुचलने पर आमादा है। विपक्ष के नेताओं की गिरफ्तारी, छात्रों पर लाठीचार्ज और असहमति के हर स्वर को दबाने का प्रयास इस बात का प्रमाण है कि सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों से भयभीत हो चुकी है। संविधान प्रदत्त अधिकारों की मांग करने वाले युवाओं पर डंडे बरसाना और विपक्ष को निशाना बनाना लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सीधा हमला है।

**पश्चिम रेलवे**
विद्युतीकरण कार्य
पश्चिमी रेलवे के उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), डीआरएम कार्यालय, अनुलग्नक भवन, तीसरी मंजिल, दो-बत्ती, रतलाम (मध्य प्रदेश), 457-001, निविदा सूचना संख्याः EL-C-RTM-2026-04-T आमंत्रित करते हैं। कार्य का नामः रतलाम डिवीजन के नाइखेरी से चिंतामन गणेश स्टेशन के बीच नए उज्जैन बाईपास और भाटिसुदा स्टेशन से रोहलखुर्द स्टेशन के बीच नए नागदा बाईपास लाइन के संबंध में स्टेशन भवन, सेवा भवन और स्टाफ क्वार्टरों के सामान्य सेवा विद्युतीकरण कार्य। अनुमानित मूल्यः 2,20,66,984.32 रुपये। बोली जमा राशिः 4,41,300/- रुपये। ऑनलाइन बोली लगाने की शुरूआत की तारीखः 27.07.2026। निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः 10.08.2026 को दोपहर 3.00 बजे। वेबसाइट संबंधी विवरणः
www.ireps.gov.in 0391
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

# 35 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

## मकान से बदबू आने पर पड़ोसियों ने दी पुलिस को सूचना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम,

औद्योगिक क्षेत्र थानांतर्गत काटजू नगर (नगर सुधार न्यास) में बुधवार दोपहर एक बंद मकान में 35 वर्षीय युवक का शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला। मृतक युवक की ढाई माह पूर्व ही शादी हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद ही पत्नी अपने मायके चली गई थी, जिसके बाद से युवक घर में अकेला रह रहा था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान सुरेश उर्फ लखन पिता दर्शन कुमार चौहान (35) निवासी काटजू नगर (नगर सुधार न्यास, पहली मंजिल) के रूप में हुई है। बुधवार को आसपास रहने वाले लोगों को जब सुरेश के मकान से तेज बदबू आने लगी, तो उन्हें किसी अनहोनी की आशंका हुई। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस को दी।

**दरवाजा खोला तो फंदे से लटक रहा था शव**

सूचना मिलते ही औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी गायत्री सोनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची। जब पुलिस ने दरवाजा खोलकर भीतर प्रवेश किया, तो देखा कि सुरेश का शव कमरे में पलंग के चद्दर से बने फांसी के फंदे पर लटक रहा था। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव को नीचे उतारा और मर्ग कायम करते हुए पोस्टमार्टम के लिए शासकीय मेडिकल कॉलेज भिजवाया।

### शादी के 10 दिन बाद ही मायके चली गई थी पत्नी

आस-पड़ोस के लोगों ने बताया कि मृतक कबाड़ का काम कर अपना गुजर-बसर करता था। उसके माता-पिता का पूर्व में ही निधन हो चुका है। सुरेश की शादी लगभग चार माह पूर्व 30 अप्रैल को नागदा की रहने वाली एक महिला से हुई थी। महिला की यह दूसरी शादी थी। पहली शादी से उसे एक 15 साल की बेटी और 10 साल का बेटा है। बेटा पिता के पास रहता है, जबकि बेटी अपनी मां के साथ सुरेश के घर आई थी। शादी के महज 10 दिन बाद ही पत्नी अपनी बेटी को लेकर मायके चली गई थी और इसके बाद वापस नहीं लौटी। गृह क्लेश या पत्नी के वापस न लौटने की मानसिक प्रताड़ना के कारण आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही समय और कारणों की स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल मर्ग कायम कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# ठोस एवं अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर कलेक्टर ने सीतामऊ एवं सुवासरा में बैठक ली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर




कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने ठोस एवं अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में सीतामऊ एवं सुवासरा में स्थानीय जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक ली ।

बैठक के दौरान उन्होंने निर्देश दिए की सभी घरों तक कचरा वाहन पहुंचे इस बात का विशेष ध्यान रखें । बैठक के दौरान संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रीति संघवी, सीतामऊ एसडीएम श्रीमती शिवानी गर्ग, तहसीलदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीतामऊ एवं सुवासरा, सीतामऊ एवं सुवासरा के नगर परिषद अध्यक्ष, समाजसेवी एवं सफाई कर्मचारी मौजूद थे।

नटनागर शोध संस्थान सीतामऊ एवं शासकीय महा विद्यालय सुवासरा में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के तहत बैठक का आयोजन हुआ। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि सबसे पहले हमें नागरिकों को जागरूक करना होगा कि कचरे को किस प्रकार से अलग- अलग करना है। उन्हें अपने दायित्व के बारे में जानकारी देनी होगी। इसके लिए नपा अपने कर्मचारियों को ट्रेनिंग दे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रत्येक निकाय में कचरा निपटान का स्थान निर्धारित किया जाए। बल्क में कचरा फैलाने वालों को जागरूक करें एवं कचरा निष्पादन के बारे में जानकारी दे। यदि कोई रात में कचरा फेंकते हैं तो उन पर दंडात्मक कार्यवाही करें। प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी ।कलेक्टर ने निर्देश दिए की वार्ड वार समितियां बनाई जाएगी। जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित कियाजाएगा कचरे का डोर टू डोर क्लेक्शन करना होगा। सूखा कचरा - नीला, गीला कचरा - हरा, सैनिटरी कचरा एवं विशेष देखभाल कचरा - काला/गहरा को अलग अलग एकत्रित करें ।हर एक वार्ड में समस्याओं के निराकरण हेतु बैठक आयोजित करे। स्व सहायता समूह को भी जोड़कर सहायता ले सकते है। कार्यक्रम के अंत में कलेक्टर ने पौधारोपण किया।



# पुलिस ने 54.6 ग्राम एमडी ड्रग्स और पिस्टल के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

'नशे से दूरी, है जरूरी 2.0 अभियान के तहत नीमच की बघाना थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों और अवैध हथियारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 54.6 ग्राम एमडी ड्रग्स, 5 किलोग्राम डोडाचूरा, एक देशी पिस्टल, 1 जिंदा कारतूस और तस्करी में इस्तेमाल हीरो सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल जब्त की है ।एसपी राजेश व्यास, एएसपी हेमलता अग्रवाल और सीएसपी किरण चौहान के मार्गदर्शन में बघाना थाना प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम दांगी की टीम ने यह सफलता हासिल की। अरनिया फंटे पर नाकाबंदी कर दबोचा 21 जुलाई को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो संदिग्ध धनेरिया की तरफ से छोटी सादड़ी रोड की ओर एमडी ड्रग्स और डोडाचूरा लेकर जा रहे हैं। इस पर पुलिस टीम ने धनेरिया कलां-अरनिया फंटा पर तुरंत नाकाबंदी की। बाइक सवार दोनों संदिग्धों को रोककर पूछताछ की गई, पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े प्रावधानों के शत-प्रतिशत पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को समयबद्ध एवं परिणाममूलक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री चंद्रा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जाए। निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण नहीं होने अथवा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर अनुशास नात्मक कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि स्वच्छ, स्वस्थ एवं प्लास्टिक मुक्त नीमच के निर्माण के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रत्येक घर एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठान स्तर पर गीले और सूखे कचरे का पृथक्करण अनिवार्य रूप से कराया जाए।

# नगर में आउटडोर व इंडोर खेल स्टेडियम बनेगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जावरा

नगर में आउटडोर व इंडोर खेल स्टेडियम बनाया जाएगा। प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास सारंग ने विधायक डॉ राजेन्द्र पांडेय के प्रश्न पर दी।आपने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने जावरा के कार्यक्रम में जावरा में आउटडोर व इंडोर खेल स्टेडियम बनाये जाने की घोषणा की थी।घोषणा पर स्वीकृति देने के लिए प्रक्रिया की जा रही है। भूमि आवंटन की प्रक्रिया के बाद आगामी कार्यवाही की जाएगी।

इसी तरह पिपलौदा में भी 10 एकड़ भूमि का आवंटन होने के बाद खेल स्टेडियम के निर्माण की प्रक्रिया की जाएगी।विधायक डॉ पांडेय के अन्य प्रश्न पर खेल मंत्री सारंग ने बताया कि ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न आयोजन किये जा रहे।विकासखण्ड स्तर पर खेल गतिविधियों को संचालित किया जा रहा।प्रदेश में 18 खेलो के लिए 11 खेल अकादमी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा।

विधायक डॉ पांडेय ने विधानसभा क्षेत्र में शांतिवन की कार्ययोजना पर किये प्रश्न पर पंचायत व ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने बताया कि विगत पांच वर्षों में जावरा व पिपलौदा विकासखण्ड के 66 स्थानों पर शांतिवन व परिजन विश्राम शेड का निर्माण की स्वीकृति दी गई।जिनमे से 34 स्थानों पर विधायक निधि से स्वीकृति दी गई। विधायक डॉ पांडेय के प्रश्न पर सहकारिता मंत्री सारंग ने कहा कि रतलाम जिले में 791 विभिन्न सहकारी संस्थाए पंजीकृत है,जिनमे 410 कार्यशील व 381 निष्क्रिय है। इनमे 116 कृषि सहकारी समितियां है जिनमे एक लाख 16 हजार सदस्य है,वही 75 गृह निर्माण सहकारी समितियां है,जिनमे 4994 सदस्य है।।विगत दस वर्षों में कृषि साख सहकारी संस्थाओ के खिलाफ 78 व गृह निर्माण सहकारी संस्थाओ के खिलाफ 96 शिकायते प्राप्त हुई।इन शिकायतों पर कार्यवाही की जा रही है। विधायक डॉ राजेन्द्र पांडेय के एक प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि बहु उत्पाद औद्योगिक क्षेत्र में जल उपलब्धता के लिए कार्यवाहीकी जा रही है। औद्योगिक परिसर में आंतरिक पाईप लाईन, ओवरहेड टेंक का निर्माण हो चुका है।निवेशकों को अस्थाई जल प्रदाय के लिए भी अनुमति दी जा रही है।

## सी एम एच ओ ने शहरी स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया

**रतलाम।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. किरण वाडिवा ने शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत रतलाम शहर के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गणेश नगर, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक जवाहर नगर, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक मुखर्जी नगर, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक मोमिनपूरा का निरीक्षण किया। सीएमएचओ ने दस्तक अभियान के दौरान ओआरएस कॉर्नर बनाकर उचित रूप से काउंसलिंग करने के लिए निर्देशित किया। स्वास्थ्य केंद्र पर सभी अधिकारी कर्मचारियों को निर्धारित समय पर उपस्थित रहकर सभी प्रकार की आवश्यक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने, दवाइयों का उचित रूप से संधारण करने के निर्देश दिए गए।सीएमएचओ ने निरीक्षण के दौरान सभी स्वास्थ्य संस्थानों पर ओपीडी की संख्या बढ़ाने, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का क्रियान्वयन करने, क्षेत्र में अधीनस्थ कर्मचारियों के कार्यों का मूल्यांकन करने, गर्भवती माता की स्वास्थ्य देखभाल करने आदि के संबंध में निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रबंधक डॉ गौरव बोरीवाल, लोकेश वैष्णव आदि उपस्थित रहे।

## कक्षा 6 में प्रवेश हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**रतलाम।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2027-28 में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2027 हेतु ऑन लाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। रतलाम जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय, आलोट के अंतर्गत आलोट, जावरा एवं बाजना विकासखंड के तथा पी.एम.श्री. जवाहर नवोदय विद्यालय, के ऐसे विद्यार्थी आवेदन कर सकते है।

## दिल्ली में लाठीचार्ज के विरोध में मंदसौर जिले में कांग्रेस का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर

दिल्ली में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज और विपक्षी नेता राहुल गांधी सहित अन्य के साथ अमानवीय व्यवहार के विरोध में जिले भर में कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने मंदसौर सहित दलौदा, कुंचड़ौद, शामगढ़, मल्हारगढ़ में प्रदर्शन किये व ज्ञापन सौंपे।

जिला मुख्यालय पर मंदसौर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने गांधी चौराहे से सिटी कोतवाली थाना तक पैदल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के उपरांत कांग्रेस कार्यकताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सिटी कोतवाली पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि लोकतांत्रिक देश में संवाद के बजाय दमनकारी नीति अपनाना अनुचित है, इसलिए नीट पेपर लीक व लाठीचार्ज मामले की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इष्टा भाचावत, दीपकसिंह गुर्जर, सोमिल नाहटा, अजय लोढ़ा, तरूण खिंची, मनजीतसिंह मनी, हनीफ शेख, राजनारायण लाड़, मनोहर नाहटा, सुनील बसेर सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार लाठी,गोलीया चलाकर लोकतंत्र की हत्या कर रही है- सिसौदिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ कुंचडोद

नेता विपक्ष राहुल जी गांधी के बढ़ते प्रभाव से मोदी जी की सांसें फूल रही है मोदी सरकार पूरी तरह घबराई हुई है अपने हक की लड़ाई लड़ रहे शांतिप्रिय छात्र छात्राओं पर मोदी की पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज की जितनी निंदा की जाय उतनी कम है।उक्त बात मध्यप्रदेश कांग्रेस के सचिव एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रहे परशुराम सिसौदिया ने बुधवार को धुँधड़का ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा कुंचडोद बस स्टैंड पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,गृह मंत्री अमितशाह,शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के तीन अलग अलग पुतले दहन कार्यक्रम के दौरान कही।

सिसौदिया ने कहा कि श्री राहुलजी गांधी का कोटा एवं देहरादून में छात्र छात्रो से संवाद के दौरान उमड़े सैलाब ने मोदीजी की नींद उडादी इससे बौखलाकर मोदी जी की पुलिस ने जंतर मंतर पर शांतिपूर्ण आंदोलन को कुचलते हुवे लोकतंत्र की हत्या कर बर्बरता पूर्वक लाठियां भांजी जिसमे सेकड़ो छात्र छात्राओं को गम्भीर चोटे आई और वह लहूलुहान होगये। सिसोदिया ने आगे कहा कि जब इनके पक्ष में नेता विपक्ष राहुल जी गांधी ने अपने साथी सांसदों के साथ छात्र छात्राओं के साथ हुवे दुर्व्यवहार पर सरकार से जवाब मांगने के लिए प्रधानमंत्री आवास के बाहर धरना दिया तो उन्हें व माननीय सांसदों को बल पूर्वक वहां से हटाकर जेल में बंद कर दिया गया यह कहा का न्याय है मोदी सरकार बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी द्वारा बनाये गए संविधान को खत्म करना चाहती है पर कांग्रेस इनके मनसूबे कभी पूरे नही होने देगी।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश धाकड़ ने कहा कि हम विपक्ष में है और संविधान ने हमे अधिकार दिया है कि हम सत्तापक्ष की हर गलत नीतियों का विरोध करे राहुल जी गांधी को अरेस्ट कर जेल में डालना निहत्थे छात्र छात्राओं पर लाठियां बरसाकर उन्हें घायल करना मोदी सरकार की कायरता है।

मुकेश धाकड़ ने आगे कहा कि ब्लाक कांग्रेस कमेटी जन हित के मुद्दे लगातार उठा रही है और आगे भी आम जन की आवाज बनकर लगातार संघर्ष किया जाएगा । पुतला दहन के दौरान अफजलपुर पुलिस एवं कांग्रेस कार्यकताओं के बीच गहमा गहमी, छीना झपटी और पुतला छिनने की कोशिश के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता महेश गुजरिया एवं गणेशराम परिहार झुलस गए। इस मौके पर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बालेश्वर पाटीदार,मनीष शर्मा, पीयूष जैन, महेश गुजरिया, रंगलाल धनगर, राजकुमार धनगर, घनश्याम सिंह पंवार, दिलीप गुर्जर, शुभम राठौर, कमलेश जैन, अंसार मंसूरी, लक्ष्मण सिंह पंवार, भंवरलाल परमार, गणेशराम परिहार, जीवन गुर्जर, सलीम मंसूरी, नरसिंह सोलंकी, पवन सूर्यवंशी, गोवर्धन लाल आर्य, जिलानी शाह, देवीसिंह आंजना,भेरूलाल भवैया, समरोज पठान, वीरेंद्र परिहार, मनोहर मौर्य, गोकुल गुर्जर, रामेश्वर नेता, राहुल माली,परसराम चंद्रवंशी, बनेसिंह गुर्जर, शमशुद्दीन मंसूरी, पंकज भंडारी, अर्जुन मालवीय, रमेश सूर्यवंशी, मुंशीलाल पलड़ा,मुकेश सोलंकी, मोहनलाल मालवीय, रमेश सूर्यवंशी,शंभूलाल विश्वकर्मा, रोहित जैन, महेंद्र सिंह, गोपाल कुमावत, सीताराम धनगर, भरत बैरा, पंकज सर्वशीय, श्याम मालवीय, चांद मोहम्मद मंसूरी, आदि उपस्थित थे।

## न्यूज कालम




### मंदसौर में दो सप्ताह बाद झमाझम बारिश से फसलों को मिला जीवनदान

**मन्दसौर।** मंदसौर जिले में करीब दो सप्ताह के इंतजार के बाद मानसून के पुनः सक्रिय होने से जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में झमाझम बारिश दर्ज की गई, जिससे आमजन को उमस से राहत मिली है और खरीफ फसलों को संजीवनी मिली है। इस सीजन में अब तक औसतन 10.84 इंच बारिश हो चुकी है, जो पिछले वर्ष की तुलना में करीब दो इंच कम है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और भारी बारिश की चेतावनी जारी की है, वहीं जलस्तर संतुलित न होने के कारण नगर पालिका शहर में दो दिन छोड़कर पेयजल आपूर्ति कर रही है। दूसरी ओर, सर्व समाज द्वारा वर्षा की कामना हेतु आज 23 जुलाई को बालागंज के तलाई वाले बालाजी मंदिर से पशुपतिनाथ मंदिर तक इन्द्रदेव प्रार्थना-कीर्तन यात्रा भी निकाली जाएगी।

### 5वां प्रतिभा एवं सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह सम्पन्न,110 लोगो का सम्मान



**मन्दसौर।** गौतम बुद्ध सहकारी साख संस्था मर्यादित, मंदसौर के तत्वावधान में विदेहमुक्त श्रीमती अनुराधा वर्मा की स्मृति में 5वें प्रतिभा एवं सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। पूर्व सेल टैक्स कमिश्नर ओम प्रकाश वर्मा के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर और कबीर संत श्री विश्रामदास साहेब, जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्रसिंह गुर्जर, वरिष्ठ पत्रकार विक्रम विद्यार्थी, सकल जैन समाज अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। समारोह के दौरान कुल 110 लोगों का सम्मान किया गया, जिनमें 84 मेधावी छात्र, 17 सेवानिवृत्त कर्मी, 7 खिलाड़ी और 2 व्यवसायी शामिल हैं, जिन्हें अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह और शॉल-श्रीफल भेंट कर प्रोत्साहित किया गया।

### कांग्रेसजनों ने निवास पर जाकर वरदीचंद यादव की कुशलक्षेम पूछी



**पिपलीया मंडी।**विधानसभा युवक उपाध्यक्ष राहुल अहीर के पिता वरदीचंद यादव का विगत दिवस स्वास्थ खराब होगया था।जिला कांग्रेस महासचिव अनिल शर्मा,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा,वरिष्ठ कांग्रेसनेता रामचंद्र करुण,पूर्व मंडलम अध्यक्ष कैलाश बंगारिया,अनिल मुलासिया आदि ने अहीर के निवास पर पहुंचकर उनकी कुशलक्षेम पूछी व शिघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की



**पिपलिया मंडी।** नगर परिषद पिपलियामंडी द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रावधानों को प्रभावी रूप से जमीनी स्तर पर लागू करने हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में नगर अध्यक्ष, पार्षदगण, समस्त जनप्रतिनिधि, वार्ड प्रभारी एवं कर्मचारियों को ठोस अपशिष्ट के वैज्ञानिक प्रबंधन, स्त्रोत पर कचरा पृथक्करण, संग्रहण, परिवहन एवं नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य स्वच्छ, स्वस्थ एवं पर्यावरण-अनुकूल नगर के निर्माण में सभी की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना रहा।

### समाज सेवी अशोक अरोरा ने साधु-संतों का किया भव्य स्वागत



**नीमच।** शहर में सोमवार को धर्म, भक्ति और सनातन संस्कृति की अनुपम छटा देखने को मिली। अवसर था अखिल भारतीय सनातन परिषद के उज्जैन संभाग अध्यक्ष महंत योगी महावीर नाथ जी महाराज के नीमच आगमन का। शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी अशोक अरोरा के निवास पर महाराज श्री के पहुंचते ही ढोल-ढमाकों और श्रद्धालुओं के उत्साह के साथ वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी अशोक अरोरा ने पूज्य महंत महावीर नाथ जी महाराज को पुष्पमाला अर्पित कर व धार्मिक दुपट्टा ओढ़ाकर आशीर्वाद ग्रहण किया। इसके साथ ही उन्होंने सनातन धर्म की रक्षा और जनसेवा का संकल्प दोहराया। 'हर-हर महादेव' और 'जय सनातन' के गगनभेदी जयकारों से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। महाराज श्री के साथ पधारे अन्य साधु-संतों एवं महंतों का भी पुष्पमालाओं से भावभीना अभिनंदन किया गया।उपस्थित संतों ने अशोक अरोरा की धार्मिक निष्ठा और सेवा भावना की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया और अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

# किन्नर का रूप धारण कर महिलाओं से धोखाधड़ी एवं लूट करने वाले अंतर्जिला गिरोह का पर्दाफाश

## 4 आरोपी एवं 1 बाल अपचारी गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त 2 मोटरसाइकल जप्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़।

राजगढ़ जिले में महिलाओं के साथ धोखाधड़ी एवं लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए थाना कुरावर एवं थाना नरसिंहगढ़ पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्यवाही करते हुए किन्नर का वेश धारण कर महिलाओं को धार्मिक एवं चमत्कारी शक्तियों का झांसा देकर उनके सोने-चांदी के आभूषण ठगने एवं लूट करने वाले अंतरजिला गिरोह का पदार्फाश किया है।

गिरोह के 04 आरोपियों एवं 01 बाल अपचारी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से शत-प्रतिशत माल एवं घटना में प्रयुक्त 02 मोटरसाइकिल बरामद की हैं। फरियादिया नर्मदा बाई निवासी कुरावर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दो अज्ञात व्यक्ति, जिनमें से एक किन्नर के वेश में था उनके घर आए। आरोपियों ने पति की शराब छुड़वाने एवं गर्भवती पुत्री को पुत्र होने का झांसा देकर नजर उतारने के बहाने सोने का मंगलसूत्र उतरवाकर लोटे में रखवाया तथा महिलाओं को घर के अंदर भेजकर लगभग 50 हजार रु कीमत का मंगलसूत्र लेकर फरार हो गए। इस संबंध में थाना कुरावर में अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।



इसी प्रकार ग्राम मूण्डला बारोल निवासी फरियादी माखनलाल राठौर की पत्नी जसोदा बाई से दो किन्नर जैसे हुलिये वाले व्यक्तियों ने धार्मिक बातों में उलझाकर सोने के टॉप्स उतरवाकर धोखाधड़ी की। पुलिस ने अपराध प्रकरण दर्ज किया। पुलिस टीम के द्वारा घटनास्थलों एवं आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना का विश्लेषण किया गया। संदिग्धों के फोटो एवं वीडियो ग्रामीणों को दिखाकर पहचान की तथा लगातार दबिश दी। कुरावर एवं नरसिंहगढ़ क्षेत्र में हुई घटना एक ही अंतरजिला गिरोह द्वारा किन्नर का वेश धारण कर अंजाम दी गई। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर खुलासा किया गया। आरोपियों से अन्य जिलों में की गई इसी प्रकार की वारदातों के संबंध में भी पूछताछ जारी है। थाना नरसिंहगढ़ क्षेत्र के ग्राम काछीपुरा में भी तीन अज्ञात व्यक्ति किन्नर का वेश धारण कर भिक्षा मांगने के बहाने पहुंचे। आरोपियों ने स्वयं को धार्मिक एवं चमत्कारी शक्तियों वाला बताकर महिलाओं को अपने प्रभाव में लिया। फरियादिया रोशनी कुशवाह के साथ धार्मिक अनुष्ठान का झांसा देकर आभूषण प्राप्त कर धोखाधड़ी की, जिस पर अपराध पंजीबद्ध किया गया वहीं फरियादिया कांताबाई कुशवाह के साथ आरोपियों द्वारा बलपूर्वक आभूषण छीनकर लूट की घटना को अंजाम दिया गया जिस पर भी अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी मदन नाथ पिता जगन्नाथ, रमेश नाथ पिता जगन्नाथ, हुकुम नाथ पिता जगन्नाथ सर्वनिवासी दोराहा जिला सीहोर। ओमप्रकाश पिता गुलाबनाथ निवासी ढुंढलाया थाना शुजालपुर जिला शाजापुर। ब्यावरा 47

### एक बाल अपचारी गिरफ्तार

एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर आरोपियों के पास से सोने का एक मंगलसूत्र कीमत 50,000 रु. सोने के टॉप्स एक जोड़ी कीमत 40,000 रु घटना में प्रयुक्त 02 मोटरसाइकल कीमत 1,50,000 रु कुल कीमत 2,40,000 रु का माल बरामद किया। गिरफ्तार आरोपी मदन नाथ के विरुद्ध पूर्व से गंभीर आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं, जिनमें प्रमुख रूप से आर्म्स एक्ट थाना दोराहा जिला सीहोर शामिल है।

## सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों ने विभाग एवं प्रांतिय प्रतियोगिता में फिर लहराया परचम

**तराना।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, तराना से विभाग एवं प्रांतीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता, ऋषि नगर, उज्जैन में आयोजित हुआ।जिसमें विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया। छात्रा हंसिका देवड़ा ने विभाग एवं प्रांत में किशोर वर्ग की 100 एवं 800 मीटर दौड़ की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अर्जित किया।छात्रा कविता बडाल ने शिशु वर्ग की 100 मीटर दौड़ एवं लम्बी कूद में प्रथम स्थान प्राप्त किया।छात्र पृथ्वीराज चौहान एवं शेखर परिहार ने किशोर वर्ग में ऊंची कूद में प्रथम स्थान, भैया मनोज ठाकुर 80 मीटर बाधा दौड़ , भैया कृष्णा ठाकुर ने 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान, बहिन नेहा परिहार ने 100 मीटर बाधा दौड़ में प्रथम स्थान, भैया भूपेंद्र सोलंकी ने गोला फेंक में द्वितीय स्थान,शिशु वर्ग में बहिन रभ्या आंजना ने 100 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।छात्रों को समिति सचिव शिवनारायण कोदीवाल प्राचार्य मोहित राव पवार एवं पालक प्रतिनिधि राजीव पाटीदार द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



## बड़ौद के भैया/बहिनों ने ने प्रांत स्तरीय ऐथेलेटिक्स प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा



**बडौद।** स्थानीय सरस्वती विद्या मन्दिर उ.मा.वि. बड़ौद के भैंया/बहिनों ने प्रांत स्तरीय ऐथेलेटिक्स प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा। प्रतियोगिता दिनांक 18 जुलाई से 20 जुलाई तक नानाखेडा स्टेडियम उज्जैन में सम्पन्न हुईं। जिसमें विद्यालय के बाल , किशोर एवं तरुण वर्ग से 9 भैंया/बहिन एवं खेल शिक्षक संदीप कुम्भकार सम्मिलित हुए। जिसमें किशोर वर्ग से भैंया भानुप्रतापसिंह ने 100 मिटर दोड एवं ऊची कुद मे प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं पृथ्विराजसिंह ने 200 मिटर एवं भाला फेक मे द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तरुण वर्ग से भैंया सुरेन्द्रसिंह परिहार ने 1500 मिटर दोड में प्रथम स्थान , भैंया राजपालसिंह ने भाला फेक में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एवं किशोर वर्ग बहिन नंदनी कहार ने भाला फेक मे द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं आरती लववंशी ने रिले दोड में तृतीय स्थान प्राप्त किया। एवं शिशु वर्ग से सक्षम लववंशी ने लम्बी कुद मे द्वितीय स्थान प्राप्त किया बहिन शिवन्या लववंशी 200 मीटर दोड में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रथम स्थान प्राप्त भैंया/बहिन क्षेत्र स्तरीय प्रतियोगिता छतरपुर में विद्यालय एवं मालवा प्रांत का प्रतिनिधित्व करेगे।

## श्रीचित्रगुप्त पत्रकारिता गौरव सम्मान से सम्मानित हुए संकल्प श्रीवास्तव

**ब्यावरा।** पत्रकारिता समाज सेवा का एक प्रभावशाली माध्यम है। पत्रकार जनसरोकार और निष्पक्षता के साथ निभाने का उद्देश्यपूर्ण प्रयास करते है। ऐसे पत्रकारो के सम्मान को लेकर भोपाल से कायस्थ बंधु समिति घर जाकर चित्रगुप्त सम्मान दे रही है। इसी कडी में मंगलवार को राजघाट कालोनी में युवा पत्रकार संकल्प श्रीवास्तव को समिति के अध्यक्ष गिरीश श्रीवास्तव ने पीला गमछा पहनाकर सम्मान मे भगवान श्री चित्रगुप्तजी की तस्वीर भेंट कर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर श्रीचित्रगुप्त पत्रकार गौरव सम्मान से सम्मानित किया है। संकल्प को यह सम्मान पिछले चार साल से पत्रकारिता लाईन में श्रेष्ठ,उत्कृष्ट कार्य करने के उपलक्ष्य में दिया गया है।संकल्प श्रीवास्तव ने बताया कि मैने पत्रकारिता के दौरान स्वास्थ्य, अपराध, सामाजिक सरोकार, सांस्कृतिक गतिविधियो के साथ साथ आम नागरिकों से जुडे विषयों पर लगातार कार्य कर रहे है।



## नव-नियुक्त एल्डरमैनों का किया गया स्वागत



**सुसनेर।** नगर परिषद कार्यालय में नव-नियुक्त एल्डरमैनों के सम्मान में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान नगर परिषद परिवार एवं जनप्रतिनिधियों ने नवनियुक्त एल्डरमैनों का साफा पहनाकर एवं पुष्पमाला से अभिनंदन किया। समारोह में नव-नियुक्त एल्डरमैन श्रीमती डाली बाई गर्ग, सुरेन्द्र सिंह लखावत, अंशुल जैन एवं दुलारसिंह गुर्जर का सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने सभी एल्डरमैनों को बधाई देते हुए नगर के विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम में नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जैन खुपवाला, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन, सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया, पार्षद प्रतिनिधि पवन शर्मा, कमल गर्ग तथा नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) हरिओम शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह का वातावरण आत्मीयता एवं उत्साह से भरपूर रहा।

## नगर पालिका परिषद को मिले छह नए एल्डरमैन भाजपा ने किया सम्मान

**बड़नगर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा सोमवार को प्रदेश में नगर पालिका परिषद एल्डरमैन की नियुक्ति के आदेश जारी किए। जिसमें बड़नगर नगर पालिका परिषद को बड़नगर को भी छह नए एल्डरमैन मिलें। शासन द्वारा जारी नियुक्ति में बड़नगर से महेश सेन, अशोक शाह, किशोर पांचाल, राजकुमारी निम्बोला, सत्यनारायण भाटी, एवं मधुसूदन गुर्जर शामिल हैं। सभी नवनियुक्त एल्डरमानों का स्वागत मंगलवार को सेवा सदन पर नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या, उपाध्यक्ष अनीता सतीश वर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष नवीन राठौर, युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित पाटौदी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकताओं द्वारा किया गया।



बेटा बनकर निभाया अंतिम धम

## निराश्रित बुजुर्ग को मुखाग्नि देकर मानवता की मिसाल पेश की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागदा

किसी भी समाज की पहचान उसके कमजोर और असहाय लोगों के प्रति संवेदनशीलता से होती है। नागदा में ऐसा ही एक भावुक और प्रेरणादायी दृश्य उस समय देखने को मिला, जब अटल वृद्धाश्रम के निराश्रित बुजुर्ग हीरालाल जी पिता स्व. नागुलाल जी के निधन पर सांसद प्रतिनिधि एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री ओ.पी. गेहलोत ने पुत्र धर्म निभाते हुए उन्हें वैदिक रीति-रिवाज से मुखाग्नि देकर अंतिम विदाई दी।



हीरालाल वर्ष 2016 से अटल वृद्धाश्रम में रह रहे थे। कुछ दिनों पूर्व उनकी तबीयत अचानक बिगड़ने पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती संतोष ओ.पी. गेहलोत के निर्देश पर वृद्धाश्रम के कर्मचारियों ने उन्हें तत्काल जनसेवा अस्पताल में भर्ती कराया। डॉ. जितेंद्र पाल की देखरेख में उनका उपचार चल रहा था, लेकिन पैर में संक्रमण के कारण उनका स्वास्थ्य लगातार गंभीर बना रहा।

अटल वृद्धाश्रम से बैंड-बाजे के साथ निकली अंतिम यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी, जहां नागरिकों ने नम आंखों से दिवंगत को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुक्तिधाम में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्री ओ.पी. गेहलोत ने स्वयं मुखाग्नि देकर उन्हें अंतिम विदाई दी। उल्लेखनीय है कि यह पहला अवसर नहीं है। इससे पूर्व भी अटल वृद्धाश्रम के एक अन्य निराश्रित बुजुर्ग के निधन पर श्री ओ.पी. गेहलोत ने पुत्र धर्म निभाते हुए मुखाग्नि दी थी। निराश्रित और असहाय बुजुर्गों के प्रति उनकी यह सेवा भावना, मानवीय संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व समाज के लिए प्रेरणादायी संदेश है।

## आत्महत्या के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते एक आरोपित युवक को हिरासत लिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मक्सी

सिरोलिया रेलवे स्टेशन के पास सोमवार को ट्रेन के सामने कूदकर निजी स्कूल के शिक्षक द्वारा की गई आत्महत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपित युवक को हिरासत में लिया है। घटना के बाद जहां क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई थी, वहीं मृतक द्वारा सोशल मीडिया पर छोड़ा गया भावुक संदेश भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान सतीश पिता मणिशंकर जोशी निवासी ग्राम सिरोलिया के रूप में हुई है। उन्होंने आत्महत्या से पहले सोशल मीडिया पर लिखे संदेश में पिछले दो माह से मानसिक रूप से परेशान होने की बात कही थी। साथ ही गांव के कुछ युवकों पर उनके संबंध में गलत अफवाहें फैलाने का आरोप लगाया था, जिससे वे अत्यधिक तनाव में थे।

अपने अंतिम संदेश में सतीश जोशी ने लिखा था कि वे पूरी तरह होश में यह कदम उठा रहे हैं। उन्होंने कथित जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए सभी से क्षमा याचना कर अंतिम प्रणाम किया था। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मर्ग कायम कर जांच शुरू की। मक्सी थाना प्रभारी मदन इवने ने बताया कि परिजनों के बयान एवं इंटरनेट मीडिया पर वायरल पोस्ट के आधार पर मामले की गंभीरता से जांच बीएनएस की धारा 108 में प्रकरण दर्ज जांच के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर पुलिस ने दीपक पाटीदार उर्फ कालू पिता सत्यनारायण पाटीदार निवासी सिरोलिया को हिरासत में लेकर उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 108 के तहत प्रकरण दर्ज किया ।

## मोड़ी में पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष कमलसिंह गंगापुर का भव्य स्वागत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष कमलसिंह गंगापुर के प्रथम मोड़ी मंडल आगमन पर मंगलवार को पंचायत भवन में भाजपा कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। कार्यकताओं ने पुष्पमालाएं पहनाकर एवं साफा बांधकर उनका अभिनंदन किया।

स्वागत कार्यक्रम के बाद जिलाध्यक्ष कमलसिंह गंगापुर ने कार्यकताओं के साथ गोवर्धन नाथ गौशाला पहुंचकर गौ माता का विधि-विधान से पूजन किया तथा गायों को हरी घास खिलाकर गोसेवा का संदेश दिया। इसके पश्चात उन्होंने क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा कार्यकताओं से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान संगठन को मजबूत बनाने, कार्यकताओं के साथ समन्वय बढ़ाने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने पर भी चर्चा की गई।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष कैलाश परमार, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बजरंग पाटीदार, किशोर राठौड़, संतोष पाटीदार, कमल मीणा, अनिल जैन, प्रभुलाल परमार, जगदीश पाटीदार, अनिल चौधरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्रृंखला बनाकर नशा मुक्त समाज का दिया संदेश

**ब्यावरा-राजगढ़।** मध्यप्रदेश शासन एवं मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा 30 जुलाई 2026 तक संचालित नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे है जिसके तहत सातवें दिवस शासकीय रेलवे पुलिस जीआरपी ब्यावरा के द्वारा रेल यात्रियों एवं आमजन को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने हेतु रेल इतिहास के सबसे बड़े जनभागीदारी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उक्त अभियान के अंतर्गत ब्यावरा-राजगढ़ रेलवे स्टेशन पर एक साथ मानव श्रृंखला बनाकर नशामुक्त समाज का संदेश दिया गया।

## एक हजार का ईनामी 3 वर्ष से फरार चोरी का आरोपी पकड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंगोरिया

थाना क्षेत्र के ग्राम चिकली में ओमप्रकाश सेठी निवासी इंगोरिया की कपड़े की दुकान से चोरी एवं नकबजनी के एक फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। चोरी की वारदात 3 वर्ष पहले की है 3 आरोपियों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। एक आरोपी फरार था उस पर जिला पुलिस अधीक्षक ने 1 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह और एस डी ओ पी महेंद्र परमार के निर्देशन में की गई।

ग्राम चिकली में कपड़े की दुकान से नकबजनी कर 50 हजार रुपए के कपड़े की चोरी साल 2023 में 4 आरोपियों ने की थी। 26 अगस्त सन 2023 को 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। एक आरोपी अरूण पिता इंदरसिंह चौहान उम्र 30 वर्ष निवासी ओड थाना सोनकच्छ जिला देवास फरार था। उसके खिलाफ विवेचना जारी थी। मुखबिर की सूचना पर आरोपी को ग्राम खड़ोतिया से घेराबंदी कर इंगोरिया पुलिस ने पकड़ा।

## चोरी गई मोटरसाइकल सहित आरोपी गिरफ्तार

**ब्यावरा-राजगढ़।** राजगढ़ पुलिस द्वारा ऑपरेशन चक्षु-360 के अंतर्गत जिले में स्थापित सीसीटीवी कैमरा नेटवर्क एवं आधुनिक तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए संपत्ति संबंधी अपराधों पर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना लीमाचौहान प्रभारी उप निरीक्षक गोविंद सिंह मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद की।

## अष्टानिका महापर्व के प्रथम दिन हुआ ध्वजारोहण

**सारंगपुर।** श्री 1008 महावीर दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र बडा मंदिर जी में पंडित महेश जैन के निर्देशन में चल रहे सिद्धचक्र महामंडल विधान के प्रथम दिवस पर प्रातः 8 बजे मंगलाष्टक, श्रीजी के प्रक्षालन के पश्चात इंद्र के नाम घोषित किए। जिसमे सोधर्म इंद्र दिलीप जैन, कुबेर इंद्र नरेंद्र जैन, यज्ञ नायक निर्मल जैन, सनत इंद्र दीपेश जैन, महेंद्र इंद्र चंद्रकुमार जैन, ईशान इंद्र डॉ लतेश सिंघाई, मैना सुंदरी अर्पिता जैन को बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसके पश्चात श्रीजी के प्रथम कलश विजय जैन, द्वितीय कलश वर्धमान सिंघाई, तृतीय कलश डॉ लतेश सिंघाई, चतुर्थ कलश अनिल जैन द्वारा किया गया। तत्पश्चात श्री जी की प्रथम शांति धारा का लाभ महेश स्मित जैन परिवार, द्वितीय शांतिधारा का लाभ दिलीप पारस जैन सोधर्म इंद्र परिवार को प्राप्त हुआ। श्रीजी के अभिषेक शांतिधारा के पश्चात घट यात्रा, ध्वजारोहण की क्रिया हुई, जिसमे ध्वाजारोहण करने का सौभाग्य दिलिप गरिमा जैन परिवार को प्राप्त हुआ। उसके पश्चात विनय पाठ, समुच्चय पूजा, मूलनायक पार्श्वनाथ भगवान पूजा, नंदीश्वर दीप पूजा के पश्चात सिद्धचक्र महामंडल विधान की पूजा प्रारंभ की गई।

## 4 मिमी वर्षा ने सोयाबीन फसल में जान डाल दी

**महिदपुर।** किसान सोयाबीन फसल के लिये वर्षा की दरकार लगाये तीन दिन से वर्षा का इन्तजार कर रहे थे। मंगलवार को क्षेत्र में हल्की वर्षा हुई जो तहसील के वर्षा मापक यंत्र में 4 मिमी के रूप मे नापी गई। अभी तक 352 मिमी वर्षा हुई है जबकि गत वर्ष दिनांक तक 224 मिमी हुई थी। जुलाई के प्रारम्भ में तेज वर्षा से इस वर्ष का वर्षा का आंकड़ा बढ़ गया। जुलाई की तेज वर्षा ने महिदपुर क्षेत्र के बाँधो का जल स्तर एक दम बढ़ गया है कृष्ण सुदामा बाँध पुरा भर चुका है।

## 10वीं एवं 12वीं की फर्जी अंकसूची जारी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़।

राजगढ़ पुलिस ने शिक्षा के नाम पर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले फर्जी शिक्षा बोर्ड का पदार्फाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। राजगढ़ थाना कोतवाली पुलिस ने फर्जी ऑनलाइन बोर्ड ऑफ हायर सेकेंडरी एजुकेशन दिल्ली के नाम पर परीक्षाएं आयोजित कर अभ्यर्थियों से रुपए लेकर फर्जी अंकसूची एवं प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने वाले गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फरियादी कुमेरसिंह पिता रोडीलाल भिलाला 42 वर्ष निवासी ग्राम नाटाराम थाना छापीहेड़ा ने शिकायत की कि जीनियस कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर राजगढ़ के संचालक कुनाल मेवाड़े ने उसकी पत्नी गायत्री भिलाला को बोर्ड ऑफ हायर सेकेंडरी एजुकेशन दिल्ली के नाम से 10वीं एवं 12वीं की फर्जी अंकसूची प्रदान की। शिकायत पर थाना कोतवाली राजगढ़ में अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की। विवेचना के दौरान पुलिस ने संबंधित बोर्ड के पते एवं दस्तावेजों का सत्यापन किया। शिक्षा निदेशालय दिल्ली सरकार एवं स्कूल शिक्षा विभाग नई दिल्ली से प्राप्त जानकारी में स्पष्ट हुआ कि बोर्ड ऑफ हायर सेकेंडरी एजुकेशन दिल्ली के नाम का कोई भी बोर्ड शासन द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं है।

पुलिस ने कुनाल मेवाड़े पिता स्व. हरिशंकर मेवाड़े 41 वर्ष निवासी उत्कृष्ट टॉवर रानी लक्ष्मीबाई तिराहा के पास राजगढ़ को गिरफ्तार कर पूछताछ की, जिसमें उसने बताया कि वह फर्जी बोर्ड की ऑनलाइन वेबसाइट पर विद्यार्थियों की जानकारी अपलोड करता था तथा उसका भाई राजू मेवाड़े पिता स्व. हरिशंकर मेवाड़े 47 वर्ष निवासी शंकर कॉलोनी राजगढ़ द्वारा संचालित पूर्वी विद्या निकेतन में उक्त फर्जी बोर्ड की परीक्षाएं आयोजित कराई जाती थीं। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। प्रकरण में अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता एवं इस फर्जी नेटवर्क से जुड़े अन्य मामलों की भी जांच जारी है। आरोपियों का पूर्व में भी आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज है



## नगर परिषद में चार एल्डरमेन नियुक्त

**तराना।** मंगलवार को नगर परिषद में एल्डरमैन की नियुक्ति कर दी गई है। शासन द्वारा जारी की गई सूची के अनुसार नगर परिषद में चार नेताओं को एल्डरमैन बनाया गया है। सूची के अनुसार वार्ड 12 से धर्मेंद्र परमार,वार्ड 3 से कैलाश परिहार,वार्ड 6 से पिंकी झाला, वही वार्ड 13 से नरेन्द्र बिडला को एल्डरमेन में बनाया गया है। वहीं नियुक्ति के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्यक्त किया है। साथी विभिन्न स्थानों पर एल्डरमैन के स्वागत आदि भी किए गए हैं। नियुक्ति पर एल्डरमैन ने कहा कि विकास कार्य हमारी प्राथमिकता रहेंगी।

## मंदिर पहुंच मार्ग की पुलिया जर्जर

**जगोटी।** जगोटी से छः किलोमीटर दूर पश्चिम में स्थित प्राचीन श्री बिल्वकेश्वर महादेव मंदिर से सौ मीटर की दूरी पर लगभग चौबीस साल पहले बनी पुलिया हाल की बारिश के बाद जीर्ण शीर्ण अवस्था में पहुंच गई है, इस पुलिया से एक सप्ताह से वाहनों की आवाजाही लगभग बंद हो चुकी है, क्षेत्र के चालीस से अधिक गांवों के श्रद्धालुओं के आस्था के केन्द्र श्री बिल्वकेश्वर महादेव धाम पहुंचने के लिए अब लोगों को हिंगोनिया मैलानिया मार्ग से अतिरिक्त तीन किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ रहा है। मंदिर के पुजारी गोपाल गिरी ने बताया कि लगभग दो साल पहले जनपद के इंजीनियर अजय मूणत ने इस जर्जर पुलिया का अवलोकन कर मरम्मत का आश्वासन दिया था मगर नतीजा शून्य रहा।

## तीन युवा सहित वरिष्ठ नेता भी बने एल्डरमेन

**बडौद।** मध्य प्रदेश शासन नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा आज मध्य प्रदेश के नगर परिषद की एल्डरमैन की दूसरी सूची घोषित की गई जिसमें नगर परिषद बड़ोद में राज्य शासन द्वारा भाजपा के वरिष्ठ नेता चंद्रेश शर्मा, किसान मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश शर्मा ,लालचंद चौहान,पवन सेन पिता राधा कृष्ण सेन सभी एल्डरमैन को नियुक्त किया गया है।

## जगन्नाथ यात्रा निकली

**महिदपुर।** 20 जुलाई को रामलीला मैदान से जगन्नाथ यात्रा का रथ बेण्ड बाजों के साथ निकाला गया। श्रद्धालु भक्तगणों ने रथ को खीचा। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुई मण्डी प्रांगण में समाप्त हुई।

## सीएम सुगम परिवहन सेवा अगस्त माह से

**महिदपुर रोड।** सीएम सुगम परिवहन सेवा की शुरूआत अगस्त महिने से होने जा रही है इसके लिये आधिकारिक तौर पर विधिवत रूप से शुरूआत में 8 विभिन्न बड़े शहरों एक संभाग से दूसरे संभाग को जोड़ने वाली यात्री बस का परिचालन प्रारंभ होने जा रहा है। अभी तक आधिकारिक रूप से मिली जानकारी के अनुसार अलीराजपुर से मंदसौर बड़वाह से मंदसौर,बुरहानपुर से नीमच ,इंदौर से मनासा,खंडवा से मंदसौर ,खंडवा से नीमच ,खरगोन से मंदसौर ,खरगोन से नीमच के बीच शुरूआती तौर पर मध्य प्रदेश शासन अपनी महति सीएम सुगम परिवहन सेवा के के रूप में परिचालन प्रारंभ करने जा रहा है

## धर्मशाला के निर्वाचन हेतु अधिकारी नियुक्त

**उज्जैन।** कड़वा पाटीदार धर्मशाला ट्रस्ट कुशलपुरा उज्जैन की आगामी निर्वाचन हेतु प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक 19 जुलाई को सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी निर्वाचन हेतु निर्वाचन अधिकारियों को नियुक्त किया गया जिसमें बद्रीलाल पालोतरा तराना, जानकीलाल पाटीदार हरसोदन, महेश गोठी घुंसी, ताराचंद पाटीदार दत्तोत्तर को ट्रस्ट मंडल के 12 सितंबर 2026 को होने वाले निर्वाचन की संपूर्ण जवाबदारी सौंपी गई। उक्त नियुक्तियां वर्तमान अध्यक्ष रामेश्वर गामी की अध्यक्षता में संपन्न प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक में की गई। जानकारी ट्रस्ट के सचिव अशोक कटारिया द्वारा दी गई।

# सुहागिनों के इसलिए खास है हरियाली तीज व्रत



**वर्ष 2026 में हरियाली तीज का पर्व उदया तिथि के अनुसार 15 अगस्त को मनाया जाएगा जिसमें वैवाहिक सुख और पति की लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत का विधान है। इस लेख में तिथि के निर्धारण और शुभ मुहूर्त का विस्तृत विश्लेषण किया गया है ताकि व्रती महिलाएं धार्मिक शुद्धता के साथ पूजन संपन्न कर सकें। हरियाली तीज 2026 तिथि शुभ मुहूर्त पूजा विधि।**



सावन का पूरा महीना व्रत के लिए जाना जाता है। भगवान शिव के सोमवार व्रत, मंगला गौरी व्रत, कामिका और पुत्रदा एकादशी, हरियाली तीज और नाग पंचमी के व्रत प्रमुख हैं। हरियाली तीज का व्रत विवाहित महिलाएं अपने पति की दीघार्यु और सुखी दांपत्य जीवन के लिए करती हैं। इस दौरान महिलाएं निर्जला व फलाहार व्रत रखकर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना की जाती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस व्रत को करने से भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस व्रत के रखने से वैवाहिक जीवन में प्रेम, सौहार्द और स्थिरता बनी रहती है। इसके साथ ही पति की आयु में वृद्धि और जीवन में खुशहाली आती है।

हरियाली तीज के मौके पर महिलाएं सोलह श्रृंगार करती हैं, हाथों में मेहंदी लगाती हैं, झूला झूलती हैं और सावन के मधुर गीत गाती है। आइए आपको बताते हैं कब रखा जाएगा हरियाली तीज का व्रत और शुभ मुहूर्त।

पंचांग के अनुसार हरियाली तीज का पावन पर्व सावन मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। वर्ष 2026 में तृतीया तिथि का आरंभ 14 अगस्त को सायं 6:46 बजे से होगा तथा यह 15 अगस्त को सायं 5:28 बजे तक प्रभावी रहेगी। उदया तिथि को मान्यता देने की परंपरा के अनुसार हरियाली तीज का व्रत और पर्व 15 अगस्त 2026, शनिवार को मनाया जाएगा।

### हरियाली तीज 2026 शुभ मुहूर्त

**ब्रह्म मुहूर्त:** सुबह 04:50 से 05:35 तक, **अभिजित मुहूर्त:** दोपहर 12:17 से 01:08 तक, **विजय मुहूर्त:** दोपहर 02:51 से 03:42 तक छुट्टियांव मौसमी आयोजन, **गोधूलि मुहूर्त:** शाम 07:06 से 07:29 तक, अमृत काल: रात 08:18 से 09:53 तक

### हरियाली तीज 2026 चौघड़िया मुहूर्त

शुभ (उत्तम): सुबह 07:55 से 09:31 तक, लाभ (उन्नति): दोपहर 02:19 से 03:55 तक, अमृत (सर्वोत्तम): दोपहर 03:55 से 05:30 तक, चर (सामान्य): दोपहर 12:43 से 02:19 तक

### हरियाली तीज व्रत के नियम

इस दिन हरे और लाल रंग के वस्त्र पहनना काफी शुभ माना जाता है। भूलकर भी काले सफेद या भूरे रंग के कपड़े न पहनें। व्रत के दौरान पानी या दूध का सेवन न करने की परंपरा भी प्रचलित है। इस बात का ध्यान रखें कि पूजा में वही सामग्री का इस्तेमाल करें, जो मायके से प्राप्त हुई हो। व्रत का पारण शुभ मुहूर्त से पहले न करें। पूजा का सारा सामान मंगलवार को न खरीदें। व्रत वाले दिन महिलाओं को किसी भी प्रकार का विवाद और नकारात्मकता से दूर रहना चाहिए। मान्यता के अनुसार, इस रात जागरण कर भजन-कीर्तन के जरिए शिव-पार्वती की आराधना करना चाहिए।

# गुरुवार को भगवान विष्णु की पूजा से दूर होगा गुरु दोष

**धार्मिक मान्यता है कि रोजाना भगवान विष्णु के मंत्रों का जाप करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है। मान्यता है कि रोजाना भगवान विष्णु के मंत्रों का जाप करने से सभी संकटों से मुक्ति मिलती है और धन-वैभव की प्राप्ति होती है।**



गुरुवार का दिन भगवान विष्णु और बृहस्पति देव को समर्पित है। गुरुवार को भगवान विष्णु की पूजा करने से व्यक्ति के सभी दुख-दर्द दूर होते हैं। वहीं अगर किसी व्यक्ति की कुंडली में गुरु दोष है, तो भगवान विष्णु और बृहस्पति देव की पूजा और उपासना करनी चाहिए। गुरुवार को व्रत करने से व्यक्ति के जीवन की सभी समस्याएं दूर हो जाती हैं। वहीं घर में धन की कमी नहीं रहती है। वहीं इस दिन भगवान विष्णु के साथ मां लक्ष्मी की पूजा करना शुभ होता है। धार्मिक मान्यता है कि रोजाना भगवान विष्णु के मंत्रों का जाप करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है। मान्यता है कि रोजाना भगवान विष्णु के मंत्रों का जाप करने से सभी संकटों से मुक्ति मिलती है और धन-वैभव की प्राप्ति होती है।

भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की कृपा और आशीर्वाद पाने के लिए रोजाना इन मंत्रों का जाप करना चाहिए। इन मंत्रों का जाप करने से जीवन के सभी कष्ट दूर होते हैं। धन-वैभव और संपन्नता की प्राप्ति होती है। लेकिन इन मंत्रों का जाप करते समय इस बात का ध्यान रखें कि मंत्रों का उच्चारण साफ और शुद्ध होना चाहिए। वरना इसका फल नहीं मिलता है।

**श्रीहरि विष्णु के पवित्र मंत्र**
ॐ नमो भगवते वासुदेवाय
श्रीकृष्ण गोविन्द हरे मुरारे।
हे नाथ नारायण वासुदेवाय।।
ॐ नारायणाय विद्महे। वासुदेवाय धीमहि।
तन्नो विष्णु प्रचोदयात।।
ॐ विष्णवे नमः
ॐ हूं विष्णवे नमः
ॐ नमो नारायण।
श्री मन नारायण नारायण हरि हरि।

**लक्ष्मी विनायक मंत्र**
दन्ताभये चक्र दरो दधानं,
कराग्रगस्वर्णघटं त्रिनेत्रम।
धृताब्जया लिंगितमब्धिपुत्रया
लक्ष्मी गणेशं कनकाभमीडे।।

**धन-वैभव और संपन्नता का मंत्र**
ॐ भूरिदा भूरि देहिनो,
मा दभ्रं भूर्या भर। भूरि घेदिन्द्र दित्ससि।
ॐ भूरिदा त्यसि श्रुतः पुरुत्रा शूर वृत्रहन।
आ नो भजस्व राधसि।
ॐ अं वासुदेवाय नमः
ॐ आं संकर्षणाय नमः
ॐ अं प्रद्युम्नाय नमः
ॐ अः अनिरुद्धाय नमः
ॐ नारायणाय नमः




# हॉकी वर्ल्ड कप में पदक का सूखा खत्म करेगी टीम इंडिया

## ⁄, कप्तान लंर्श्ैल्लस्त्र१ीी३ त्रल्लँ ने भरी हुंकार



**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

टोक्यो ओलंपिक से पहले मन में जो चल रहा था, कुछ उसी तरह के भाव हैं और तैयारी भी उतनी ही मजबूत है क्योंकि हमारा एक ही लक्ष्य है कि विश्व कप में पांच दशक से पोडियम पर नहीं रहने का सिलसिला तोड़ना ही है यह कहना है भारतीय हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह का।

तोक्यो ओलंपिक 2020 में 41 साल बाद कांस्य पदक जीतने के बाद पेरिस में 2024 में अपनी कप्तानी में उसे दोहराने वाले हरमनप्रीत को बखूबी पता है कि कई खिलाड़ियों के लिये विश्व कप जीतने का शायद यह आखिरी मौका है। उन्होंने को दिये इंटरव्यू में कहा , हम भी चाहते हैं कि 50 साल से विश्व कप नहीं जीत पाने के सिलसिले को वैसे ही तोड़ें, जैसे तोक्यो में 41 साल बाद ओलंपिक पदक जीता था। उसी सोच और उसी तैयारी के साथ उतरेंगे। लेकिन कोई दबाव नहीं है, बल्कि यह हमारी जिम्मेदारी है।

विश्व कप 15 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम में खेला जायेगा। भारत ने सिर्फ एक बार 1975 में कुआलालम्पुर में खिताब जीता है। इसके अलावा 1971 में बासीलोना में कांस्य और 1973 में एम्सटेलवीन में रजत पदक जीता था। दो ओलंपिक पदक जीत चुके भारतीय टीम के कई मौजूदा खिलाड़ी अपने कैरियर के आखिरी पड़ाव पर भी हैं और विश्व कप के जरिये भारतीय हॉकी का सुनहरा अध्याय लिखना चाहेंगे।

# भारतीय सब जूनियर टीम ने पाकिस्तान और ओमान को हराया



**एजेंसी ▸▸ मस्कट**

22 जुलाई भारतीय सब जूनियर लड़कों की टीम ने एफआईएच युवा हॉकी5 एशियाई चैम्पियनशिप में पाकिस्तान और ओमान को हराकर जीत का सिलसिला जारी रखा। केतन कुशवाहा की कप्तानी में भारत ने ओमान को 14 . 0 से हराया जिसमें कप्तान ने चार गोल किये और आशीष तानी पूर्ति ने हैट्रिक लगाई। राहुल यादव और शाहरूख अली ने दो दो , प्रहलाद राजभर, करण गौतम और रोमित पाल ने एक एक गोल दागा।

पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने 7 . 4 से जीत दर्ज की जिसमें करण गौतम ने तीन गोल किये। राहुल यादव, प्रहलाद राजभर, कप्तान कुशवाहा, रोमित पाल ने एक एक गोल किये। पाकिस्तान के लिये असलम मुहम्मद फरहान और आदिल ने एक जबकि उस्मान मुहम्मद ने दो गोल किये।

भारतीय सब जूनियर लड़कियों ने चीन से 2 . 2 से ड्रॉ खेला और उजबेकिस्तान को 16 . 0 से हराया। चीन के लिये चेन गि और जियाशिन गुओ ने गोल किये जबकि भारत के लिये नौशीन नाज ने दो गोल दागे। उजबेकिस्तान के खिलाफ नौशीन नाज ने चार, संदीपा कुमारी और कप्तान स्वीटी कुजूर ने तीन तीन, दिया और पुष्पा ने दो दो जबकि किरण इक्का और नीलम टोप्नो ने एक एक गोल दागे।

## 20 लाख प्रशंसकों के साथ सड़कों पर उतरा जनसैलाब

**स्पेन।** स्पेन की विश्व कप विजेता फुटबॉल टीम सोमवार को जब स्वदेश लौटी तो लगभग 20 लाख लोग खिलाड़ियों का स्वागत करने के लिए मैड्रिड की सड़कों पर एकत्रित हुए थे। स्पेन के सभी 26 खिलाड़ियों और उसके कोचिंग स्टाफ के सदस्यों ने न्यूजर्सी में फाइनल में अर्जेंटीना को 1-0 से हराने के एक दिन बाद मैड्रिड पहुंचने पर देश के शाही परिवार और फिर प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज से मुलाकात की। सांचेज ने कहा, खेल की शानदार शैली, बेहतरीन प्रयास और जीत के लिए बहुत-बहुत बधाई। हमें आपको खेलते हुए देखकर वाकई बहुत आनंद आया। पूरी टीम एक खुली छत वाली बस में सवार होकर अभिवादन स्वीकार करने के लिए मैड्रिड की सड़कों पर निकल गई।

# चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स में बड़ा उलटफेर

## एम. प्रणेश ने विश्व चैंपियन डी. गुकेश को को फिर दी मात



**एजेंसी ▸▸ चैन्नई**

ग्रैंडमास्टर एम. प्रणेश ने विश्व चैंपियन डी. गुकेश को लगातार दूसरी बार शिकस्त देकर चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स शतरंज टूनामेंट के छठे दौर में बड़ा उलटफेर किया तो वहीं, ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन ने हमवतन अर्जुन एरिगैसी को पराजित किया। टूनामेंट में अब एक और दौर का मुकाबला बचा है ऐसे में एरिगैसी की हार का सबसे बड़ा फायदा फ्रांस के ग्रैंडमास्टर अलीरेजा फिरोजा को मिला।

फिरोजा छठे दौर में ग्रैंडमास्टर नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ मुकाबला ड्रॉ खेलाने के बाद चार अंकों के साथ अकेले शीर्ष पर पहुंच गए हैं। एरिगैसी और अब्दुसत्तोरोव एक समान 3.5 अंकों के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। मुकाबले के दौरान एक समय ऐसा लगा कि गुकेश अपनी पहली जीत दर्ज कर लेंगे, लेकिन प्रणेश ने उनकी गलती का फायदा उठाकर 39 चालों में मुकाबला अपने नाम कर लिया। एरिगैसी को संयुक्त बढ़त बनाए रखने के लिए सरीन के खिलाफ केवल ड्रॉ की जरूरत थी। यह मुकाबला लंबे समय तक बराबरी का दिखा, लेकिन निहाल ने एक शानदार चाल के बाद बाजी पूरी तरह पलट दी।

## झटपट बॉलीवुड

- रणबीर कपूर अपनी फिल्म 'रामायण' के लिए सैन डिएगो कॉमिक-कॉन में पहुंचे हैं।
- जॉन अब्राहम ने मुंबई के बान्द्रा में करीब84 करोड़ का बंगला खरीदा है।
- काजल अग्रवाल ने कहा कि बॉलीवुड को समय की पाबंदी और प्रोफेशनलिज्म सीखना चाहिए।
- नसीरुद्दीन शाह ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों का समर्थन किया और पुलिस कार्रवाई की आलोचना की।
- शाहरुख खान की अगली फिल्म की शूटिंग पूरे जोरों पर है, और फैंस इसके फर्स्ट लुक का इंतजार कर रहे हैं।
- ओटीटी की बात करें तो, इस हफ्ते कुछ नई हिंदी फि ल्में और वेब सीरीज प्लेटफॉर्म पर आ रही हैं, जिनमें कुछ थ्रिलर और ड्रामा टाइटल्स भी शामिल हैं। कुल मिलाकर, स्टार्स के प्रोजेक्ट्स, ओटीटी रिलीज, और आने वाली बिग बजट फिल्मों की चर्चाएं ज्यादा हैं।

**प्रवेश प्रारंभ**
**आवश्यकता है:-** शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
**योग्यता :-** ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
**आफिस समय** 10 से 01 बजे तक
**आवेदन:** 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**आवश्यकता है**
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर की जो सभी कार्य कर सके आवश्यकता है।
संपर्क 9827820470

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**तुरंत आवश्यकता है**
1 ग्राम ज्वेलरी व आर्टिफिशियल ज्वेलरी की मार्केटिंग के लिए युवक-युवतियों की आवश्यकता है। वेतनमान 15000 से शुरु। ड्यूटी 8 घंटे। कार्य क्षेत्र सिर्फ उज्जैन शहर के लिए।
नोट: इच्छुक व्यक्ति एजेंसी लेने हेतु संपर्क करें।
बाबा डायरेक्ट मार्केटिंग कंपनी मालीपुरा, उज्जैन
मोबाइल- 9981248359

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर करता रहा शोषण

**इंदौर।** हीरानगर थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म और बाद में फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लंबे समय तक शोषण करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। हीरानगर थाना प्रभारी सुशील पटेल के मुताबिक 27 वर्षीय युवती की शिकायत पर हर्ष उर्फ राज चौहान निवासी गौरी नगर के खिलाफ मंगलवार को एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस के अनुसार करीब चार वर्ष पहले दोनों की पहचान हुई थी और मोबाइल पर बातचीत शुरू हुई। इस दौरान आरोपी ने युवती से शादी का वादा किया। आरोप है कि 7 मार्च 2023 को उसने युवती को अपने घर बुलाकर दुष्कर्म किया। इसके बाद वह उसे अपने एक दोस्त के घर, अरविंदो अस्पताल के पास ले गया, जहां भी उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता का आरोप है कि जब उसने शादी की बात की तो आरोपी ने फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे डराया। इसी धमकी के बल पर वह लगातार उसका शोषण करता रहा।

### सहकारी बैंक में 24.12 लाख के गबन के बाद से कैशियर फरार, शाखा प्रबंधक निलंबित

**आलीराजपुर।** आलीराजपुर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में 24 लाख 12 हजार 326 रुपए की वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है। घटना के बाद से बैंक का कैशियर वेलसिंह पलासिया फरार है। मामले में गाज गिरते ही बैंक के महाप्रबंधक आरजु इकबाल खान ने कैशियर और प्रभारी शाखा प्रबंधक जामसिंह भाभर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। गबन का मामला तब उजागर हुआ जब शाखा की ओर से नए फंड की मांग की गई। फंड मैनेजर को पहले से जानकारी थी कि शाखा में पर्याप्त नकदी उपलब्ध है। संदेह होने पर बैंक प्रबंधन द्वारा भेजी गई विशेष जांच टीम की पड़ताल में लाखों रुपए के गबन का खुलासा हुआ। आधिकारिक आदेश के मुताबिक जामसिंह भाभर फरवरी 2025 से आलीराजपुर शाखा के प्रभारी प्रबंधक पद पर तैनात थे। उनकी पदस्थापना के दौरान यह वित्तीय अनियमितता हुई। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय पेटलावद शाखा तय किया गया है।

### झाबुआ में सड़क हादसे में राठौर समाज के अध्यक्ष का निधन

**झाबुआ।** झाबुआ शहर में बुधवार दोपहर हुए एक सड़क हादसे में राठौर समाज झाबुआ के अध्यक्ष रामचंद्र राठौड़ का निधन हो गया। वे जिला अस्पताल के सामने खड़े थे, तभी एक निजी बस ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना के बाद स्थानीय लोग उन्हें तुरंत अस्पताल ले गए, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें दाहोद रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अनियंत्रित बस रामचंद्र राठौड़ को कुछ दूरी तक घसीटते हुए ले गई, जिससे उनके गले और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। इस दर्दनाक हादसे के बाद से विजय स्तंभ चौराहे से लेकर बस स्टैंड क्षेत्र में फैले अतिक्रमण को लेकर भी स्थानीय लोगों में सवाल उठने लगे हैं। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने दुर्घटनाकारित बस को जब्त कर लिया है और चालक की भूमिका तथा हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### राहुल गांधी और छात्रों पर कार्रवाई के विरोध में झाबुआ कांग्रेस का गांधी प्रतिमा पर धरना

**झाबुआ।** झाबुआ जिला कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को गांधी चौक स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन दिल्ली में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, छात्रों और युवाओं के खिलाफ पुलिस व केंद्र सरकार की कार्रवाई के विरोध में आयोजित किया गया। कांग्रेस पदाधिकारियों ने गांधी प्रतिमा के सामने बैठकर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराया। धरने को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश राका ने आरोप लगाया कि देश में तानाशाही का माहौल है और लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब भी राहुल गांधी, युवा या छात्र अपने अधिकारों, रोजगार और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाते हैं, तो सरकार पुलिस बल का प्रयोग कर कार्रवाई करती है। राका ने राहुल गांधी और छात्रों पर हुई कार्रवाई को पूरी तरह असंवैधानिक करार दिया। कांग्रेस नेताओं ने सामूहिक रूप से कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना प्रत्येक नागरिक और विपक्ष का संवैधानिक अधिकार है। पार्टी नेताओं ने दोहराया कि कांग्रेस युवाओं, छात्रों और नेता प्रतिपक्ष के साथ मजबूती से खड़ी है।

### नीट पेपर लीक पर धार में छात्रों का प्रदर्शन, कलेक्टर ज्ञापन लेने नहीं पहुंचे

**धार।** दिल्ली के जंतर-मंतर से शुरू हुआ नीट पेपर लीक के विरोध का आंदोलन अब धार तक पहुंच गया है। बुधवार को सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने शहर के घोड़ा चौपाटी से रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया। कलेक्टर राजीव रंजन मीना के ज्ञापन लेने नहीं पहुंचने पर नाराज छात्र कार्यालय परिसर में धरने पर बैठ गए। छात्रों ने घोड़ा चौपाटी से रैली शुरू की, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंची। प्रदर्शन के दौरान छात्र हाथों में तख्तियां, बैनर और पोस्टर लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। रैली में पेपर लीक बंद करो, छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बंद करो" और हमें न्याय चाहिए जैसे नारे गूंजे। कलेक्टर कार्यालय पहुंचने के बाद छात्रों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपने का प्रयास किया, लेकिन कलेक्टर के मौके पर नहीं पहुंचने से वे नाराज हो गए। इसके बाद प्रदर्शन धरने में बदल गया और छात्र कार्यालय परिसर में बैठ गए। प्रदर्शनकारी छात्रों ने कहा कि यह आंदोलन केवल एक परीक्षा या एक बैच के अभ्यर्थियों का नहीं, बल्कि उन सभी विद्यार्थियों की आवाज है जो मेहनत कर अपने भविष्य का सपना देखते हैं।

### मैनेजमेंट कोटे के 42 विद्यार्थी डेढ़ साल बाद भी पंजीयन से वंचित, हंगामे के बाद पुलिस पहुंची

**धार।** धार में इंदिरा गांधी मेडिकल मेमोरियल कॉलेज में बीएचएमएस प्रथम वर्ष के छात्रों ने परीक्षा से वंचित किए जाने के विरोध में बुधवार को जमकर हंगामा किया। मैनेजमेंट कोटे से प्रवेश लेने वाले 42 छात्रों का डेढ़ साल बाद भी एनरोलमेंट नहीं होने के कारण वे प्रथम वर्ष की परीक्षा में शामिल नहीं हो सके। आक्रोशित छात्रों ने कॉलेज की लेबोरेटरी के बाहर ताला लगा दिया और स्टाफ को अंदर ही रोक दिया। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। कॉलेज में बीएचएमएस प्रथम वर्ष के कुल 60 विद्यार्थी हैं। इनमें 18 छात्रों का प्रवेश काउंसलिंग के माध्यम से हुआ था। उनके एनरोलमेंट नंबर जारी हुए और उन्होंने परीक्षा दी। वहीं, मैनेजमेंट कोटे से प्रवेश लेने वाले 42 छात्रों का एनरोलमेंट नहीं होने के कारण वे परीक्षा नहीं दे सके। इससे उनका पूरा शैक्षणिक सत्र प्रभावित होने की आशंका है। छात्रों का आरोप है कि कॉलेज प्रबंधन ने मैनेजमेंट कोटे से प्रवेश के दौरान उनसे लाखों रुपये फीस वसूल की, लेकिन डेढ़ साल बीतने के बाद भी उनका एनरोलमेंट नहीं कराया।

### पीथमपुर बनेगा लॉजिस्टिक्स हब, 200 करोड़ का निवेश, 450 को मिलेगा रोजगार

**पीथमपुर।** ऑटोमोबाइल और मैन्युफैक्चरिंग के बाद अब यह क्षेत्र 2 हजार करोड़ की चार बड़ी लॉजिस्टिक्स परियोजनाओं के साथ नया आकार ले रहा है। इसी कड़ी में निजी क्षेत्र की कंपनी गेटवे डिस्ट्रिपार्क्स यहां करीब 200 करोड़ का निवेश कर एक आधुनिक लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित करने जा रही है। कंपनी ने इसके लिए लगभग 30 एकड़ निजी जमीन चिन्हित की है, जिसके अधिग्रहण और वैधानिक प्रक्रिया की जिम्मेदारी एमपीआईडीसी को सौंपी जाएगी। इस प्रोजेक्ट से करीब 450 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। यह क्षेत्र का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है, जो 255 एकड़ में विकसित हो रहा है। 1110 करोड़ की इस योजना पर अब तक 160 करोड़ खर्च हो चुके हैं। यहां 4 लाख वर्गफीट का वेयरहाउसिंग स्पेस और 150 कमरों का होटल निर्माण अंतिम चरण में है। अगले महीने से वेयरहाउसिंग संचालन शुरू होने की उम्मीद है। सड़क-रेल नेटवर्क से जुड़े इस पार्क से करीब 10 हजार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा होंगे। 600 करोड़ के निवेश से 22.3 हेक्टेयर में बन रहे इस पार्क में आधुनिक वेयरहाउस, कोल्ड चेन, ट्रक टर्मिनल और स्मार्ट इन्वेंट्री सिस्टम जैसी सुविधाएं होंगी। इससे लगभग 4 हजार लोगों को रोजगार मिलने का अनुमान है। करीब 20 एकड़ में 127 करोड़ के निवेश से बन रहा यह पार्क स्थानीय उद्योगों को आधुनिक वेयरहाउसिंग सुविधा देगा।

---

राज्य सरकार का ऐतिहासिक फैसला, इंदौर-भोपाल-उज्जैन मेट्रोपॉलिटन रीजन तैयार, 500 पदों पर भी होंगी नई भर्तियां

# प्रदेश के 12 जिलों के 5,300 गांवों की बदलेगी तस्वीर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश के शहरी विकास और बुनियादी ढांचे को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए डॉ. मोहन यादव सरकार ने एक एतिहासिक कदम उठाया है। राज्य सरकार ने 'मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट एक्ट' को लागू करते हुए 'मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी' के गठन को मंजूरी दे दी है। इस महाप्लान के दायरे में भोपाल, इंदौर और उज्जैन सहित प्रदेश के 12 प्रमुख जिले आएंगे, जिसके तहत 5,303 से अधिक गांवों में विकास की नई बयार बहेगी।



**मुख्यमंत्री के हाथों में होगी कमान-** इस नवगठित शक्तिशाली प्रशासनिक संस्था की शीर्ष कमान स्वयं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पास होगी, जो इसके अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। वहीं, प्रशासनिक स्तर पर इसके संचालन और क्रियान्वयन का जिम्मा एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी को सचिव के रूप में सौंपा जाएगा।

इस विशाल योजना को धरातल पर उतारने और पारदर्शी तरीके से लागू करने के लिए तकनीकी, वित्तीय और प्रशासनिक विभागों में करीब 500 नए पदों का सृजन किया जा रहा है। सरकार जल्द ही इन पदों पर भर्ती प्रक्रिया की औपचारिक शुरूआत कर सकती है।

#### 12 जिलों को 2 बड़े रीजन में बांटा गया, सर्वे पूरा

प्रस्तावित योजना को व्यवस्थित रूप से लागू करने के लिए राज्य सरकार ने भोपाल-सीहोर और इंदौर-उज्जैन मेट्रोपॉलिटन क्षेत्रों का सर्वे कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इसके तहत प्रदेश के 12 प्रभावित जिलों को दो मुख्य भौगोलिक रीजन में विभाजित किया गया है।

- **भोपाल मेट्रोपॉलिटन रीजनः** इसमें प्रदेश की राजधानी भोपाल के अलावा सीहोर, रायसेन, विदिशा, राजगढ़ और नर्मदापुरम जिले के कुल 2,523 गांवों को शामिल किया गया है।
- **इंदौर-उज्जैन मेट्रोपॉलिटन रीजनः** इस रीजन के अंतर्गत इंदौर और उज्जैन के साथ-साथ धार, देवास, रतलाम और शाजापुर जिलों के 2,781 गांवों का एकीकृत विकास किया जाएगा।

#### जानिए किस तरह काम करेगी यह नई अथॉरिटी?

'मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी' संबंधित जिलों के स्थानीय निकायों जैसे नगर निगमों और नगर पालिकाओं के साथ मिलकर काम करेगी। इसका मुख्य उद्देश्य रीजनल कनेक्टिविटी, अत्याधुनिक सड़कें, निर्बाध जल आपूर्ति, बेहतर सार्वजनिक परिवहन प्रणाली (पब्लिक ट्रांसपोर्ट), आधुनिक सीवरेज नेटवर्क, औद्योगिक गलियारे (इंडस्ट्रियल कॉरिडोर्स) और किफायती हाउसिंग प्रोजेक्ट्स की मास्टर प्लानिंग करना और उन्हें समयबद्ध तरीके से पूरा करना होगा।

---

26 जुलाई को होगा ई-रूफ एनुअल 2026, छटे संस्करण की अधिकारिक घोषणा

## इंदौर बनेगा टेक और स्टार्टअप इनोवेशन का केंद्र

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भारत के प्रमुख एंटरप्रेन्योरियल इकोसिस्टम प्लेटफॉर्म ई-रूफ ने अपने फ्लैगशिप इवेंट ई-रूफ एनुअल 2026 के छठे संस्करण की आधिकारिक घोषणा कर दी है। यह कार्यक्रम 26 जुलाई 2026 को आयोजित होगा। पिछले छह वर्षों से कम्युनिटी आधारित ग्रोथ को बढ़ावा देने और 100 से अधिक हाई-इम्पैक्ट वर्कशॉप आयोजित करने के बाद, इस बार का आयोजन भविष्य की टेक्नोलॉजी और कंटेंट क्रिएशन पर खास फोकस करेगा। इसमें खास तौर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स इंडस्ट्री को केंद्र में रखा गया है। इस बड़े आयोजन में 350 से अधिक फाउंडर्स, टेक एक्सपर्ट्स, वेंचर कैपिटलिस्ट्स और क्रिएटिव प्रोफेशनल्स एक मंच पर आएंगे, ताकि अलग-अलग क्षेत्रों के बीच सहयोग बढ़े, नए आइडिया साझा हों और अगली पीढ़ी के स्टार्टअप्स को आगे बढ़ने का अवसर मिले।



**ई-रूफ इनोवेशन के लिए एक मजबूत माहौल तैयार कर रहा-** ई-रूफ के फाउंडर हिमांशु चतुर्वेदी ने कहा, छठे वर्ष में प्रवेश करते हुए ई-रूफ एनुअल 2026, मध्य भारत की एंटरप्रेन्योरशिप क्षमता का मजबूत उदाहरण बनकर सामने आया है। आज एआई और एवीजीसी सेक्टर दुनिया के बिजनेस माहौल को तेजी से बदल रहे हैं। भारत के बेहतरीन टेक इनोवेटर्स, क्रिएटिव लीडर्स और दूरदर्शी नीति-निर्माताओं को एक मंच पर लाकर ई-रूफ इनोवेशन के लिए एक मजबूत माहौल तैयार कर रहा है।

इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं, बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. निशांत खरे विशिष्ट अतिथि रहेंगे। उभरती हुई टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में इनोवेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में टेक्नोलॉजी, एंटरप्रेन्योरशिप, क्रिएटिविटी और बिजनेस लीडरशिप से जुड़े कई प्रमुख विशेषज्ञ अपने विचार साझा करेंगे। इनमें एचडीएफसी म्यूचुअल फंड के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर हरीश नारायण, कैपजेमिनी के चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर और एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट मुकेश जैन, सिस्टैंगो की सीईओ और को-फाउंडर विनिता राठी, अपॉइंटी के फाउंडर और सीईओ निमेश सिंह, तथा ग्रीन गोल्ड एनिमेशन के फाउंडर और डायरेक्टर और लोकप्रिय किरदार छोटा भीम के निर्माता राजीव चिलाका शामिल हैं।

क्रिएटिविटी और इनोवेशन से जुड़े सत्रों को इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजीज के फाउंडिंग डायरेक्टर और रिलायंस बिग एनिमेशन के सीईओ आशीष कुलकर्णी, वैभव स्टूडियो के फाउंडर और क्रिएटिव डायरेक्टर तथा इंटरनेशनल एमी के लिए नॉमिनेटेड एनिमेशन फिल्ममेकर वैभव कुमारेश, और द एनिमेशन सोसायटी ऑफ इंडिया के फाउंडिंग ट्रस्टी और वैभव स्टूडियो के चीफ क्रिएटिव प्रोड्यूसर रंजीत सिंह और भी समृद्ध बनाएंगे। ये सभी विशेषज्ञ एंटरप्रेन्योरशिप, टेक्नोलॉजी, ब्रांडिंग, एनिमेशन, अक और भविष्य के इनोवेशन जैसे विषयों पर अपने अनुभव साझा करेंगे और नई पीढ़ी के फाउंडर्स और क्रिएटर्स को प्रेरित करेंगे।

---

पानीपुरी के पैसे को लेकर दोस्तों में विवाद

## दो युवकों पर चाकू से हमला, एक की हालत गंभीर, आरोपी को हिरासत में लिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

हीरानगर थाना क्षेत्र में पानीपुरी खाने के बाद पैसे देने की बात पर हुए विवाद में दो दोस्तों ने अपने ही दो साथियों पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दूसरे को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

हीरानगर थाना प्रभारी सुशील पटेल के मुताबिक मंगलवार रात सुखलिया क्षेत्र से चाकूबाजी की सूचना मिली थी। घटना में वीरेंद्र पुत्र दरबार सिंह निवासी सुखलिया और अर्जुन पुत्र संतोष निवासी राय बंगला घायल हुए थे।

पुलिस जांच में सामने आया कि चारों युवक आपस में दोस्त हैं। घायल अर्जुन ने पुलिस को बताया कि वह, वीरेंद्र, सोकेस उर्फ शोकेस पुत्र अशोक निकुम निवासी साईं पैलेस कॉलोनी और सौरभ पुत्र राजेश कुमार खटीक साथ में पानीपुरी खाने गए थे। इसी दौरान पानीपुरी के पैसे चुकाने को लेकर सोकेस और वीरेंद्र के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर सोकेस ने चाकू निकालकर वीरेंद्र के पेट में वार कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे अर्जुन को भी चाकू लग गया।

हमले में वीरेंद्र गंभीर रूप से घायल हुआ है। पेट में चाकू लगने के कारण उसे अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। वहीं अर्जुन का उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। घटना के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए थे, लेकिन पुलिस ने रात में ही दबिश देकर दोनों को हिरासत में ले लिया। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

---

## फर्जी बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शेयर ट्रेडिंग और ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट के नाम पर करोड़ों रुपए की साइबर ठगी करने वाले संगठित गिरोह पर क्राइम ब्रांच इंदौर ने शिकंजा कसा है। मामले में पहले पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर क्राइम ब्रांच ने गिरोह के 3 और सक्रिय सदस्यों को दबोच लिया। यह गिरोह फर्जी बैंक खाते खुलवाकर साइबर ठगों को मुहैया कराता था।

मामले पूर्व में गिरफ्तार आरोपी जय सूर्यवंशी एवं जतिन हरियाले से पूछताछ और प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए गिरोह के 3 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया। आकाश (24) पिता राधेश्याम विश्वकर्मा, निवासी प्रीमियम पार्क इंदौर। प्रवीण (24) पिता छोटेलाल पाल, निवासी शिवकंठ नगर इंदौर। आशीष (28) पिता अशोक पुरी, निवासी स्कीम नंबर-51 इंदौर। इंदौर क्राइम ब्रांच की गिरफ्त में तीन आरोपी। इंदौर क्राइम ब्रांच की गिरफ्त में तीन आरोपी। डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आरोपियों के पास से 15 मोबाइल फोन, कई सिम कार्ड और स्कॉर्पियो गाड़ी भी जब्त की है। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे साइबर फ्रॉड करने वाले संगठित गिरोह के संपर्क में थे। उनका काम विभिन्न व्यक्तियों के नाम से बैंक खाते खुलवाना अथवा बैंक खाते उपलब्ध कराना तथा उनसे संबंधित बैंकिंग किट (एटीएम कार्ड, चेकबुक, पासबुक, सिम कार्ड आदि) गिरोह के सदस्यों तक पहुंचाना था।

---

## मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के घर के सामने दंपती का प्रदर्शन

### छात्रों को कीड़े और आंदोलन को प्रायोजित क्यों कहा, पुलिस जबरन उठा ले गई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के घर के सामने बुधवार को दंपती ने प्रदर्शन किया। वे संविधान की कॉपी लेकर गेट के सामने खड़े हो गए। उनका कहना था कि विजयवर्गीय के हाल ही में दिए बयानों से वे आहत हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। प्रदर्शन की अनुमति के बारे में पूछा तो पति-पत्नी बहस करने लगे। अधिकारियों ने दंपती को समझाइश दी लेकिन उन्होंने मंत्री के बंगले से हटने से इनकार कर दिया। इस पर पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया।




#### छात्रों को कीड़े और आंदोलन को प्रायोजित कहने से नाराज

प्रहलाद पाण्डेय ने बताया- मंत्री विजयवर्गीय ने कहा है कि नीट घोटाला प्रदेश का विषय नहीं है। उन्होंने छात्र आंदोलन को प्रायोजित बताया और छात्रों के संदर्भ में कीड़े जैसे अपमानजनक शब्द का प्रयोग किया। इससे युवाओं और अभिभावकों में गहरा आक्रोश है। इसी के कारण वे उनके घर के सामने प्रदर्शन करने आए हैं।

दंपती की पहचान प्रहलाद पाण्डेय और संगीता पाण्डेय के रूप में हुई है। फिलहाल, पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

प्रहलाद पाण्डेय मीडिया से बातचीत कर रहे थे, इसी बीच परदेशीपुरा थाना प्रभारी आरडी कानवा मौके पर पहुंचे। वे पाण्डेय को मीडिया से बात करने से रोकते हुए समझाने लगे। कानवा ने कहा- मंत्री कैलाश विजयवर्गीय इंदौर में नहीं, बल्कि भोपाल में हैं। बिना अनुमति उनके घर के बाहर प्रदर्शन नहीं किया जा सकता।

काफी समझाइश के बाद भी जब दंपती नहीं माने तो पुलिसकर्मियों ने प्रहलाद पाण्डेय को जबरन उठाकर गाड़ी में बैठा लिया। फिर, उनकी पत्नी संगीता पाण्डेय को भी साथ लेकर थाने ले गए। टीआई आरडी कानवा ने बताया कि दंपती बिना अनुमति के प्रदर्शन करने पहुंचे थे। माहौल बिगड़ने की आशंका को देखते हुए उन्हें पूछताछ के लिए अभिरक्षा में लिया है। आगे की कार्रवाई जांच के आधार पर की जाएगी। इससे पहले पाण्डेय दंपती सोमवार को सांसद शंकर लालवानी के घर पर भी प्रदर्शन और नारेबाजी कर चुके हैं।

---

## पूर्व लोकसभा अध्यक्ष ने लिखा- इंदौर को अनाथ समझ लिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

पूर्व लोकसभा अध्यक्ष और इंदौर की पूर्व सांसद सुमित्रा महाजन (ताई) का एक पत्र सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद शहर की राजनीति गरमा गई है। पश्चिम रेलवे की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए लिखे गए इस पत्र में ताई ने रेलवे पर इंदौर की उपेक्षा का आरोप लगाया है। वहीं, कांग्रेस ने इस पत्र को मुद्दा बनाते हुए भाजपा सांसद और सरकार पर निशाना साधा है। 20 जुलाई को लिखे इस पत्र में सुमित्रा महाजन ने रेलवे अधिकारी रामश्रय पांडे को संबोधित करते हुए लिखा कि उन्हें अत्यंत खेद के साथ यह पत्र लिखना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि पश्चिम रेलवे ने इंदौर को अनाथ समझ लिया है। नई यात्री ट्रेनें शुरू करने के बजाय अन्य रेलवे जोनों के प्रस्ताव भी ठंडे बस्ते में डाल दिए गए हैं। ताई ने पत्र में लिखा कि जयपुर-इंदौर और रीवा-इंदौर रेल सेवाओं के प्रस्ताव लंबित हैं। प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटित मेमू सेवा का रैक इंदौर से हटा दिया गया, जबकि उसकी जगह पुराने डेमू रैक चलाए जा रहे हैं, जो अक्सर खराब हो जाते हैं। उन्होंने यह भी लिखा कि पुणे-इंदौर ट्रेन लंबे समय से बंद है, लेकिन उसे वैकल्पिक मार्ग से शुरू नहीं किया गया। वहीं अजमेर और ग्वालियर की ट्रेनों को वैकल्पिक मार्ग से संचालित किया जा रहा है।

---

## थाने से लौटकर युवक ने किया सुसाइड

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

पत्नी द्वारा प्रताड़ना की शिकायत पुलिस से किए जाने के बाद पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों की शादी को अभी तीन महीने ही हुए थे। घटना इंदौर के एरोड्रम थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार पटेल नगर निवासी अभिषेक चौहान (27) पुत्र मनोहर चौहान ने मंगलवार रात अपने घर में फांसी लगा ली। परिजनों ने बताया कि रात में बड़ा भाई खाना देने कमरे में गया, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। शक होने पर खिड़की से अंदर देखा तो अभिषेक फंदे पर लटका मिला। परिजन तत्काल उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

परिजनों के मुताबिक अभिषेक की पत्नी साधना नामदेव ने एरोड्रम थाने में प्रताड़ना की शिकायत दर्ज कराई थी। मंगलवार को पुलिस ने अभिषेक को पूछताछ के लिए थाने बुलाया था। परिजनों का आरोप है कि वहां उसे डांट-फटकार लगाई गई। थाने से लौटने के बाद वह चुपचाप अपने कमरे में चला गया और किसी से ज्यादा बातचीत नहीं की।

परिवार के अनुसार अभिषेक एयरपोर्ट पर टैक्सी चलाता था। वहीं टैक्सी काउंटर पर काम करने वाली साधना से उसकी पहचान हुई थी। दोनों ने मई 2026 में शादी की थी।

परिजनों का कहना है कि शादी के बाद साधना, अभिषेक पर परिवार से अलग होकर बाणगंगा क्षेत्र में उसके मायके के पास किराए के मकान में रहने का दबाव बना रही थी, जबकि अभिषेक संयुक्त परिवार छोड़ने के पक्ष में नहीं था।










मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com